
कलणा. स्त्री० (कलना) (१) कृति; करण. Doing; Making. कप्पू० (२) धारण करना; लगाना. Putting on; Wearing. कप्पू०

कलय. पुं० (कलाद) सोनार; सुवर्णकार. A goldsmith. षड्०

कयलिचार. त्रि० (कलकलायितृ) कलकल करने वाला. Making noise. वज्जा०६६;

कलरुद्दाणी. स्त्री० (कलरुद्राणी) इस नाम का एक छन्द. Name of a metre. पिंग०

कलल. न० (कलल) (१) वीर्य और शोणित का समुदाय. Mixture of semen and blood. पउम० ३६, ५६; ११८, ८; (२) कादा; कीचड़; कर्दम. Mud or mire. गउड०

कललिय. त्रि०(कललित) कर्दमित; कीच वाला किया हुआ. Made foul with mud. गउड०

कलविंक. पुं० (कलविङ्क) पक्षि-विशेष; चटक; गौरिया पक्षी. A sparrow. पाअ० गउड०

कलस. पुं० (कलश) (१) स्कन्धक छन्द का एक भेद; छन्द विशेष. A variety of metre. पिंग० (२) पुं०न० एक देव-विमान. A particular celestial car. देवेन्द्र० १४०;(३) वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. राय० ५७ टी;

कलसिया. स्त्री० (कलशिका) वाद्य विशेष. A particular musical instrument. आया० चू० १

कलहण. न० (कलहन) झगड़ा करना. Quarreling. उव०

कलहाइअ. त्रि० (कलहायित) कलह वाला; झगड़ाखोर. A Fond of (prompting) quarrels. पाअ०

कलहि. त्रि० (कलहिन्) झगड़ाखोर. Fond of quarrels. दे० ५, ५४;

कलहोय. न०(कलधौत) सुवर्ण; सोना. Gold. सण०

कला. स्त्री० (कला) समय का सूक्ष्म भाग. A minute division of time. विशे० २०२८;

कलाइआ. स्त्री० (कलाचिका) प्रकोष्ठ; कोनी से लेकर मणिबन्ध तक का हस्तावयव. The fore-arm; The part above the wrist. पाअ०

कलागुरु. पुं० (कलागुरु) कलाचार्य; विद्याध्यापक; शिक्षक. A teacher of arts. सु० च० २५;

कलाव. पुं० (कलाप) शरधि; तूण; जिसमें बाण रक्खे जाते हैं. A quivar. दे०२,१५;

कलावय. न० (कलापक) चार पद्यों की एक वाक्यता. A series of four stanzas on the same subject and forming one grammatical sentence. सम्मत्त०१८७;

कलि. पुं० (कलि) (१) एक नरकावास. A particular hell-abode. देवेन्द्र० २६ ; (२) युग-विशेष; कलियुग. The iron age. उप० ८३३; (३) पर्वत विशेष. Name of a mountain. ती० ५४; (४) प्रथमभेद. The first division. निसी० चू० १५; (५) दुष्ट पुरुष. A vile or wicked man. पाअ० —जुग. न० (युग) कलियुग. The iron age. ती० १५;

कलिअ. त्रि० (कलित) (१) प्राप्त; गृहीत. Taken; Seized. (२) ज्ञात; विदित. Known. पाअ०

कलिआ. स्त्री० (कलिका) अविकसित पुष्प. An unblown flower;A bud. पाअ० गा० ४४२;

कलिंग. पुं० (कलिङ्ग) आदिनाथ भगवान् का एक पुत्र. Name of a son of Lord Adinatha. ती० १४,

कलिंज. पुं०(कलिञ्ज) कट; चटाई. A mat. निसी० चू० १७;

कलिल. त्रि० (कलिल) गहन; घना; दुर्भेद्य. Impervious; Impenetrable. पाअ०

कलुसिअ. त्रि० (कलुषित) पाप-ग्रस्त; मलिन. Sinful; bad से० १०, ५; गउड०

कलुसीकय. त्रि० (कलुषीकृत) मलिन किया हुआ. Made turbid or muddy. उव०

कल्ल. न०(कल्य) (१) शब्द; आवाज. A sound. (२) संख्या; गिनती. A number. विशे० ३४४२; (३) दक्ष; चतुर. Skilful; Dexterous. दे० ८, ६५;

कल्लवत्त. पुं० (कल्यवर्त्त) कलेवा; प्रातर्भोजन. Morning meal; Breakfast. स्वप्न० ६०; नाट०

कल्लवाल. पुं० (कल्यपाल) कलवार; शराब बेचने वाला. A distiller. मोह० ६२;

कल्लाण. पुं० न० (कल्याण) (१) विवाह; लग्न. Marriage. वसु० (२) देश विशेष. Name of a country. (३) नगरविशेष. Name of a city. ती० (४) निर्वाण; मोक्ष. Final emancipation; Beautitude. विशे० ३४४०; (५) समृद्धि; वैभव. Prosperity. कप्प० (६) तप विशेष. A kind of austerity. प्रव० (७) सुवर्ण. Gold. सिरि० ३७३;

कल्लाणी. स्त्री० (कल्याणी) (१) कल्याण करने वाली स्त्री. A female doing good; A

beneficial woman. गउड० (२) दो वर्ष की बछिया. A heifter of two years. उत्तर० १०३;

कल्लिं. अ० (कल्ये) कल दिन; कल को. To-morrow. गा० ५०२;

कल्लोलिणी. स्त्री० (कल्लोलिनी) नदी. A river. कप्पू०

कवइय, त्रि० (कवचित) बख्तर वाला; वर्मित. Armoured; Mailed. पउम० ७०, ७१;

कवग्ग. पुं० (कवर्ग) 'क' से 'ङ' तक के पांच अक्षर. Five letters form क to ङ. धर्मवि० १४;

कवट्टिअ. त्रि० (कदर्थित) पीड़ित; हैरान किया हुआ. Tormented; Harassed. हे० १, १२४;

कवड्ड. पुं० (कपर्द) बड़ी कौड़ी; वराटिका. A small shell or cowrie. जी० १५;

कवड्डि. पुं०(कपर्दिन्) (१) यक्ष विशेष. Name of a demi-god. सुपा० ५१२; (२) महादेव; शिव. An epithet of Siva. कुमा०

कवण. त्रि०(किम्) कौन. Who? What ? Which ? पउम० ७२, ८; कुमा०

कवलण. न०(कवलन) ग्रसन; भक्षण. Swallowing; Eating. सु० च० ४७४;

कवलिअ. त्रि० (कवलित) ग्रसित; भक्षित. Eaten; Swallowed. सु० च० १२१; ३१६;

कवि. पुं० (कवि) शुक्र; ग्रह विशेष. The planet Vinus. सु० च० ५६२;

कविअ. न० (कविक) लगाम. The bit of a bridle. सु० च० २१३;

कवित्त. न० (कवित्व) कविता; कवित. Poetry. सुर० १, ४२;

कविलिअ. त्रि० (कपिलित) कपिल रंग वाला किया हुआ; भूर रंग से रंगित. Coloured with a tawny Colour. गउड०

कविस. पुं० (कपिश) वर्ण विशेष; काला-पीला रंग; बदामी; कृष्ण-पीत-मिश्रित वर्ण. The brown colour. (२) कपिश वर्ण वाला. Brown; Reddish colour. पाअ० गउड०

कवोय. पुं० (कपोत) (१) म्लेच्छ देश विशेष. Name of a Mlechehha country. पउम० २७, ७;

कवोसण. त्रि० (कदुष्ण) थोड़ा गरम. Tepid; Lukewarm प्राकृ० १;

कव्व. पुं० (काव्य) (१) ग्रह-विशेष; शुक्र. The planet. Venus. (२) त्रि० वर्णनीय; श्लाघनीय. worthy to be Praised. हे० २, ७९;

कव्वइत्त. त्रि० (काव्यवत्) काव्य वाला. Poetic. हे० २, १५९;

कव्वाय. पुं० (क्रव्याद्) (१) राक्षस; पिशाच. A demon; A goblin. स० २१३; पउम० ७, १०; (२) त्रि० कच्चा मांस खाने वाला. Eating raw flesh. पउम० २२, ३५; (३) मांस खाने वाला. Flesh-eater. पाअ०

कस. न० (कष) कर्म; कर्मपुद्गल. A karmic atom. "कम्मं कसं भवो वा कसं" विशे० १२२८;

कसण. पुं० (कृष्ण) (१) वर्ण विशेष. Black colour. (२) त्रि० कृष्ण रंग वाला. काला; श्याम. Black. हे० २, ७५; ११०; कुमा० —पक्ख. पुं० (पक्ष) कृष्ण पक्ष; बदि पखवारा. The dark half of a luner month. पाअ० सार. पुं० (सार) (१) वृक्ष विशेष. A kind of tree. (२) हरिण की एक जाति. The spotted antelope. नाट मृच्छ० ३;

कसण. त्रि० (कृत्स्न) सकल; सब; सर्व. All Whole. हे० २, ७५;

कसणिअ. त्रि०(कृष्णित) काला किया हुआ. Blackened. पाअ०

कसाय. पुं० (कषाय) (१) काथ; काढ़ा. A decoction. (२) कषैला स्वाद वाला. As ringent. (३) कषाय रंग वाला. Brown-coloured. (४) सुगन्धी; खुशबूदार. Odorous. Perfumed. हे० २, १६०;

कसि. त्रि० (कषिन्) मारने वाला; विनाशक. Destructive; Ruinous. सुख० १, १;

कसिआ. स्त्री० (कशिका) प्रतोद; चाबुक. A whip. सुर० १३, १७०;

कसुमीरा. स्त्री० (कश्मीर) एक उत्तर भारतीय देश. Kashmir district. प्राकृ० २८, ३३;

कस्सव. पुं० (काश्यप) वंश विशेष. A family by that name. (२) ऋषि विशेष. Name of Rishi. अभि० २६;

कह. पुं० (कफ) शरीरस्थ धातु विशेष. Phlegm, one of the three humours of the body. कुमा०

कहआ. अ० (कथंवा) वितर्क और आश्चर्य अर्थ को बतलाने वाला अव्यय. A particle denoting 'how indeed or how possibly.' से० ७, ३४;

कहाणग-य. न० (कथानक) (१) प्रसंग; प्रस्ताव. An occasion. स० १३३; ४८८; (२) प्रयोजन; कार्य. An object or aim. स० ४८४;

कहावण पुं० (कार्षापण) सिक्का विशेष. A kind of coin. हे० २, ७१; ९३ कुमा०

कहाविअ. त्रि० (कथित) कहलाया हुआ. सु० च० ६५; ४५७;

कहिया. स्त्री० (कथिका) कथा; कहानी. A story. उप० १०३१ टी;

काइआ. स्त्री० (कायिकी) मूत्र; पेशाब. Urine. ओघ० नि० २१६; (२) शौच क्रिया. Voiding of excrement. स० ६४६;

काइंदी. स्त्री० (काकन्दी) इस नाम की एक नगरी; बिहार की एक नगरी. Name of a city. संथा० ७६;

काउमण. त्रि० (कर्त्तुमनस्) करने की चाह वाला. Desirous of doing. उव० उप० पृ० ७०; सं० ६०;

काकंदग. पुं० (काकन्दक) एक जैन महर्षि. Name of a Jain saint. कप्प०

काकंदिय. पुं० (काकन्दिक) एक जैन महर्षि. Name of a Jain saint. कप्प०

काकंदिया. स्त्री० (काकन्दिका) जैन मुनिओं की एक शाखा. A branch of Jain saints. कप्प०

कागतालसंजीवगनाय. पुं० (काकत्तालसंजीवकन्याय) काकतालीय न्याय. The maxim of the crow and the palm-fruit. It takes its origin from the unexpected and sudden fall of a palm-fruit upon the head of a crow (so as to kill it) at the very moment of its sitting on a branch of that tree; and as used to denote a very unexpected and accidental occurrence whether, welcome or unwelcome. उप० १४२ टी;

कागतालिज्ज. न० (काकतालीय) कौए का अतर्कित आगमन और ताल फल का अकस्मात् गिरना होता है ऐसा अवितर्कित संभव; अकस्मात् कार्य का होना. (Any thing) taking place quite unexpectedly and accidently. आया० टी०

कागथल. पुं० (काकस्थल) देश विशेष. Name of a country. दे० २, २७;

कागली. स्त्री० (काकली) सूक्ष्म गीत ध्वनि; A Low and sweet tone. (२) स्वर

विशेष. A particular voice. सु० च० ५६;

कागोणंद. पुं० (काकोनन्द) इस नाम की एक म्लेच्छ जाति. A particular class of Mlechchhas. पउम० ३४, ४१;

काठिराण. न० (काठिन्य) कठिनता. Hardness; Tightness. धर्मसं० ४१; ५४;

काढ. पुं० (क्वाथ) काढ़ा. A decoction, solution prepared with a continued or gentle heat. कुलक० ११;

काणिट्टा. स्त्री० (काणेष्टा) लोहे की ईट. An iron brick. वव० ४;

काणीण. पुं० (कानीन) कुंवारी कन्या से उत्पन्न पुत्र. The son of an unmarried woman. भवि०

काम. पुं० (काम) (१) रोग; बिमारी. A disease. दसनि० २; १५;—**काम.** पुं० (काम) छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग०

कामंध. पुं० (कामान्ध) विषयातुर; तीव्र-कामी. Passionate; Love sick. प्रासू० १७६;

कामग्घ. न० (कामघ्न) आयंबिल तप. One kind of religious austerity called Ayambil. संबोध० ५८;

कामघड. पुं० (कामघट) ईप्सित चीज को देने वाला दिव्य कलश. A divine jar accomplisher of desired objects. श्रा० १४;

कामडहण. पुं० (कामदहन) महादेव; शिव. Mahadev; Shanker; Shiv. वज्जा० ६८;

कामदाइणी. स्त्री० (कामदायिनी) ईप्सित फल को देने वाली विद्या विशेष. A kind of magical skill granting every desired object. पउम० ७, १३५;

कामण. न० (कामन) चाह; अभिलाष. Wish; Desire. महा०

कामिअ. त्रि० (कामिक) (१) काम-संबन्धी; विषय संबन्धी. Pertaining to passions. भक्त० १११; (२) न० तीर्थ विशेष. Pilgrimage by that name. ती० २८; —**कामिअ.** (३) सरोवर-विशेष. A particular lake. राज० (४) त्रि० इच्छा पूर्ण करने वाला. Fulfiller of desires. स० ३६०

कामिणी. स्त्री० (कामिनी) कान्ता; स्त्री. A lovely or beautiful woman. सु० च० ५;

कायंबर. न० (कादम्बर) मद्य-विशेष; गुड़ का दारू. A spirituous liquor distilled from the molasses. पउम० १०२, १२२;

कायंबरी. स्त्री० (कादम्बरी) मदिरा; दारू. A spirituous liquor or wine. पाश्र० पउम० ११३, १०; (२) अटवी-विशेष. A kind of hut or cottage. स० ५५१; (३) एक गुहा का नाम. Name of a cave. कुप्र० ६३;

कायणिरोह. पुं० (कायनिरोध) शरीर व्यापार का परित्याग. Abandonment or utterly given up of corporeal acts. श्राव० ४;

कायत्थ. पुं० (कायस्थ) जाति विशेष; कायथ जाति; कायस्थ नाम से प्रसिद्ध जाति. Name of a particular caste. मुद्रा० ७६; मृच्छ० ११७;

कायवंझ. पुं० (कायवन्ध्य) (१) ग्रह-विशेष. A particular planet. (२) ग्रहाधिष्ठायक देव विशेष. A presiding god of this planet. राज०

काया. स्त्री० (काया) शरीर; देह. The body. प्रासू० ११२;

कायाग. पुं० (कायाक) नट-विशेष; बहुरूपिया. A masker. बृह० ४;

कारग. त्रि० (कारक) (१) कराने वाला. Causing to do. विशे० (२) न० कर्ता, कर्म वगैरह व्याकरण प्रसिद्ध कारक. (In

gram.) The relation subsisting between a noun and a verb in a sentence. विशे० ३३८४; (३) उदाहरण; दृष्टान्त. An example. ओघ० नि० १६;

कारण. न० (कारण) अपवाद. An exception. कप्प०

कारणिअ. पुं० (कारणिक) न्याय कर्ता; न्यायाधीश. A judge or magistrate. सु० च० ११८;

कारणिज्ज. त्रि० (कारणीय) प्रयोजनीय. Having an object or a cause. स० ३२६;

कारवस. पुं० (कारवश) देश-विशेष. Name of a country. भवि०

कारविय. त्रि० (कारित) कराया हुआ. Caused to do. सुर० १, २२६;

कारह. त्रि० (कारभ) करभ-संबन्धी. Pertaining to a young camel. गउड०

कारागार. पुं० न० (कारागार) कैदखाना; जेल. A jail or prison. सु० च० १२२;

कारावय. त्रि० (कारक) कराने वाला; विधायक. Causing to do. स० ५५७;

काल. पुं० (काल) (१) विलम्ब; देरी. Delay. स्वप्न० ६१; (२) उमर; वय. Age. स्वप्न० ४२; (३) ऋतु. A season. स्वप्न० ४२; (४) ज्योतिष शास्त्र-प्रसिद्ध एक कुयोग. (In astro.) A particular inauspicious conjunction (of planets). गण० १६; (५) अभाव. Privation; Nonexistence; Nullity. बृह० ४ ;

कालंजर. पुं० (कालञ्जर) (१) देश-विशेष. Name of a country. पिंग० (२) पर्वत विशेष. Name of a mountain. आवम०

कालक्खर. पुं० न० (कालाक्षर) (१) अल्प ज्ञान; अल्प शिक्षा. A little knowledge. (२) अल्प-शिक्षित. A little educated. गा० ८७८;

कालक्खरिअ. त्रि० (कालाक्षरिक) अक्षर ज्ञान वाला; शिक्षित. Educated. कप्पू०

कालग-य. पुं० (कालक) भ्रमर; भमरा. A male wasp. राज०

कालपिट्ठ. पुं० न० (कालपृष्ठ) (१) कर्ण का धनुष. Name of the bow of Karna. (२) काला हरिण. A species of antelope. (३) क्रौञ्च पक्षी. A curlew or heron. पि० ५३;

कालरत्ति. स्त्री० (कालरात्रि) प्रलय-रात्रि; प्रलय काल. The night of destruction at the end of the world. गउड०

कालसंदीव. पुं० (कालसंदीप) त्रिपुरासुर. Name of a demon called Tripura. आक०

कालसार. पुं० (कालसार) मृग की एक जाति; काला मृग. The black antelope. गा० २५ ;

कालसोअरिय. पुं० (कालसौकरिक) स्व-नाम ख्यात एक कसाई. Name of a butcher. आक०

काला. स्त्री० (१) श्याम वर्ण वाली. A black female. (२) तिरस्कार करने वाली. A woman who despises. कुमा०

कालाइक्कमय. न० (कालातिक्रमक) तप विशेष; दिन के पूर्वार्ध तक आहार-त्याग. A kind of a religious austerity. संबोध० ५८;

कालि. पुं० (कालिन्) बिहार का एक पर्वत. A mountain of Behar. ती० १३;

कालिंग. पुं० (कालिङ्ग) (१) देश विशेष. Name of a country. आ० १२; (२) त्रि० कलिङ्ग देश में उत्पन्न. Born in the Kalinga country. पउम० ६६, ५५;

कालिंजर. न० (कालिञ्जर) (१) जंगल विशेष. Name of a forest. पउम० ५८, ६;

तीर्थ स्थान-विशेष. A particular holy-place. ती० ६;

कालिंदी. स्त्री० (कालिन्दी) (१) यमुना नदी. The river Yamuna. पाश्र० (२) एक इन्द्राणी; शक्रेन्द्र की एक पटरानी. The crowned queen of Shakrendra. पउम० १०२, १९६;

कालिगी. स्त्री० (कालिकी) संज्ञा विशेष; बहुत समय पहले गुजरी हुई चीज का भी जिससे स्मरण हो सके वह. विशे० ५०८;

कालिम. पुं० स्त्री० (कालिमन्) श्यामता; कृष्णता;दागीपन. Blackness. सुर०३,४४; श्रा० १२;

कालिय. पुं० (कालिक) इस नाम का एक सर्प. Name of a serpent. सु० च० १८१;

कालियसरिणा. त्रि० (कालिकसंज्ञिन्) कालिकी संज्ञा वाला. विशे० ५०६;

काली. स्त्री० (काली) (१) पार्वती; गौरी. An epithet of Parvati. पाश्र० (२) इस नाम का एक छंद. Name of a metre. पिंग०

कालुसिय. न० (कालुष्य) कलुषता; मलिनता. Foulness; Turbidness. श्राउ०

कालुस्स. न० (कालुष्य) कलुषपन. Dirtiness, or Turbidness. सा० २;

कालेय. न० (कालेय) (१) काली देवी का श्रपत्य. A son of 'Kali' goddess. (२) सुगन्धी द्रव्य-विशेष; कालचन्दन. Black sandalwood. स० ७५;

कावध. पुं० (कावध्य) (१) एक महा-ग्रह. One major planet. (२) ग्रहाधिष्ठायक देव विशेष. A presiding god of this planet. राज०

कावालिश्र. पुं० (कापालिक) श्रघोर संप्रदाय का मनुष्य. A follower of a certain Saiva sect characterized by carrying skulls of men in the form of garlands and eating anddrinking from them. सु० च० १७४;

कावालिश्रा-कावालिणी. स्त्री० (कापालिकी) कापालिक-व्रत वाली स्त्री. A woman having the Kapalika-vow. गा० ४०८;

कावेश्र. न० (कापेय) वानरपन; चञ्चलता. Monkey-like behaviour. श्रचु० ६२;

कासव. पुं० (कश्यप) (१) इस नाम का एक ऋषि. Name of a Rishi. प्राम० (२) हरिण की एक जाति. A species of deer. (३) एक जात की मछली. One kind of fish. (४) दक्ष प्रजापति का जामाता. Son-in-law of Daksha prajapati. (५) त्रि० दारू पीने वाला. A drunkard. हे० १, ४३; पड्०

कासविज्जया. स्त्री० (काश्यपीया) जैन मुनियों की एक शाखा. A branch of Jain Munies (Saints). कप्प०

कासवी. स्त्री० (काश्यपी) (१) पृथ्वी; धरित्री. The earth. कुमा० (२) कश्यप गोत्रिया स्त्री. A woman of the kashyapa lineage. कप्प०

कासा. स्त्री० (कृशा) दुर्बल स्त्री. A weak woman. हे० १, १२७; पड्०

कासाइया-कासाई. स्त्री० (काषायी) कषाय रंग से रंगी हुई साड़ी; लाल साड़ी. A red coloured sari. कप्प० उवा०

कासाय. त्रि० (काषाय) कषाय रंग से रंगा हुआ. Red coloured; Dyed of a reddish colour. गउड०

कासार. न० (कासार) (१) तालाब; छोटा सरोवर. A pond or lake. सु०च० १६६; (२) पक्वान्न विशेष; कँसार. A particular sweat-meat. स० १८६; (३) पुं० समूह;

जत्था. A multitude or collection. गउड०

कासिअ. न० (कासित) छींक. A sneeze. राज०

काहल. त्रि० (कातर) कातर; डरपोक. Timid; Cowardly. हे०१, २१४; २५४;

काहल. पुं० न० (काहल) वाद्य विशेष. A kind of musical instrument. सुर० ३, ८६;

काहला. स्त्री० (काहला) वाद्य-विशेष; महा ढक्का. A kind of musical instrument; A large drum. विक्र० ८७;

किअंत त्रि० (कियत्) कितना. How much; How great; How far; How many; Of what extent or qualities. सण०

किआडिआ. स्त्री० (कृकाटिका) गला का उन्नत भाग. The raised and straight part of the neck. पाअ०

किइ. स्त्री० (कृति) कृति; क्रिया; विधान. Creation; Work. षड्० प्राप्र० उव०

किंकरसच्च. पुं० (किङ्करसत्य) (१) परमेश्वर; परमात्मा. Almighty; God. (२) अच्युत; विष्णु An epithet of Vishnu. अच्चु० २;

किंकार. पुं० न० (क्रेङ्कार) अव्यक्त शब्द-विशेष. A kind of indistinct sound. सिरि० ५४१;

किंकरी. स्त्री० (किङ्करी) दासी; नौकरानी. A female servant. कप्पू०

किंकायव्वया. स्त्री० (किंकर्तव्यता) क्या करना है वह जानना. Any situation in which one asks oneself what should be done. —मूढ. त्रि० (मूढ) किंकर्तव्य-विमूढ; हक्कावक्का; भौंचक्का. Being at a loss or perplexed what to do. महा०

किंकिच्चजड. त्रि० (किंकृत्यजड) हक्कावक्का; वह मनुष्य जिसे यह न सूझ पड़े कि क्या किया जाय. Being at a loss or perplexed what to do. श्रा० २७;

किंकिणिआ. स्त्री० (किङ्किणिका) क्षुद्र घण्टिका. A small bell. सु० च० ११६;

किंकिणी. स्त्री० (किङ्किणी) क्षुद्र घण्टिका. A small bell. सु० च० ११४;

किंचहिय. त्रि० (किञ्चिदधिक) कुछ ज्यादा Some what or a little more. सुपा० ४३० ;

किंदिय. न० (केन्द्र) (१) वर्तुल का मध्य भाग. The centre of a circle. (२) ज्योतिष में इष्ट लग्न से पहला, चौथा, सातवां और दसवां स्थान. (In astro.) Distance of a planet from the first point of its orbit in the 4th, 7th or 10th degree. "किंदियठाणट्ठियगुरुम्मि" सु० च० ३८ ;

किंदुअ. पुं० (कन्दुक) कन्दुक; गेंद. A ball. भवि०

किंनर. पुं० (किन्नर) (१) भगवान् धर्मनाथ जी के शासन देव का नाम. Name of a Shasan Deo of Lord Dharmanatha. संति०८; (२) देव-गन्धर्व; देव-गाछन. A celestial musician. कुमा०

किंनु. अ० (किंनु) पूर्वपक्ष, आक्षेप, आशंका का सूचक अव्यय. A particle denoting the prima facie argument, allurement and doubt. वव० १;

किंवयंती. स्त्री० (किंवदन्ती) जन-श्रुति; जन-रव. Rumour; Report. हम्मीर० ३६;

किंसारु. पुं० (किंशारु) सस्य-शूक; सस्य का तीक्ष्ण अग्र भाग. The beard of corn. दे० २, ६;

किंसुअ. पुं० (किंशुक) (१) पलाश का पेड़; टेसू; ढाक. One kind of tree having beautiful red blossoms but without any odour. सुर० ३, ४६; (२) न० पलाश का पुष्प. The blossom of this tree. हे० १, २६; ८६;

किकिंधा. स्त्री० (किष्किन्धा) नगरी-विशेष. A city named Kiskindha. से०१४,५५;

किकिंधि. पुं० (किष्किन्धि) (१) पर्वत-विशेष. Name of a mountain पउम०६,४५; (२) इस नाम का एक राजा. Name of a king. पउम० ६, ४५;

किच्चंत. त्रि० (कृत्यमान) (१) छिन्न किया जाता; काटा जाता. One which is being cut. (२) पीड़ित किया जाता; सताया जाता. One which is being oppressed. राज०

किच्चा. स्त्री० (कृत्या) (१) काटना; कर्त्तन. Cutting. उप० पृ० ३५६; (२) क्रिया; काम; कर्म. An action or deed. (३) देव वगैरह की मूर्त्तिका एक भेद. A variety of idols of gods. (४) जादुगिरि; जादू. Witchcraft; Magic. (५) रोग-विशेष; मटाभारी का रोग. A kind of disease. हे० १, १२८;

किच्चि. स्त्री०(कृत्ति) (१) मृग वगैरः का चमड़ा. The hide of an antelope etc. (२) चमड़े का वस्त्र. The leather garment (३) भूर्जपत्र; भोजपत्र. The bark of the birch-tree used for writing upon etc. (४) कृत्तिका नक्षत्र. One of the lunar mansions; Pleiades. षड् हे० २, १२; ८६;

किच्चिरं. अ० (कियच्चिरम्) कितने समय तक; कब तक ? How long ? तप० १२८ टी;

किच्छ. त्रि० (कृच्छ्र) (१) कष्ट-साध्य;कष्ट-युक्त. Causing trouble; Painful. हे० १, १२८; (२) क्रि० वि० दुःख से; मुश्किल से. With great difficulty; Painfully. सुर० ८, १४८;

किज्जिअ. त्रि० (कृत) किया गया; निर्मित. Done; Made; Performed. पिंग०

किट्ट. न० (किट्ट) रंग-विशेष. A species of colour. उत्त० ६, ५;

किट्टीकय. त्रि० (किट्टीकृत) मिला हुआ; एकाकार. Mingled; Mixed. उव०

किडग. त्रि० (क्रीडक) क्रीडा करने वाला. A player of past time. सूय० १,४,२ टी;

किडि. पुं० (किरि) सूकर; सूअर. A hog or boar. हे० १, २५१; षड्०

किण. पुं० (किण) (१) घर्षण चिन्ह; घर्षण की निशानी. A mark of friction. गउड० –किण. (२) मांस ग्रन्थि. A gland. (३) सूखा घाव. A dry wound. सु० च० ३७० ;

किणि त्रि० (क्रयिन्) खरीदने वाला. A purchaser or buyer. संबोध० १६;

किणिय. त्रि०(क्रीत) किना हुआ; खरीदा हुआ. Bought. सु० च० ४३४;

किणिय. पुं० (किणिक) (१) रस्सी बनाने का काम करने वाली मनुष्य जाति. A particular human tribe making strings. पंचू० —किणिय. (२) मनुष्य की एक जाति, जो वादित्र बनाती और बजाती है. A class of human being making and playing musical instruments. वव० ३;

किणिया. स्त्री० (किणिका) छोटा फोड़ा; फुन्सी. A small boil. स० १८०;

किणो. अ० (किमिति) क्यों; किस लिए? For what purpose ? हे० २, २१६; पाअ गा० ६७; महा०

किरण्ण. त्रि० (कीर्ण) (१) उत्कीर्ण; खुदा हुआ. Dug. सुपा० ४७१;

कित्तव. पुं० (कितव) द्यूतकर; जूआरी. A gambler. दे० ४, ८;

कित्तण. न० (कीर्त्तन) (१) वर्णन; प्रतिपादन. Description. (२) कथन; उक्ति. Telling. विशे० ६४०; गउड० कुमा०

कित्तय. त्रि० (कीर्तक) कीर्तन कर्ता. Religious songer. प्रव० २१६ टी

कित्ति पुं० (कीर्ति) इस नाम का एक जैन मुनि, जिसके पास पांचवें बलदेव ने दीक्षा ली थी. Name of a Jain saint who initiated the fifth Baladeo. पउम० २०, २०५;

कित्तिकर. पुं० (कीर्त्तिकर) भगवान आदिनाथ के एक पुत्र का नाम. Name of a son of Lord Adinatha. राज०

किन्न. त्रि० (क्लिन्न) आर्द्र; गीला. Wet; Moistened. हे० ४, ३२६;

किब्बिस. न० (किल्बिष) (१) मांस. Flesh. स० २६३; (२) त्रि० पापी; दुष्ट. Wicked. धर्म० ३; (३) कर्बुर; चितकबरा. Variegated. तंदु०

किब्बिसिया. स्त्री० (कैल्बिषिकी) एक प्रकार की भावना; धर्म गुरु वगैरः की निन्दा करने की आदत. One kind of conception. Habit to speak evil of Religious Gurus (Priest) & of others. धर्म० ३

किमस्स. पुं० (किमश्व) नृप विशेष, जिसने इन्द्र को संग्राम में हराया था, और शाप लगाने से जो मर कर अजगर हुआ था. Name of a king who defeated the lord of gods in the battle and who became a boa-constrictor by the curse. निसी० चू० १;

किमु. अ० (किमु) (१) वितर्क. Guess; Conjecture. (२) निन्दा. Censure; Reproach. (३) निषेध. Prohibition. हे० २, २१७; पिंग०

किमुय. अ० (किमुत) इन अर्थों का सूचक अव्यय. A particle denoting. (१) प्रश्न. Question. (२) विकल्प. Doubt. (३) वितर्क. Conceits; Conjectures. (४) अतिशय. Excessive. हे० २, २१८; "किमुय सेसेहिं" विशे० १०६१;

किम्मीर. त्रि० (किर्मीर) (१) कर्बुर; कबरा. Variegated; Spotted. पाअ० (२) पुं० राक्षस विशेष जिसको भीमसेन ने मारा था. Name of a Rakshasa slained by Bhima. वेणी० ११७; (३) वंश विशेष. A lineage or family. रंभा०

कियंत. त्रि० (कियत्) कियत्; कितना. How much; How great ; How far. सम्मत्त० २२८;

कियाणग. न० (क्रयाणक) किराना; करियाना; बेचने योग्य चीज़. A thing for sale. सुर० १, ६०;

किर. अ० (किल) इन अर्थों का सूचक अव्यय. A particle expressing. (१) संभावना. Probability; Hope. (२) हेतु; निश्चित कारण. Cause; Reason (३) वार्ता प्रसिद्ध अर्थ. Proverbial meaning. (४) अरुचि. Disgust; Dislike. (५) अलीक; असत्य. Untruth or falsehood. (६) संशय; संदेह. Doubt or Suspicion. हे० २, १८६; षड० गा० १२६; प्रासू० १७; दस० १; (७) पाद पूर्ति में भी इसका प्रयोग होता है. Used also as an Expletive. क० गं० ४, ७६;

किरणिल्ल. त्रि० (किरणवत्) किरणवाला; तेजस्वी. Brilliant; Radiant. सुर० २, २४२;

किराय. पुं० (किरात) भील. Name of a

degraded mountain tribe who live by hunting; A mountaineer; A Bhil. सु० च० ३६१; सुर० २, २७; १८०; हे० १, १८३;

किरि. पुं० (किरि) (१) भालु की आवाज. Growling. पउम० ६४, ४५; (२) सूकर; सूअर. A Hog or boar. गउड०

किरिया. स्त्री० (क्रिया) शास्त्रोक्त अनुष्ठान; धर्मानुष्ठान. A religious rite or ceremony. प्रव० १४६;

किरीडि. पुं० (किरीटिन्) अर्जुन. Name of Arjuna. वेणी० १६२;

किरीत. त्रि० (क्रीत) किता हुआ; खरीदा हुआ. Purchased. प्राप्र०

किरीय. पुं० (किरीय) (१) एक म्लेच्छ देश. A non-Aryan country. (२) उसमें उत्पन्न म्लेच्छ जाति. A Mlechchha tribe born in this country. राज०

किरोलय. न० (किरोलक) फल विशेष; किरोलिका वल्ली का फल. One kind of fruit. उर० ६, ५;

किलंज. न० (किलञ्ज) तृण-विशेष. One kind of grass. धर्मवि० १३५; १३६;

किलकिलाइय. न० (किलकिलायित) 'किलकिल' ध्वनि; हर्ष ध्वनि. A sound or cry expressing joy or pleasure. आवम०

किलाचक्क. न० (क्रीडाचक्र) इस नाम का एक छंद; वृत्त. Name of a metre. पिंग०

किलाड. पुं० (किलाट) दूध का विकार विशेष; मलाई. Milk-cream. दे० २, २२;

किलिकिलि. न० (किलिकिलि) इस नाम का एक विद्याधर का नगर. A town or city of Vidyadhar. इक०

किलिगिलिय. न० (किलिकिलित) 'किलकिल' आवाज करना; हर्ष-द्योतक ध्वनि-विशेष. A sound or cry expressing joy or pleasure. स० ३७०; ३८५;

किलित्त. त्रि० (क्लृप्त) कल्पित; रचित. Prepared; Done. प्राप्र० षड्० हे० १, १४५;

किलित्ति. स्त्री० (क्लृप्ति) रचना; कल्पना. Arranging पि० ५६;

किलिसिअ. त्रि० (क्लेशित) आयासित; क्लेश प्राप्त. Distressed or grieved. स० १४६;

किलिस्सिअ. त्रि० (क्लिष्ट) क्लेश-प्राप्त; क्लेशयुक्त. Distressed or troubled. उप० पृ० ११६;

किलेस. पुं० (क्लेश) (१) खेद; थकावट. Fatigue; Weariness. (२) दुःख का कारण. The cause or root of unhappiness. (३) शुभाशुभ कर्म. Karma. बृह० १;

किलेसिय. त्रि० (क्लेशित) दुःखी किया हुआ. Troubled; Pained. सुर० ४, १६७; १६६;

किवण. कंजूस; अदाता. A miser. दे० २, ३१;

किवा. स्त्री० (कृपा) दया; मेहरबानी. Mercy; Favour, Compassion. —वन्न. त्रि० (पन्न) कृपा-प्राप्त; दयालु. Kind; Merciful. पउम० ६५, ४७;

किवालु. त्रि० (कृपालु) दयालु; दया करने वाला. Kind, Compassionate. पउम० ३४, ५०; ६७, २०;

किवीडजोणि. पुं० (कृपीटयोनि) अग्नि. Fire. सम्मत्त० २२६;

किसंग. त्रि० (कृशाङ्ग) दुर्बल शरीर वाला. Lean; Thin. गा० ६५७;

किसर. पुं० (कृशर) (१) पक्वान्न-विशेष; तिल, चावल और दूध की बनी हुई एक खाद्य चीज. A kind of sweatmeat. (२) खिचड़ी; चावल और दाल का मिश्रित भोजन विशेष. Hotchpotch. हे० १, १२८;

किसरा. स्त्री० (कृशरा) खिचड़ी. Hotchpotch. हे० १, १२८.

किसलइय. त्रि० (किसलयित) अंकुरित; नये अंकुर वाला. Having a younger and tender shoot or foliage. सुर०३,३१;

किसाणु. पुं० (कृशानु) (१) अग्नि; आग. Fire. (२) वृक्ष-विशेष; चित्रक वृक्ष. Name of a tree. (३) तीन की संख्या. The number three. हे० १,१२८; षड्०

किसिअ. त्रि० (कृशित) दुर्बलता-प्राप्त; कृशता युक्त. Weak; Lean; गा०४०; वज्जा०४०;

किसिअ. त्रि० (कृषित) (१) विलिखित; रेखा किया हुआ. Furrowed. (२) जोता हुआ; कृष्ट. Cultivated. (३) खींचा हुआ. Drawn. हे० १, १२८;

किसीवल. पुं० (कृषीवल) कर्षक; किसान. A Cultivator; A ploughman; A farmer. श्रा० १६;

कीइस. त्रि० (कीदृश) कैसा; किस तरह का. Of what kind or sort ? Of what nature ? स० १४०;

कीकस. पुं० (कीकश) (१) कृमि-जन्तु विशेष. One kind of insect. (२)न० हड्डी;हाड़. A bone. (३) त्रि० कठिन; कठोर. Hard; Firm. राज०

कीडइल्ल. त्रि० (कीटवत्) कीडा वाला; कीटक युक्त. Rotten. गउड०

कीडण. न० (क्रीडन) खेल; क्रीड़ा. Play or game. सुर० १, ११८;

कीडिया. स्त्री० (कीटिका) पिपीलिका; चींटी, An ant. सुर० १०, १७१;

कीडी. स्त्री० (कीटि) पिपीलिका; चींटी. An ant. उप० १४७ टी; दे० २, ३;

कीणासगिह. न० (कीनाशगृह) मृत्यु; मौत. Death. उप० १३६ टी;

कीर. पुं० (कीर) (१) देश विशेष; काश्मीर देश. The country of Kashmir.(२) त्रि० काश्मीर देश संबंधी. Pertaining to Kashmir. (३) काश्मीर देश में उत्पन्न. Born or produced in Kashmir. विशे० ४६४ टी;

कीरल. पुं० (कीरल) देश-विशेष. Name of a country. पउम० ६८, ६४;

कीरी. स्त्री० (कीरी) लिपि विशेष; कीर देश की लिपि. The written characters, letters or alphabet of the Kira country. विशे० ४६४ टी;

कीलणअ. न०(क्रीडनक) खिलौना. A Toy. अभि० २४२;

कीलाल. न० (कीलाल) रुधिर; खून; रक्त. Blood. उप० ८६; पाअ०

कीलालिअ. त्रि० (कीलालित) रुधिर-युक्त; खून वाला. Bloody. गउड०

कीलिआ. स्त्री० (कीलिका) छोटा खूँटा; खूंटी. A small peg. क० गं० १, ३१;

कीव पुं० (क्लीव) नपुंसक. An impotent man. बृह० ४;

कीस. अ० (कस्मात्) क्यों; किस से; किस कारण से. Why for ? उव० हे०३, ६८;

कु. अ० (कु) (१) अल्प; थोड़ा. A little. (२) निषिद्ध; निवारित. Forbidden; Prohibited. हे० २, २१७; से० १, २६; सम्म०१;(२) स्त्री०पृथ्वी; भूमि. The earth. सम्म०१ टी; से०१, २६;—**त्तिअ.** न० (त्रिक) (१) तीनों जगत् ; स्वर्ग, मर्त्य और पाताल लोक. The three worlds—Heaven, the earth and the lower (Hell) world. (२) तीनों जगत में स्थित पदार्थ. —**त्तिअ.** त्रि० (त्रिज) तीनों जगत् में उत्पन्न वस्तु. A produce of three world. आवम० —**त्तिआवण.** पुं० न० (त्रिकापण) तीनों जगत् के पदार्थ जहां मिल सके ऐसी दुकान. A shop where worldly-purchases can be made. —**वलय.** न० (वलय)

पृथ्वी-मण्डल. The circuit of the earth. आ० २७;

कुइअ. त्रि० (कुचित) सकुचा हुआ. Contracted. प्रव० १२;

कुइय. त्रि०(कुपित) क्रुद्ध; कोप-युक्त. Angry; Wrathful. भवि०

कुउअ. पुं० न० (कुतुप) स्नेह-पात्र; घी, तैल वगैरः भरने का चमड़े का पात्र-विशेष. A small leathern bottle for Ghee, oil etc. पाअ०

कुऊहल. न० (कुतूहल) (१) अपूर्व वस्तु देखने की लालसा-उत्सुकता. Curiosity of seeing an extraordinary thing. (२) कौतुक; परिहास. Joking; Jesting. हे० १, ११७; कुमा०

कुओइ. अ० (कुतश्चित्) कहीं से; किसी से. स० १८५;

कुओवि. अ० (कुतोपि) कहीं से भी. काल०

कुंआरी. स्त्री०(कुमारी) वनस्पति विशेष; कुवार-पाठा; घीकुवार. One kind of medical plant. आ० २०; जी० १०;

कुंग. पुं० (कुङ्ग) देश विशेष. Name of a country. भवि०

कुंच. पुं० (क्रौञ्च) इस नाम का एक असुर. Name of a demon. पाअ० —अरि. पुं० (अरि) कार्तिकेय; स्कन्द. An epithet of Kartikeya. पाअ०

कुंचरवा. स्त्री० (क्रौञ्चरवा) दण्डकारण्य की इस नाम की एक नदी. Name of the river of the Dandakaranya. पउम० ४२, १५;

कुंचवीरग. न० (क्रौञ्चवीरक) एक प्रकार का जहाज. A kind of ship. निसी०चू०१६;

कुंचि. त्रि० (कुञ्चिन्) (१) कुटिल; वक्र. Crooked or Curved. (२) मायावी; कपटी. Deceitful. वव० १;

कुंचिय. त्रि० (कुञ्चित) (१) संकुचित. Contracted. सुपा० ५८; (२) कुटिल; वक्र. Crooked or curved. वव० १;

कुंचिया. स्त्री० (कुञ्चिका) रूई से भरा हुआ पहनने का एक प्रकार का कपड़ा. One kind of garment. जीत०

कुंजरपुर. न०(कुञ्जरपुर) नगर विशेष; हस्तिना-पुर. Hastinapur. (city name). पउम० ६५, ३४;

कुंजरावत्त. न० (कुञ्जरावर्त) नगर विशेष. Name of a city. सुर० ३, ८८;

कुंठ. त्रि० (कुण्ठ) (१) मूर्ख; बुद्धि रहित. Foolish; Blunt. (२) मंद; अलस. Indolent; Lazy. आ० १६;

कुंड. न० (कुण्ड) (१) इस नाम का एक सरोवर. Name of a lake. ती० ३४; (२) आज्ञा; आदेश. A command; An order. कप्प०

कुंडग्गाम. पुं० (कुण्डग्राम) मगध देश का एक गांव. Name of a village of the Magadha country. कप्प०

कुंडधारि. त्रि० (कुण्डधारिन्) आज्ञाकारी. Obedient. कप्प०

कुंडपुर. न० (कुण्डपुर) ग्राम विशेष. Name of a village. कप्प०

कुंडल. पुं० न०(कुण्डल) (१) एक देव-विमान. A particular celestial aerial car. देवेन्द्र० १४५; (२) तप-विशेष. A kind of religious austerity. संबोध० ५७; (३) पुं० विदर्भ देश के एक राजा का नाम Name of a king of Vidarbh (Town or country). पउम० ३०, ७७;

कुंडलि. त्रि०(कुण्डलिन्) कुण्डल वाला. Decorated with ear-rings. भास०३३;

कुंडलिअ. त्रि० (कुण्डलित) वर्तुल; गोल आकार वाला. Globular-Circular.

सुपा० ६२; कप्पू०

कुंडलिआ. स्त्री० (कुण्डलिका) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

कुंडाग. पुं० (कुण्डाक) संनिवेश विशेष; ग्राम विशेष. Name of a village. आवम०

कुंडिण. न०(कुण्डिन्) विदर्भ देश का एक नगर. Name of a city of the Vidarbh country. कुम्र० ४८;

कुंडी स्त्री० (कुण्डी) (१) कुण्डा; पात्र-विशेष. A bowl-shaped vessel. सुपा० २६१; (२) कमण्डल; संन्यासी का जल-पात्र. A water-pot used by ascetics. महा०

कुंत. पुं० (कुन्त) राम के एक सुभट का नाम. The name of Ram's warrior or hero पउम० ५१, ३८;

कुंतल. पुं०(कुन्तल) (१) देश विशेष. Name of a country. सु० च० ६१; (२) केश; बाल. Hair. सुर० १, १; सुपा०६१;२००;

कुंतला. स्त्री०(कुन्तला) इस नाम की एक रानी. Name of a queen. दंस०

कुंतली. स्त्री० (कुन्तली) कुन्तल देश की रहने वाली स्त्री. A woman of Kuntal country. कप्पू०

कुंताकुंति. न० (कुन्ताकुन्ति) बर्छे की लड़ाई Battle of spears. सिरि० १०३२;

कुंथु. पुं० (कुन्थु) हरिवंश का एक राजा. A Raja of Hari Bansh. पउम०२२,६८;

कुंद. न० (कुन्द) (१) विद्याधरों का एक नगर, A country of Vidyadhars. इक० (२) पुं० न० छन्द विशेष. A stanza. पिंग०

कुंदा. स्त्री० (कुन्दा) एक इन्द्राणी; मानिभद्र इंद्र की पटरानी. Rani of Inder Mani Bhadra (Raja of gods) इक०

कुंपय. पुं० न० (कूपक) तैल वगैरः रखने का पात्र विशेष. A large leathern vessel for holding oil. रयण० ३१;

कुंपल. पुं० न० (कुड्मल) (१) इस नाम का एक नरक. Name of a Hell. (२)मुकुल; कलि; कलिका. A new bud. हे० १, २६; कुमा० षड०

कुंभ. पुं० (कुम्भ) (१) कुम्भकर्ण का एक पुत्र. A son of Kumbhkaran. से० २२, ६५; (२) एक विद्याधर का सुभट का नाम. Name of a warrior of a Vidya Dhar (Demon). पउम० १०,१३; (३) हाथी का गंड-स्थल. Part of head of an elephant. कुमा० (४) एक राशि. A zodiac. विचार० १०६; (५) एक वाद्य. A kind of organ (musical instrument). (६) ललाट; भाल प्रदेश. Forehead. प्रव० २;

कुंभअण्ण. पुं० (कुम्भकर्ण) रावण के छोटे भाई का नाम. Name of a younger Brother of Ravna. से० १५,११;

कुंभंड. न० (कूष्माण्ड) फल-विशेष; कोहला. A pumpkin gourd. कप्पू०

कुंभसेण. पुं० (कुम्भसेन) उत्सर्पिणी काल के प्रथम तीर्थंकर के प्रथम शिष्य का नाम. Name of a the 1st deciple of 1st Jain Tirnthankar of that time. तित्थ०

कुंभि. पुं० (कुम्भिन्) हस्ती; हाथी. Elephant. सण०

कुंभी. स्त्री० (कूष्माण्डी) कोहले का गाछ. Creeper of pumpkin gourd. गउड०

कुंभील. पुं० (कुम्भील) जलचर प्राणि विशेष; नक्र; मगर. Crocodile. चारु० ६४;

कुंभुब्भव. पुं० (कुम्भोद्भव) ऋषि- विशेष; अगस्त्य ऋषि. Name of a saint (a sage) (Agasta) कप्पू०

कुकुहाइय. न० (कुकुहायित) चलते समय का

शब्द विशेष. Sound of moving. तंदु०

कुक्कुअ. त्रि० (कुत्कुच) भांड की तरह शरीर के अवयवों की कुचेष्टा करने वाला. An actor like a Jester. प्रव० ६;

कुक्कुआ. स्त्री० (कुक्कुचा) अवस्यन्दन; क्षरण. To drop, To rain. बृह० ६;

कुक्कुड. पुं० (कुक्कुट) (१) वनस्पति विशेष. Name of a forest leaf. (२) विद्या द्वारा किया जाता हस्त प्रयोग विशेष. Hypocrisy, Interested observance of religious duties. वव० १;

कुक्कुह. पुं० (कुकुभ) पक्षि-विशेष. Name of of a Bird. गउड०

कुग्गाह. पुं० (कुग्राह) (१) जल जन्तु विशेष. An animal or reptile of water. "कुग्गाहगाहाइय" सु०च०६२६; (२) कदाग्रह; हठ. Perversity. उप० ८३३ टी;

कुच. पुं० (कुच) स्तन; थन. Breast. कुमा०

कुचोज्ज. न०(कुचोद्य) कुतर्क. Bad reason; fallacy. धर्मसं० १३७५;

कुच्च. न०(कूर्च) दाढी-मूँछ. Beard, Moustache. पाअ० अभि० २१२;

कुच्चिय. त्रि० (कूर्चिक) दाढ़ी-मूंछ वाला. One who has beard and moustache. बृह० १;

कुच्छ. पुं०(कुत्स) (१) ऋषि विशेष. Name of a saint. (२) गोत्र विशेष. A lineage. "कुच्छसगुत्तस्स" कप्प०

कुच्छिंभरि. त्रि० (कुक्षिम्भरि) एक लपेटा; स्वार्थी. Selfish, Voracious. रंभा०

कुच्छिपूर. पुं०(कुक्षिपूर) उदर पूर्ति. Filling or pampring the belly. वव०४;

कुच्छिमई. स्त्री० (कुक्षिमती) गर्भिणी; आपन्नसत्वा. Pregnant. षड्०

कुच्छेअय. पुं० (कौक्षेयक) तलवार; खड्ग. Sword. षड्०

कुज्ज. पुं० न० (कुब्ज) पुष्प-विशेष. Name of a flower. षड्०

कुट्टणी. स्त्री० (कुट्टनी) (१) मूसल; जिससे चावल आदि अन्न कूटे जाते हैं. A pestle. बृह० १; (२) कूटनी; दूती. A female messenger, A procuress. रंभा०

कुट्टिणी. स्त्री० (कुट्टिनी) कूटनी; दूती. A female messenger, A procuress. कप्पू० रंभा०

कुट्ठ. पुं० (कोष्ट) उदर. पेट. Belly. पडि०

कुट्ठ. न० (क्रुष्ट) (१) शाप; अभिशाप शब्द. Curse. (२) त्रि० शपित; अभिशप्त. A man who was cursed. सु०च०२४०;

कुट्ठा. स्त्री० (कुष्टा) इमली; चिञ्चा. The tamarind tree or fruit. बृह० १;

कुड. पुं० (कुट) (१) घड़ा; कलश. A pot. विशे० १४५६; (२) वृक्ष; पेड़. A tree. सु० च० ५१२;

कुडंग. पुं० न० (कुटङ्क) (१) कुञ्ज; निकुञ्ज; लता वगैरः से ढका हुआ स्थान. A place covered by leaves or by creeper. गा० ६८०; हेका० १०५; (२) गह्वर; कोटर. A cave. राज०

कुडंगा. स्त्री० (कुटङ्का) लता-विशेष. Creepers. पउम० ५३, ७६;

कुडंगी. स्त्री० (कुटङ्की) बाँस की जाली. A net of bamboos. महा० सुर०१२,२००; उप० पृ० २८१;

कुडिलविडल. न० (कुटिलविटल) हस्ति-शिक्षा. Training of Elephant. राज०

कुडिल्लय. त्रि० (कुटिलक) कुटिल; टेढ़ा; वक्र. Bent. भवि०

कुड्डलेवणी. स्त्री० (कुड्यलेपनी) सुधा; खडी; खटिका. Plastering of a wall. दे०२,४२;

कुढार. पुं० (कुठार) कुल्हाड़ा; फरसा. An Axe. हे० १, १९९; षड्०

of family. सु० च० ७६; श्राव०

कुलंकर. पुं० (कुलङ्कर) इस नाम का एक राजा. Name of a Raja. पउम० ८२, २६;

कुलग्घ. पुं० (कुलार्घ) एक अनार्य देश. Name of a country where there are no aryans. प्रव० २७४;

कुलडा. स्त्री० (कुलटा) व्यभिचारिणी स्त्री; पुंश्चली. An unchaste woman. सुय० ३८४;

कुलय. न० (कुलक) तीन या चार से ज्यादः परस्पर सापेक्ष पद्य. The connection of several stanzas. सम्मत्त० ७६;

कुलाअल. पुं० (कुलाचल) कुल-पर्वत. Name of a mountain. त्रि० ८२;

कुलाय. न० (कुलाय) पक्षी का घर; नीड़. Nest of a bird. पाश्र०

कुलिक-य. पुं० (कुलिक) ज्योतिष शास्त्र में प्रसिद्ध एक कुयोग. Bad time in astrology. गण० १८;

कुलिया. स्त्री० (कुलिका) भीत. Wall. बृह० २;

कुलिर. पुं० (कुलिर) मेष वगैरः बारह राशि में चतुर्थ राशि. Name of 4th Zodiac. पउम० १७, १०८;

कुलिस. पुं० न० (कुलिश) वज्र; इन्द्र का मुख्य आयुध. A weapon of Raja Indra. पाश्र० उप० ३२० टी;

कुलिसनिणाय. पुं० (कुलिशनिनाद) रावण का इस नाम का एक सुभट. A warrior of Raja Rawan. पउम० ५६, २६;

कुलिसमज्झ. न० (कुलिशमध्य) एक प्रकार की तपश्चर्या. A kind of devotion. पउम० २२, २४;

कुलीण. त्रि० (कुलीन) उत्तम कुल में उत्पन्न. Born in a good family. प्रासू०७१;

कुलीर. पुं०(कुलीर) जंतु-विशेष. Name of an insect. पाश्र०

कुल्लउर. न० (कुल्यपुर) नगर विशेष. Name of a city. संस्था०

कुल्ला. स्त्री०(कुल्या) (१) जल की नीक; सारिणी. Drain. कुमा० हे० २, ७६; (२) नदी; कृत्रिम नदी. Canal कप्पू०

कुल्लाग. पुं० (कुल्याक) संनिवेश विशेष; मगध देश का एक गांव. A village of Magdh country. कप्प०

कुस. पुं० (कुश) राम के एक पुत्र का नाम. Name of a son of Raja Ram chandra ji. पउम० १००, २;

कुसट्ट. पुं० (कुशावर्त्त) आर्य देश विशेष. Name of an arya country. सत्त० ६७ टी;

कुसत्थ. पुं० न० (कुशास्त्र) कुत्सित शास्त्र; अनाप्त प्रणीत सिद्धान्त. A bad religious book. "सव्वे कुसत्था" निसी० चू० ११;

कुसल. न० (कुशल) (१) सुख; हित. Comfort; Love. (२) पुण्य. Alms, charity. पंचा० ६;

कुसला. त्रि० (कुशला) नगरी विशेष; विनीता; अयोध्या. Name of a city (Ayudhia) श्रावम०

कुसी. स्त्री० (कुशी) लोहे का बना हुआ हथियार. A steel weapon. दे० ८; ५;

कुसीलव. पुं०(कुशीलव) अभिनय-कर्ता-नट. A tumbler one who exhibits feats of activity. कप्पू०

कुसुंभ. न० (कुसुम्भ) रंग विशेष. Name of colour. श्रा० १२;

कुसुंभिअ. त्रि० (कुसुम्भित) कुसुंभ रंग वाला. Colour that of kusumbha or safflower. श्रा० १२;

कुसुंभी. स्त्री० (कुसुम्भी) वृक्ष विशेष; कसूम का पेड़. Saffron plant. पाश्र०

कसुमदंत. पुं॰ (कुसुमदन्त) एक तीर्थंकर देव का नाम; श्री सुविधिनाथ. Name of a Jain Tirthankar Shree Subidhinath. पउम॰ १, ३;

कुसुमलया. स्त्री॰ (कुसुमलता) छन्द विशेष. Stanza. अजि॰ १९;

कुसुमाअर. पुं॰ (कुसुमाकर) इस नाम का एक छंद. Stanza of this name. पिंग॰

कुसुमाल. त्रि॰ (कुसुमवत्) फूल वाला. Flowery. स॰६१७;

कुसुमावई. स्त्री॰ (कुसुमावती) इस नाम की एक नगरी. Village or town of this name. पउम॰ ९, २६;

कुसुमिल्ल. त्रि॰ (कुसुमवत्) पुष्पित; पुष्प-युक्त. Flowery. सुपा॰ २२३;

कुसूल. पुं॰ (कुशूल) कोष्ठ; धान्य रखने के लिए मिट्टी का बना हुआ एक प्रकार का पात्र. An earthen pot for keeping rice in husk. पाअ॰

कुस्सुमिण. पुं॰ (कुस्वप्न) दुष्ट स्वप्न. Worst dream; Incubus. संबोध॰ ४२;

कुहय. पुं॰ न॰ (कुहक) वायु विशेष; दौड़ते हुए अश्व-उदर-प्रदेश के समीप उत्पन्न होता एक प्रकार का वायु. A kind of air, coming out of the belly of runing horse. गच्छ॰ २;

कुहर. पुं॰ ब॰ (कुहर) एक देश. A country of this name. पउम॰ ६८, ६७;

कुहाडी. स्त्री॰(कुठारी) कुल्हाड़ी; कुठार. Axe, Hatchet. उप॰ ६६३;

कुहावणा. स्त्री॰ (कुहना) (१) आश्चर्य-जनक दंभक्रिया; दम्भ चर्या. Hypocrisy, assumed and false sanctity, (२) लोगों से द्रव्य हासिल करने के लिए किया हुआ कपट-भेष. A kind of deceit to collect money from public. जीत॰

कुहिल. पुं॰ स्त्री॰ (कुहुमत्) कोयल पक्षी. Cuckoo. पिंग॰

कुहु. स्त्री॰ (कुहु) कोकिल पक्षी की आवाज. Voice of a cuckoo. पिंग॰

कहेडगा. स्त्री॰(कुहेटका) कन्द विशेष; पिण्डालु. A kind of vegetable. प्रव॰४;

कूइआ. स्त्री॰(कूपिका) कूई; छोटा कूप.Small well. चंड॰

कूचिआ. स्त्री॰ (कूर्चिका) दाढ़ी मूँछ का बाल, Beard; moustache. संबोध॰ ३१;

कूड. न॰ (कूट) लगातार २७ दिन का उपवास. Fast of 27 days continuous.संबोध॰ ४८; —**कारि.** त्रि॰ (कारिन्) धोखेबाज; दगाखोर. Hypocrite Deceitful. सु॰ च॰ ६२७; —**प्पओग.** पुं॰ (प्रयोग) प्रच्छन्न पाप. Hidden sin. आव॰ ४;

कूडवाहि. पुं॰ (कूटवाहिन्) बलीवर्द; बैल. Oxen, ox. आव॰ ५;

कूणिअ. त्रि॰ (कूणित) संकोच प्राप्त; संकोचित. Closed. गउड॰

कूणिय. त्रि॰ (कूणित) सड़ा हुआ.Decayed. कुप्प॰ १६०;

कूय. पुं॰ (कूप) कूप; कुआं. Well. गउड॰ —**दद्दर.** पुं॰ (दर्दुर) (१) कूप का मेढ़क. Frog of a well. (२) वह मनुष्य जो अपना घर छोड़ बाहर न गया हो; अल्पज्ञ. A man who never went out of his house. उप॰ ६४८ टी;

कूर. पुं॰ (क्रूर) रावण का इस नाम का एक सुभट. A warrior of Ravan's name. पउम॰ ५६, २६;

कूलंकसा. स्त्री॰ (कूलङ्कषा) तीर को तोड़ने वाली नदी. River, stream, overflowing river. वेणी॰ १२०;

कूलवालग. पुं॰(कूलवालक) एक जैन मुनि. A Jain Saint. आव॰

कूव. पुं० (कूप) स्नेह पात्र; कुतुप. Worthy of love. वज्जा० ७२, उप० पृ० ४१२; —**मंडुक्क.** पुं० (मण्डुक) (१) कूप का मेंढ़क. Frog of a well. (२) अल्पज्ञ मनुष्य. Applied to a person of no enterprise. निसी० चू० १;

कूवर. पुं० न० (कूर्पर) रथ या गाड़ी वगैरः का एक अवयव; युगन्धर. A part of country cart (Rath) से० १२, ८४;

कूविय. पुं० (कूपिक) इस नाम का एक संनिवेश-गाँव. A village of this name. आवम०

कूविय. न० (कूजित) अव्यक्त शब्द. Coo. सुपा० ५०८;

कूविया. स्त्री० (कूपिका) (१) छोटा कूप. Small well. उप० ७२८ टी; (२) छोटा स्नेह पात्र. Worthy of love. राज०

कूवी. स्त्री० (कूपी) देखो "कुविया" शब्द. See "Kuvia" word. उप० ७२८ टी;

केअग-य. पुं० (केतक) (१) वृक्ष विशेष; केतकी. A fragrant plant (Keora). गउड० (२) न० केतकी पुष्प; केवड़ा का फूल. Flower of a fragrant plant keora. गउड०

केअव. न० (कैतव) कपट; दम्भ. Deciet, cheat. हे० १, १; गा० १२४;

केआर. पुं० (केदार) क्षेत्र; खेत. Field. सुर० २, ७८;

केआरिआ. स्त्री० (केदारिका) घास वाली जमीन; गोचर भूमि. Meadow-Grassy plot of land for grazing cattle. कप्पू०

केउ. पुं० (केतु) (१) ध्वज; पताका. Flag. सुपा० २२६; (२) तुला-सूत्र; रूई का सूत. Cotton yarn. गउड० (३) पुं० न० एक देव-विमान. Aeroplane of a Deva. देवेन्द्र० १३४;

केउखेत्त. न० (केतुक्षेत्र) मेघ वृष्टि से ही जिसमें अन्न पैदा हो सकता हो ऐसा क्षेत्र विशेष. (1) A field in which produce is obtained by rain. (2) Unirrigated land. आव० ६;

केउमाल. न० (केतुमाल) वैताढय पर्वत पर स्थित इस नाम का एक विद्याधर नगर. Name of a city on Vaitadhya mountain occupied by a Vidyadhar. इक०

केऊर. पुं०(केयूर) लवण समुद्र का एक पाताल कलश. An underground pot in west of Saltish sea. प्रव० २७२;

केऊव. पुं० (केयूप) लवण समुद्र का एक पाताल कलश. An underground pot in west of Saltish sea. इक०

केकई. स्त्री० (कैकयी) राजा दशरथ की एक रानी.Kakai-Rani of Raja Dasrath. पउम० २२, १०८; उप० पृ० ३७,

केकसिया. स्त्री० (कैकसिका) रावण की माता का नाम. Name of Ravan's mother. पउम० ७, ५४;

केक्कसी. स्त्री० (कैकसी) रावण की माता. Mother of Ravana. पउम० १०३, ११४;

केढ-केढव. पुं० (कैटभ) (१) इस नाम का एक प्रतिवासुदेव राजा. Raja Wasudev (A kind of king). पउम० ५, १५६; (२) दैत्य विशेष. Name of a demon. —**रिउ.** पुं० (रिपु) श्रीकृष्ण; नारायण. Lord Krishna, God. कुमा०

केत्तिअ-ल. त्रि० (कियत्) कितना ? How much. हे०२, १५७; कुमा० षड्० महा०

केय.न०(केत) चिन्ह; निशानी. Sign. प्रव०४;

केरव. न० (कैरव) (१) कुमुद; सफेद कमल.

White lotus.(२) कैतव; कपट. Deceit, Trick. हे० १, १४२;

केरिच्छ. त्रि० (कीदृश) कैसा ; किस तरह का. Like what, what kind or manner of. प्रामा०

केरी. स्त्री० (क्रकटी) वृक्ष विशेष; करीर का गाच्छ. A tree of this name. उप०१०३१टी;

केवट्ट. पुं० (कैवर्त्त) धीवर; मच्छीमार. Fisherman. पाश्र०स०२४८; हे०२, ३०;

केवलं. अ० (केवलम्) केवल; फक्त; मात्र. Only. स्वप्न० ६२; ६३; महा०

केवलिअ. त्रि० (केवलिक) (१) केवलज्ञान वाला. Omnisciant. (२) परिपूर्ण; संपूर्ण. Complete. विशे० २६८१;

केवली. स्त्री० (केवली) ज्योतिष विद्या विशेष. Astrology. हास्य० १२६; १२६;

केसपुर. न० (केशपुर) वैताढय पर स्थित एक विद्याधर नगर. A city of Vidyadhar on Vaitadhya mountain. इक०

केसर. पुं० (कवीश्वर) उत्तम कवि; श्रेष्ठ कवि. Poet. उप० ७२८ टी;

केसर. पुं० न० (केसर) एक देव-विमान. Name of an aeroplane of a god. देवेन्द्र० १४२;

केसर. न० (केसर) (१) फल-विशेष A fruit. राज० (२) सुवर्ण; सोनुं Gold. (३) छंद विशेष. Name of a stanza. हे०१,१४६; (४) पुष्प-विशेष. The flower of the Nagkesar; Saffron गउड० ११२२;

केसरा. स्त्री० (केसरा) सिंह वगैरः के स्कन्ध पर के बालों की सटा. Hairs of the neck of a lion. प्रासू० ५१; गउड० प्रामा०

केसरिल्ल. त्रि० (केसरवत्) केसर वाला. Which holds Kesar. गउड०

केसि. पुं० (केशि) असुर-विशेष; अश्व का रूप धारण करने वाला एक दैत्य, जिसको श्रीकृष्ण ने मारा था. A demon, who used to change himself as horse, and was killed by Lord Krishna. मुद्रा० २६२; (२) सातवें वासुदेव की माता. Name of mother of the Seventh Basudev. पउम० २०, १८४;

कोइल. पुं० (कोकिल) छन्द का एक भेद. A prominent figure in Hindu Poetry. पिंग०

कोइला. स्त्री० (कोकिला) स्त्री-कोयल. The black or Indian cuckoo. पाश्र०

कोउरह. त्रि० (कदुष्ण) थोड़ा गरम. Lukewarm (Hot) धर्मवि० ११३;

कोंच. पुं० (क्रौञ्च) (१) द्वीप-विशेष. A principal division of the world surrounded by sea. ती०४५; (२) इस नाम का एक असुर. A demon of this name. कुमा०

कोंचरिवु. पुं० (क्रौञ्चरिपु) कार्तिकेय; स्कन्द. Son of lord Shiva. कुमा०

कोंचवीरग. पुं० न० (क्रौञ्चवीरक) एक प्रकार का जहाज. A kind of ship. बृह० १;

कोंचिगा. स्त्री० (कुञ्चिका) ताली; कुञ्जी. Key. उप० १७७;

कोंड. पुं० (कौण्ड) देश-विशेष. A country of this name. इक०

कोंडिणपुर. न० (कौण्डिनपुर) नगर विशेष. A city of this name. रुक्मि० ५१;

कोक. पुं० (कोक) (१) चक्रवाक पक्षी. Pleasant. (२) भेड़िआ. Sheep (He). इक०

कोक्कास. पुं० (कोक्कास) इस नाम का एक वर्धकि; बढ़ई. A carpenter of this name. आयाचू० १;

कोटीवरिस. न० (कोटीवर्ष) लाट देश की प्राचीन राजधानी. Old capital of Lat

country. विचार० ४६;

कोट्टवीर. पुं० (कोट्टवीर) इस नाम का एक मुनि; आचार्य शिवभूति का एक शिष्य. Pupil of Shivbhuti a Jain muni. विशे० २५५२;

कोट्टिम. पुं० न० (कुट्टिम) (१) झोंपड़ा; मढ़ी. Hut. (२) रत्न की खान. A jewel-mine. (३) अनार का पेड़. The pomegranate. हे० १, ११६; प्राप्र०

कोट्टिम. त्रि० (कृत्रिम) बनावटी; बनाया हुआ; अकुदरती) Artificial. पउम० ६६, ३६;

कोट्टिल-ल्ल. पुं० (कौट्टिक) मुद्गर; मुगरी; मुगरा. Wooden dumbbell, mallet. राज०

कोट्टवाणी. स्त्री० (कोट्टवाणी) जैन मुनि गण की एक शाखा. A party of Jain munies. कप्प०

कोट्ठार. पुं० न० (कोष्ठागार) भाण्डागार; भण्डार. A store, a Godown. पउम० २, ३;

कोट्ठु. पुं०(क्रोष्टृ) शृगाल;सियार. Jackal. पइ०

कोडिअ. पुं०(कोटिक) एक जैन मुनि. Name of a Jain muni. कप्प०

कोडिअ. त्रि० (कोटित) संकोचित. Closed, Laded. धर्मसं० ३८८;

कोडिएण-न्न. न० (कौण्डिन्य) इस नाम का एक नगर. A city of this name. उप० ६४८ टी;

कोडिबद्ध. त्रि०(कोटिबद्ध) करोड़ संख्या वाला. Ten million. वव० ३;

कोडिल्ल. (कौटिल्य) इस नाम का एक ऋषि; चाणक्य मुनि. A saint of this name. "Chanak Muni". वव० १;

कोणव. पुं० (कौणप) राक्षस; पिशाच. A demon. पाअ०

कोणायल. पुं० (कोणाचल) भगवान शान्तिनाथ के प्रथम श्रावक का नाम. Name of first follower (Saravak) of Jain Tirthanker Shantinath. विचार० ३७८;

कोत्तिअ. त्रि० (कौतुकिक) कौतुकी; कुतुहली. Vebernence, Dance. गा० ६७२;

कोध. पुं० (क्रोध) इस नाम का एक राजा, जिसने दाशरथी भरत के साथ जैन दीक्षा ली थी. A Raja of this name, who became Jain faqir (Sadhu) along with Bharat Son of Dashrath. पउम० ८५, ४;

कोबेरी. स्त्री०(कौबेरी) विद्या विशेष. A knowledge. पउम० ७, १४२ ;

कोमारी. स्त्री० (कौमारी) विद्या-विशेष. A knowledge. पउम० ७,१३७;

कोमुई. स्त्री०(कौमुदी) इस नाम की एक नगरी. Name of a city. पउम० ३६, १००;

कोरंटग. न०(कोरण्टक) इस नाम का भृगुकच्छ (भड़ौच) शहर का एक उपवन. A garden of Bharauch city. वव० १;

कोल. पुं० (क्रोड) उत्संग; कोला. Thigh. गउड०

कोल. पुं० (कोल) (१) देश विशेष. A country of this name. पउम० ६८, ६६; (२) अस्त्र विशेष. A weapon of this name. धम्म० ५; (३) मनुष्य की एक नीच जाति. A low family of shudras. आया०चू० ४;

कोल. त्रि० (कौल) (१) शक्ति का उपासक; तान्त्रिक मत का अनुयायी. Worshipper of Shakti, A follower of the doctrine taught by the Tantra. (२) तान्त्रिक मत से संबन्ध रखने वाला. Follower of Tantras. कप्पू०

कोलगिणी. स्त्री० (कोली, कोलकी) कोल-जातीय स्त्री०. Wife of a weaver, or a woman of low race. आया०चू०४;

कोलालिय. पुं० (कौलालिक) मिट्टी का पात्र बेचने वाला. Potter. बृह० २;

कोलाहलिय. त्रि० (कोलाहलिक) कोलाहल वाला; शोरगुल वाला. Noisy. पउम० ११७, १६;

कोलिन्न. न० (कौलिन्य) कुलीनता; खानदानी. Of a good family. धर्मवि० १४६;

कोलीकय. त्रि० (क्रोडीकृत) स्वीकृत; अंगीकृत. Embraced. गउड०

कोलीण. न० (कौलीन) (१) किंवदन्ती; लोक-वार्ता; जन-श्रुति. Rumour. मा० ३७; (२) त्रि० वंश परंपरागत ; कुल क्रम से आयात. Family decent.(३) उत्तम कुलमें उत्पन्न. High birth. (४) तान्त्रिक मत का अनुयायी. A follower of Tantrik Shakti. नाट–महावी० १३३;

कोलेय. पुं० (कौलेयक) श्वान; कुत्ता Dog. सम्मत्त० १६०; धर्मवि० ५२;

कोल्लइर. न० (कोल्लकिर) (१) नगर विशेष. A city of this name. आव० ३; (२) वार्धक्य; बुढ़ापन. Old age. पिंड०

कोल्लापुर. न० (कोल्लापुर) दक्षिण देश का एक नगर. A city of this name in south country. ती० ३४;

कोल्लासुर. पुं० (कोल्लासुर) इस नाम का एक दैत्य. A demon of this name. ती० ३४;

कोवण. त्रि० (कोपन) क्रोधी; क्रोध युक्त. Wrathful. सु० च० ३८५;

कोवाय. पुं० (कोर्पक) अनार्य देश-विशेष. A country of this name. प्रव० २७४;

कोवि. त्रि० (कोपिन्) क्रोधी; क्रोध युक्त. Wrathful. सु० च० २८१;

कोविअ. त्रि० (कोपित) (१) क्रुद्ध किया हुआ. Enraged.(२) दूषित;दोष युक्त किया हुआ. Falsely accused. उव०

कोविआर. पुं० (कोविदार) वृक्ष-विशेष. A tree of this name. विक्र० ३३;

कोविणी. स्त्री० (कोपिनी) कोप-युक्त स्त्री. Passionate or angry woman. श्रा० १२;

कोस. पु०(कोश-ष)(१) कुड्मल. A young shoot. कुमा० (२) मुकुल; कली. A bud. गउड० (३) दिव्य भेद; तप्त लोहे का स्पर्श वगैरः शपथ. Judicial trial by ordeal or by fire, water, poison, heated bars of iron. (४) अभिधान शास्त्र; शब्दार्थ-निरूपक ग्रन्थ Dictionary. (५) पुं० न० पान-पात्र; चषक. A pot in which beetles are kept. पाश्र० (६) नगर-विशेष. A city of this name. स० १३३; (७) तलवार की म्यान. A Sheath. (८) गोल; वृत्राकार. Round. सु० च० २०; —अहिव. पुं० (अधिप) खजानची; भंडारी. Cashier. सु० च० ७३;

कोसपाण. न० (कोशपान) सोगन; शपथ. An oath. गा० ४४८;

कोसल. न०(कौशल)कुशलता;निपुणता; चातुरी. Happiness, Complete, Intelligence. कुमा०

कोसल. पुं०(कोसल) एक जैन महर्षि;सुकोसल मुनि. Name of a Jain Saint (Sukosal). पउम० २२, ४४;

कोसल्ल. न० (कौशल्य) निपुणता; चतुराई. Cleverness. सु० च० १६; सुर० १०, ८०; कुमा०

कोसल्लया. स्त्री० (कौशल्य) निपुणता; चतुराई. Complete, Cleverness. सुपा० ६०३;

कोसल्ला. स्त्री० (कौशल्या) राम की

माता. Name of mother of Raja Ramchander ji (Kaushalya). उप० पृ० ३७४;

कोसा. स्त्री० (कोशा) इस नाम की एक प्रसिद्ध वेश्या, जिसके यहां जैन महर्षि श्री स्थूलभद्र मुनि ने निर्विकार भाव से चातुर्मास किया था. Name of a prostitute (Kosha) where Jain Saint Shri Sathul Bhadra passed his four rainy months in devotion controlling his passions. विवे० ३३;

कोसिण. त्रि० (कोष्ण) थोड़ा गरम. Little hot, Moderately warm. नाट–वेणी०

कोसिय. पुं० (कौशिक) (१) उलूक; घूक; उल्लू. Owl. पाश्र० सार्ध० ४६; (२) वृक्ष-विशेष. Name of a tree. (३) इन्द्र. God Indra. (४) नकुल. An ichneumon. (५) कोशाध्यक्ष; खजानची. Cashier. (७) इस नाम का एक राजा. A Raja of this name. (८) इस नाम का एक असुर. A demon of this name. (६) सर्प को पकड़ने वाला; गारुड़िक. A snake catcher. (१०) अस्थि-सार; मज्जा. Marrow, Bone. (११) शृंगार रस. Love, the passion. हे० १, १५६; (१२) तापस-विशेष. Name of a devotee. भवि० (१३) पुं० सर्प विशेष; चण्डकोशिक नामक दृष्टिविष सर्प, जिस को भगवान महावीर स्वामी ने प्रबोधित किया था. A kind of snake, who was made to understand by Bhagwan "Mahabir." (१४) न० बीसवें नक्षत्र का गोत्र. Family name of the 20th "Nakshattra"

कोसिया. स्त्री० (कोशिका) (१) भारतवर्ष की एक नदी. A *river of India of this* name. कस० (२) इस नाम की एक विद्याधर-राज-कन्या. Name of a daughter of a Vidyadhar. पउम० ७, ५४; (३) चमड़े का जूता. Shoe. स० २२३;

कोसुम. त्रि० (कौसुम) फूल-संबन्धी; फूल का बना हुआ. Flowery. गउड०

कोह. पुं० (कोथ) कोथली; थैला. Bag. विशे० २१८८;

कोहंझाण. न० (क्रोधध्यान) क्रोध-युक्त चिन्तन. Thoughts. श्राउ० ११;

कोहंड. पुं० (कूष्माण्ड) व्यन्तर श्रेणीय देव जाति विशेष. Name of a family of a sprite. प्रव० १४;

कोहंडी. स्त्री० (कूष्माण्डी) कोहले का गाछ. A pumkin tree. हे० १, १२४;

कोहण. पुं० (क्रोधन) इस नाम का रावण का एक सुभट. A warrior of this name of Raja Rawna. पउम० ५६, ३२;

कोहलिश्र. त्रि० (कुतूहलिन्) कुतूहली; कुतूहल प्रेमी. Eager, Impatient. गा० ७६८;

कोहलिया. स्त्री० (कूष्माण्डिका) कोहले का गाछ. A pumpkin tree. गा० ७६८;

ख

ख. पुं० (ख) व्यञ्जन वर्ण विशेष, इसका स्थान कंठ है. The second consonant of the Nagri alphabet which is spoken from throat. प्रामा० प्राप्र०

खइश्र. त्रि० (क्षयित) क्षय प्राप्त; क्षीण. Wasting, decaying. सुर० १६, १११;

खइश्र-ग. पुं० (क्षायिक) (१) क्षय; विनाश; उन्मूलन. Waste, destruction, To take out from the root. (२) त्रि० क्षय से उत्पन्न; क्षय संबन्धी.

which has come to light after destructing karmas. (३)कर्मनाश से उत्पन्न.Createdafter destruction of Karmas. विशे० ३४१५; क० गं०१, १५, ३, १६; ४, २२; सम्य० २३;

खइत्त. न० (क्षैत्र) खेतों का समूह; अनेक खेत. Several fields. पि० ६१;

खइया. स्त्री० (खदिका) खाद्य-विशेष; सेका हुआ व्रीहि. Dried or parched grain. भवि०

खउड. पुं० (खपुट) स्वनाम प्रसिद्ध एक जैनाचार्य. A Jain Saint of this name. आवम०

खउर. पुं० न० (खपुर) खैर वगैरह का चिकना रस; गोंद. Gum. निसी० चू० १६;

खउर. न०(क्षौर) क्षौर-कर्म; हजामत. Shave. हेका० १८६;

खउरिअ. त्रि० (खपुरित) खरण्टित ; चिपकाया हुआ. Stitched. निसी० चू० ५;

खउरिअ. त्रि० (क्षौरित) मुण्डित; लुञ्चित; केश रहित किया हुआ. Shaved, To uproot the hairs by hand. से० १०, ४३;

पचुन्निय. त्रि० (प्रचूर्णित) चूर चूर किया हुआ. Pounded; pulverized; shattered to pieces. सुर० २, ८७;

पचेलिम. त्रि० (पचेलिम) पक्क; पका हुआ. Ripe; cooked. सुपा० ८३;

पच्चंगिरा. स्त्री० (प्रत्यङ्गिरा) विद्यादेवी-विशेष. Goddess of the science of magic. सुपा० ३०६;

पच्चंत. पुं० (प्रत्यन्त) अनार्य देश. An Anaryan country. प्रयो० ११;

पच्चक्ख. त्रि० (प्रत्यक्ष) प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय. Perceptible; visible. सुर० १, १७१;

पच्चग्ग. त्रि० (प्रत्यग्र) (१) प्रधान; मुख्य. Chief; principal. स० २४; (२) श्रेष्ठ; सुंदर. Beautiful; excellent. उप० ९८६ टी; सुर० १०, १५२; (३) नवीन; नया. New. पाश्च०

पच्चडिअ. त्रि० (क्षरित) झरा हुआ. Oozed; droped. हे० २, १७४;

पच्चणीय. त्रि० (प्रत्यनीक) विरोधी; प्रतिपक्षी; दुश्मन. Hostile; Inimical. उप० १४१ टी; सुपा० ३०७;

पच्चत्त. त्रि० (प्रत्यक्त) जिसका त्याग करने का प्रारम्भ किया गया हो वह. Began to abandon. उप० ८२८;

पच्चत्थरण. न० (प्रत्यास्तरण) बिछौना. Beding. पि० २८५;

पच्चत्थि. त्रि० (प्रत्यर्थिन्) प्रतिपक्षी; विरोधी; दुश्मन. Hostile; opposed; inimical. उप० १०३१ टी; पाश्च० कुप्र० १४१;

पच्चद्ध. न० (पश्चार्ध) पिछला आधा; उत्तरार्ध. The latter half. गउड०

पच्चद्धचक्कवट्टि. पुं० (प्रत्यर्धचक्रवर्तिन्) वासुदेव का प्रतिपक्षी राजा; प्रतिवासुदेव. Prativasudeo. ती० ३;

पच्चब्भास. पुं० (प्रत्याभास) निगमन; प्रत्युच्चारण. Quotation of a word or the word quoted. विशे० २१३२;

पच्चभिजाणिअ. त्रि० (प्रत्यभिज्ञात) पहिचाना हुआ. Recognised. स० ३१०;

पच्चभिणाण. न० (प्रत्यभिज्ञान) पहिचान. Recognition. स० २१२;

पच्चय. पुं० (प्रत्यय) (१) प्रतीति; ज्ञान; बोध. Knowledge; cognition. उव० विशे० २१४०; (२) निर्णय; निश्चय. Determination. विशे० २१३२; (३) ज्ञान का विषय; ज्ञेय पदार्थ. Object. राज० (४) शब्द; आवाज. Sound; Word. (५) छिद्र; विवर. Hole; (६) आधार; आश्रय. Support; Prop. हे० २, १३;

पच्चवत्थय. त्रि० (प्रत्यवस्तृत) (१) बिछाया हुआ. Spread. (२) आच्छादित. Covered; concealed. आवम०

पच्चवत्थाण. न० (प्रत्यवस्थान) प्रतिवचन; खण्डन. Refuting (in argument). बृह० १;

पच्चवाय. पुं० (प्रत्यवाय) (१) पाप. Sin. सुपा० १६२; (२) दुःख; पीड़ा. Pain; affliction. कुप्र० ५५२;

पच्चह. न० (प्रत्यह) हररोज; प्रतिदिन. Always. श्रभि० ६०;

पच्चाएस. पुं०न० (प्रत्यादेश) दृष्टान्त; निदर्शन; उदाहरण. Example; Illustration. स० १५; उव० कुम० ५०; पाश्र०

पच्चाणयण. न० (प्रत्यानयन) वापिस ले श्राना. Bringing back; Recovery. मुद्रा० २७०;

पच्चादिट्ठ. त्रि० (प्रत्यादिष्ट) निरस्त; निराकृत. Rejected; repulsed. पिं० १४५; मृच्छ० ६;

पच्चात्थरण. न० (प्रत्यास्तरण) सामने होकर लड़ना. To indulge in hand to hand fighting. राज०

पच्चादेश. पुं० (प्रत्यादेश) निराकरण. Refusal; rejection; repudiation. श्रभि० ७२; १७८;

पच्चायण. न०(प्रत्यायन) ज्ञान कराना; प्रतीतिजनन. Convincing; producing assurance. विशे० २१३६;

पच्चारिश्र. त्रि० (प्रचारित) चलाया हुआ. Prevailed. सिरि० ४३६;

पच्चारिय. त्रि० (उपालब्ध) जिसको उलहना दिया गया हो वह. Taunted; censured. भवि०

पच्चालीढ. न० (प्रत्यालीढ) वाम पाद को पीछे हटा कर और दक्षिण पांव को आगे रख कर खड़े रहने वाले धानुष्क की स्थिति. A particular attitude in shooting. वव० १;

पच्चावरण्ह. पुं० (प्रत्यावराण्ह) मध्याह्न के बाद का समय; तीसरा पहर. Afternoon. विवा० १, ३ टी; पिं० ३३०;

पच्चासत्ति. स्त्री० (प्रत्यासत्ति) समीपता; सामीप्य. Close proximity or contiguity. मुद्रा० १६१;

पच्चासा. स्त्री० (प्रत्याशा) (१) आकाङ्क्षा; वाञ्छा; अभिलाषा. Desire; ambition. (२) निराशा के बाद की आशा. Hope; Expectation. स० ११८; (३) लोभ; लालच. A bribe; temptation. वव० पृ० ७६;

पच्चाहुत्त. क्रि०वि० (पश्चान्मुख) पीछे; पीछे की तरफ. Behind. 'पच्चाहुत्तं नियत्तो' धर्मवि० ५४;

पच्चुच्चार. पुं० (प्रत्युच्चार) अनुवाद; अनुभाषण. Repetition. स० १८४;

पच्चुज्जीविश्र. त्रि० (प्रत्युज्जीवित) पुनर्जीवित. Restored to life; resuscitated. गा० ६३१; कुम० ३१;

पच्चुट्ठिश्र. त्रि० (प्रत्युत्थित) जो सामने खड़ा हुआ हो वह. Risen to meet or encounter. सुर० १, १३४;

पच्चुत्त. त्रि० (प्रत्युप्त) फिर से बोया हुआ. Sown again. दे० ७, ७७; गा० ६१८;

पच्चुप्फलिश्र. त्रि० (प्रत्युत्फलित) वापिस आया हुआ. Returned. से० १४, ८१;

पच्चुब्भट. त्रि० (प्रत्युद्भट) अतिशय प्रबल. Excellent. संबोध० ५३;

पच्चुल्लं. श्र० (प्रत्युत) प्रत्युत; उलटा. On the contrary. 'पच्चुल्लं ममं' वव० १;

पच्चुवयारि. त्रि० (प्रत्युपकारिन्) प्रत्युपकार करने वाला. One who serves in return. सुपा० ५६५;

पच्चुवेक्खिय. त्रि० (प्रत्युपेक्षित) अवलोकित; निरीक्षित. Observed; Inspected. स० ४४१;

पच्चूह. पुं० न० (प्रत्यूह) विघ्न; अंतराय. An obstacle; hinderance; impediment. पाश्र० कुम० ५२;

पच्चेश्र. न० (प्रत्येक) प्रत्येक; हर एक. Every one. षड्०

पच्चोणामिणी. स्त्री० (प्रत्यवनामिनी) विद्या विशेष; जिसके प्रभाव से वृक्ष आदि फल देने के लिये स्वयं नीचे नमते हैं. A sort of magical skill. उप० पृ० १५५;

पच्छ. त्रि० (पथ्य) (१) रोगी का हितकारी आहार. Salutary; wholesome. हे० २, २१; प्राप्र० कुमा० स० ७२४; सुपा०५७६;

पच्छ. न० (पश्चात्) (१) चरम; शेष. Ultimate; Final. चंद० १; (२) पीछे; पृष्ठ भाग. Back portion. (३) पश्चिम दिशा West. वज्जा० ६६;

पच्छओ. अ०(पश्चात्तः) पीछे; पृष्ठ की ओर. Behind. महा० से० १०,३०; सुपा०२२१;

पच्छदण. न० (पच्छदन) आस्तरण; शय्या के ऊपर का आच्छादन वस्त्र. Bed-Sheet; coverlet. स्वप्न० ६०;

पच्छद्ध. न० (पश्चार्ध) पीछला आधा; उत्तरार्ध. Latter half. गउड० महा०

पच्छभाग. पुं० (पश्चाद्भाग) दिवस का पीछला भाग. Afternoon. राज०

पच्छा. अ० (पश्चात्) परलोक; परजन्म. Next world. राज० (२) पीछला भाग. Back portion. (३) चरम ; शेष. Ultimate; final. हे० २, २१;

पच्छा. स्त्री० (पथ्या) हरीतकी. Mygrobalous used as an astringent. हे० २, २१;

पच्छाअ त्रि० (प्रच्छाय) प्रचुर छाया वाला. Densely shaded. अभि० ३६८;

पच्छामुह. त्रि० (पश्चान्मुख) पराङ्मुख; जिसने मुंह पीछे की तरफ फेर लिया हो वह. Having the face turned away or averted; turning the back upon. आ० १२;

पच्छायण. न० (पथ्यदन) पाथेय; रास्ते में खाने का भोजन. Provisions for a journey. महा०

पच्छायावि. त्रि० (पश्चात्तापिन्) पश्चात्ताप करने वाला. One who repents. उप० ७२८ टी;

पच्छित्ति. त्रि० (प्रायश्चित्तिन्) प्रायश्चित्त का भागी; दोषी. One who makes an atonement. उप० ३७६;

पच्छिम. न० (पश्चिम) (१) पश्चिम दिशा. West. उवा० ७४ टी० (२) पश्चिम दिशा का; पाश्चात्य. Western. महा० हे० २, २१; प्राप्र०

पच्छिमा. स्त्री० (पश्चिमा) पश्चिम दिशा. West. कुमा० महा०

पच्छिमिल्ल. त्रि० (पाश्चात्य) पीछे से उत्पन्न; पीछे का. Posterior; later. विशे० १७६५;

पच्छुत्ताव. पुं० (पश्चात्ताप) पछतावा; पश्चाताप. Repentance; contrition. सम्मत्त० १६०; धर्मवि० ३५; १२२; १३०;

पजलिर. त्रि० (प्रज्वलितृ) अत्यन्त जलने वाला. One that burns. सुपा० १;

पजाला. स्त्री० (प्रज्वाला) अग्नि-शिखा. Blaze; Aflame. कुप्र० ११७;

पज्जणुओग-पज्जणुजोग. पुं० (पर्यनुयोग) प्रश्न. Question. धर्मसं० १७६; २६२;

पज्जत्त. त्रि० (पर्याप्त) (१) समर्थ; शक्तिमान्. Able; competent; adequate. (२) लब्ध. Obtained; gained. (३) न० तृप्ति. Satisfaction. प्राप्र० (४) सामर्थ्य. Strength; power. (५) निवारण. Keeping off; Warding off. (६) योग्यता. Propriety; suitableness; Fitness. हे० २, २४; प्राप्र० (७) न० लगातार चौंतिस दिन का उपवास. Thirty-four fasts at a time. संबोध० ५८;

पज्जत्ति. स्त्री० (पर्याप्ति) (१) प्राप्ति. Obtaining; acquisition. (२) तृप्ति. Satis-

faction; Contentment, उप० ७९८ टी; (३) अन्त; अवसान. End; conclusion. सुत्र० २, ८;

पज्जलिअ. पुं० (प्रज्वलित) तीसरी नरक-भूमि का एक नरक-स्थान. An abode of the third hell. देवेन्द्र० ८;

पज्जलिर. त्रि० (प्रज्वलितृ) (१) जलने वाला. Burning; Blazing. (२) खूब चमकने वाला. Bright; Shining. सुपा० ६३८; सण०

पज्जव. पुं० (पर्यव) परिच्छेद; निर्णय. Determination.—**कसिण.** न०(कृत्स्न) चतुर्दश पूर्व-ग्रन्थ तक का ज्ञान; श्रुत ज्ञान-विशेष. Knowledge of fourteen Purvas. पंचभा०

पज्जा. स्त्री० (पद्या) मार्ग; रास्ता. Road; Way. सम्म० १४७; कुप्र० १७१;

पज्जा. स्त्री० (पर्याय) अधिकार; प्रबन्ध-भेद. Topic; Paragraph or section. दे० ६, १; पाअ०

पज्जाअर. पुं० (प्रजागर) जागरण; निद्रा का अभाव. Waking; wakefulness. अभि० ६६;

पज्जाउल. त्रि० (पर्याकुल) विशेष आकुल; व्याकुल. Confused. स० ७२; ६७३; हे० ४, २६६;

पज्जाय. पुं० (पर्याय) (१) पूर्ण प्राप्ति. Obtaining; acquisition. विशे० ८३; (२) प्रकार; भेद. A kind. आवम० (३) अवसर. Lapse; course; expitition (of time). (४) निर्माण. Creation; Formation. हे० २, २४; (५) तात्पर्य; भावार्थ; रहस्य. Purport; meaning. सूयनि० ११६;

पज्जालण. न० (प्रज्वालन) सुलगाना Burning. उप० ५१७ टी;

पज्जालिअ. त्रि० (प्रज्वालित) जलाया हुआ. Burnt. सुपा० १५१; प्रासू० १८;

पज्जुच्छुअ. त्रि० (पर्युत्सुक) अति उत्सुक. Eagerly desirous; anxious. नाट०

पज्जुण्ण. पुं० (प्रद्युम्न) (१) कामदेव. An epithet of Cupid; god of love. कुमा० (२) वैष्णव शास्त्र में प्रतिपादित चतुर्व्यूह रूप विष्णु का एक अंश. हे० २, ४२; (३) एक जैन मुनि. Jain saint. निसी० चू० १;

पज्जुत्त. त्रि० (प्रयुक्त) जटित; खचित. Fastened; joined; fixed. inlaid; set; studded. स० ३१२;

पज्जुदास. पुं० (पर्युदास) निषेध; प्रतिषेध. Prohibition. विशे० १८३;

पज्जुन्न. त्रि० (प्रद्युम्न) धनी; श्रीमन्त; प्रभूत धन वाला. Wealthy; Rich. सुपा० ३२;

पज्जुवासय. त्रि० (पर्युपासक) सेवा करने वाला. A worshiper. काल०

पज्जुस्सअ-पज्जूसुअ. त्रि० (पर्युत्सुक) अति उत्सुक; विशेष उत्कण्ठित. Eagerly desirous; anxious. अभि० १०६; पि० ३२७;

पज्जोइय. त्रि० (प्रद्योतित) प्रकाशित. Illuminated. उप० ७२८ टी;

पज्जोयण पुं० (प्रद्योतन) एक जैन आचार्य. Jaina preceptor. राज०

पज्झट्टिआ. स्त्री० (पज्झटिका) छन्द विशेष. Kind of a metere. पिंग०

पज्झरण. न० (प्रक्षरण) टपकना. Oozing; trickling. वज्जा० १०८;

पज्झरिअ. त्रि० (प्रक्षरित) टपका हुआ. Oozed; trickled. पाअ० कुमा० महा० संक्षि० १५;

पटउडी. स्त्री० (पटकुटी) तंबू; वस्त्र गृह. Tent. सुर० १३, ६;

पटोला. स्त्री० (पटोला) वल्ली-विशेष; कोशातकी; तार-वल्ली. Kind of a creeper. सिरि० ३१६;

पट्ट. पुं० (पट्ट) (१) रथ्या; मुहल्ला. A street. 'मज्झियपट्टे गंतूण' सुपा० १७३; (२) पट्टा; चकनामा; किसी प्रकार का अधिकार पत्र. A royal grant or edict. कुम्प० ११; (३) सिंहासन; गद्दी. A throne. कुम्प० २८; सुपा० २८५; (४) शाक विशेष. A kind of vegetable. —इल्ल. पुं० (वत्) पटेल; गांव का मुखिया. Chief; Leader of a village. —उडी. स्त्री० (कुटी) तंबू; वस्त्र-गृह. Tent. सुर० १३, १५७;—वासिआ. स्त्री० (वासिता) एक शिरोभूषण. A kind of ornament of the head. —साला. स्त्री० (शाला) उपाश्रय; जैन मुनि को रहने का स्थान. An abode of Jaina saints. सुपा० २८५;

पट्टदेवी. स्त्री० (पट्टदेवी) पटरानी. The chief queen. सिरि० १२१२;

पट्टसुत्त. न० (पट्टसूत्र) रेशमी वस्त्र. Silk. धर्मवि० ७२;

पट्टिय. त्रि० (पट्टिक) पट्टे पर दिया जाता गांव वगैरः A village given on contract. सुपा० २७३;

पट्ठ. त्रि०(प्रष्ठ) (१) कुशल; निपुण. Clever; Sharp; Shrowd; Skilful. (२) प्रधान; मुखिया. Chief; principal; leader. राज०

पट्ठचर. त्रि० (पृष्ठचर) अनुयायी; अनुगामी. A follower. कुमा०

पट्ठवणा. स्त्री० (प्रस्थापना) (१) प्रकृष्ट स्थापना. Establishing. (२) प्रायश्चित्त-प्रदान. 'दुविहा पट्ठवणा खलु' वव० १;

पट्ठविअ. त्रि० (प्रस्थापित) भेजा हुआ. Sent away; Despatched. पाअ० कुमा०

पट्ठाण. न० (प्रस्थान) प्रयाण. Going or setting forth. सुपा० १४२;

पट्ठिउकाम. त्रि० (प्रस्थातुकाम) प्रयाण का इच्छुक. Desirous for setting forth. आ० १४;

पडंसुआ. स्त्री० (प्रतिश्रुत्) प्रतिशब्द; प्रतिध्वनि. Echo; Reverberation. हें० १, ८८; (२) प्रतिज्ञा. Promise. कुमा०

पडकुडी. स्त्री० (पटकुटी) तंबू; वस्त्र-गृह. Tent. दे० ६, ६; ती० ३;

पडच्चर. पुं० (पटच्चर) चोर; तस्कर. Thief. नाट-मृच्छ० १३८;

पडणीअ. त्रि० (प्रत्यनीक) विरोधी; प्रतिपक्षी; वैरी. Hostile; inimical. स० ४६१;

पडपुत्तिया. स्त्री० (पटपुत्रिका) छोटा वस्त्र; रुमाल. Handkerchief. संबोध० ५;

पडहिय. पुं० (पाटहिक) ढोल बजाने वाला; ढोली. One who beats a drum. पउम० ४८, ८६;

पडहिया स्त्री० (पटहिका) छोटा ढोल. A small drum. सुर० ३, ११५;

पडाइअ. त्रि० (पलायित) जिसने पलायन किया हो वह; भागा हुआ. Fled; retreated; escaped. से० १५, १५;

पडाइया. स्त्री० (पताकिका) छोटी पताका. Small flag. कुम्प० १४५;

पडायाणीय. त्रि० (पर्याणित) जिस पर पर्याण बाँधा गया हो वह. Saddled. कुमा० २, ६३;

पडि. अ० (प्रति) (१) विशेष; विशिष्टता. Distinguished; distinct. (२) प्रतिकार; बदला. Requital; recompense. 'पडिदेह' विशे० ३२४१; (३) फिर से. Again. 'पडिपडिय' सार्ध० ६४; दे० ६, १३; (४) प्रतिनिक्षिपन. Reprensatation. 'पडिच्छंद, उप० ७२८ टी; (५) प्रतिकूलता; विपरीतपन. Un-

favourableness. से० २, ४६; (६) सामीप्य; निकटता. Vicinity; nearness. 'पडिवेसिअ' सुपा० ५५२; (७) आधिक्य; अतिशय. Excess; superiority. 'पडियायंद' (८) सादृश्य; तुल्यता. Similarity; equality. 'पडिइंद' पउम० १०५, १११; (६) निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है. This word is sometimes used meaninglessly. पउम० १०५, ६; (१०) प्रकर्ष. Superiority; eminence. वव० १; (११) संपूर्णता. Perfectness. चेइय० ७८२;

पडिअ. त्रि० (पतित) जिसने चलने का प्रारम्भ किया हो वह. One who began to walk. 'आगयमग्गेण य पडिआ' वसु०

पडिअंकिअ. त्रि० (प्रत्यङ्कित) (१) विभूषित. Decorated; ornamented. (२) उपलिप्त. Besmeared. भवि०

पडिअग्गिअ. त्रि० (अनुव्रजित) अनुसृत. Followed. दे० ६, ७४;

पडिअग्गिअ. त्रि० (प्रतिजागृत) भक्ति से आदृत. Honoured with devotion. स० २१;

पडिअग्गिर. त्रि० (प्रतिव्रजितृ) अनुसरण करने की आदत वाला. Habituated to follow. कुमा०

पडिअत्तण. न० (परिवर्तन) फेरफार. Change. से० ५, ६६;

पडिअमित्त पुं० (प्रत्यमित्र) मित्र शत्रु; मित्र होकर पीछे से जो शत्रु हुआ हो वह. A friend changed into an enemy. राज०

पडिअम्मिय. त्रि० (प्रतिकर्मित) मण्डित; विभूषित. Decorated; adorned. दे० ६, ३५;

पडिअरणा. स्त्री० (प्रतिचरणा) (१) बीमार की सेवा-शुश्रूषा. Service of the diseased. ओघ०८३; (२) भक्ति; आदर; सत्कार. Devotion; respect; adoration. उप० १३६ टी; (३) आलोचना ; निरीक्षण. Inspection ; observation. ओघ० ८३; (४) प्रतिक्रमण; पाप-कर्म से निवृत्ति. Repenting; criticism of sins. (५) सत्-कार्य में प्रवृत्ति. Good deeds. आव० ४;

पडिआयण. न० (प्रत्यापान) फिर से पान. Drinking again. 'वंतस्स य पडिआयणं' दस० चू० १, १;

पडिआयण. न० (प्रत्यादान) फिर से ग्रहण. Holding again. दस० चू० १, १;

पडिआर. पुं० (प्रत्याकार) तलवार की म्यान. Scabbard; sheath. 'एकम्मि पडियारे' महा० स० २१५;

पडिआरि. त्रि०(प्रतिचारिन्) सेवा करने वाला. A devotee; one who serves. वव० १;

पडिइ. स्त्री० (पतिति) पतन; पात. Fall; decline; ruin. वव० ५;

पडिइंद. पुं० (प्रतीन्द्र) (१) इन्द्र; देवराज. The lord of gods. पउम० १०५, ६ ; (२) इन्द्र का सामानिक देव ; इन्द्र के तुल्य वैभव वाला देव. A god having the same position as Indra. पउम० १०५, १११; (३) वानर वंश के एक राजा का नाम. A king of the Vanar lineage. पउम० ६, १५२;

पडिइंधण. न० (प्रतीन्धन) अस्त्र विशेष; इन्धनास्त्र का प्रतिपक्षी अस्त्र. A kind of missile. पउम० ७१, ६४;

पडिउंबण. न० (प्रतिचुम्बन) संगम; संयोग. A conjuction; Union; combination. से० २, २७;

पडिउट्ठिअ. त्रि० (प्रत्युत्थित) जो फिर से खड़ा हुआ हो वह. Risen again. से० १५, ८०; पउम० ६१, ४०;

पडिउत्तर. न० (प्रत्युत्तर) जवाब; उत्तर. Answer. सुर० २,१४८; भवि०

पडिउत्तरण. न० (प्रत्युत्तरण) पार जाना; पार उतरना. To cross. निसी०चू० १;

पडिउत्ति. स्त्री० (प्रत्युक्ति) खबर; समाचार. News; tidings. महा०

पडिउत्थ. त्रि० (पर्युषित) संपूर्ण रूप से अवस्थित. To appear perfectly dressed well equipped; ready. से० ४, ५०;

पडिउद्ध. त्रि० (प्रतिबुद्ध) (१) जागृत; जगा हुआ. Awakened; roused. से० १२, २२; (२) प्रकाश-युक्त. Bright; shining. से० ५, २७;

पडिउपयार. पुं० (प्रत्युपकार) उपकार का बदला; प्रतिफल. Requital of an obligation; service in return. पउम० ४८, ७२; सुपा० ११५;

पडिओसह. न० (प्रत्यौषध) एक औषध का प्रतिपक्षी औषध. A medicine given to counteract the effect of the other medicine. सम्मत्त० १४२;

पडिकाय. पुं० (प्रतिकाय) प्रतिबिम्ब; प्रतिमा. An effigy; image. चेइय० ७५;

पडिकिदि. स्त्री० (प्रतिकृति) (१) प्रतिकार; इलाज. Prevention; remedy. (२) बदला. Requital; return. (३) प्रतिबिम्ब; मूर्ति. Idol; reflected image. • अभि० १६६;

पडिकिय. न० (प्रतिकृत) प्रतिबिम्ब; प्रतिमा. A reflection; image. चेइय० ७५;

पडिकूल. त्रि० (प्रतिकूल) (१) अनिष्ट; अनभिमत. Unpleasant; Disagreeable. (२) विरोधी; विपक्ष. Hostile; Adverse; Contrary. हे० २, ६७;

पडिकूलणा. स्त्री० (प्रतिकूलना) प्रतिकूल आचरण. An offensive or hostile action or conduct. (२) प्रतिकूलता; विरोध. Unfavourableness. धर्मवि० ४८;

पडिकूलिय. त्रि० (प्रतिकूलित) प्रतिकूल किया हुआ. Made unfavourable or hostile. राज०

पडिकूवग. पुं० (प्रतिकूपक) कूप के समीप का कूप. A small well near a well. स० १००;

पडिकेसव. पुं० (प्रतिकेशव) वासुदेव का प्रतिपक्षी राजा; प्रतिवासुदेव. Prativasudeo, opponent of Vasudeo. पउम० २०, २०४;

पडिक्कमय. त्रि० (प्रतिक्रामक) प्रतिक्रमण करने वाला. One who repents. आनि०४;

पडिक्खअ. त्रि० (प्रतीक्षक) प्रतीक्षा करने वाला; बाट जोहने वाला. One who waits for. गा० ५५७;

पडिक्खंभ. पुं० (प्रतिस्तम्भ) अर्गला; आगल. A bolt. से० ६, ३३;

पडिक्खण. न० (प्रतीक्षण) प्रतीक्षा; बाट. Waiting for. दे० १, ३४; कुमा०

पडिक्खलण. न० (प्रतिस्खलन) (१) पतन. Falling. (२) अवरोध. Hinderance; obstruction. आवम०

पडिक्खलिअ. त्रि० (प्रतिस्खलित) (२) परावृत; पीछे हटा हुआ. Retreated; retired. से० १, ७; (२) रुका हुआ. Prevented. से० १, ७; भवि०

पडिक्खाविअ. त्रि० (प्रतीक्षित) (१) स्थापित. Established. (२) कृत. Done; made. 'जेण पडिक्खाविआ' कुमा०

पडिक्खिअ. त्रि० (प्रतीक्षित) जिसकी प्रतीक्षा की गई हो वह. Waited for; expected. दे० ८, १३;

पडिक्खलिअ. त्रि० (प्रतिस्खलित) (१) रुका हुआ. Detained. भवि० (२) रोका हुआ. Preventd. सुपा०

पडिगमण. न० (प्रतिगमन) व्यावर्तन; पीछे लौटना. Returning; going back. वव० १०;

पडिगय. पुं० (प्रतिगज) प्रतिपक्षी हाथी. A hostile elephant. गउड०

पडिगाहिय. त्रि० (प्रतिगृहीत) लिया हुआ; उपात्त. Received; taken. सुपा० १४३;

पडिग्गाहय. त्रि० (प्रतिग्राहक) प्रत्यादाता; वापिस लेने वाला. One who takes back. दे० ७, ४६;

पडिघायग. त्रि० (प्रतिघातक) प्रतिघात करने वाला. One who gives a counter-blow; or repulsive. उप० २६४ टी;

पडिघोलिर. त्रि० (प्रतिघूर्णितृ) डोलने वाला; हिलने वाला. Shaking; moving to and fro. से० ६, ४१;

पडिचक्क. न० (प्रतिचक्र) अनुरूप; चक्र-समुदाय. Corresponding wheels or circles. राज०

पडिचरग. पुं० (प्रतिचरक) जासूस; चर पुरुष. A detective. बृह० १;

पडिचार. पुं० (प्रतिचार) (१) ग्रह आदि गति का परिज्ञान. Knowledge of the planets etc. (२) रोगी की सेवा-शूश्रूषा का ज्ञान. स०१०३;

पडिचारय. पुं० (प्रतिचारक) नौकर; कर्मकर. A servant. सुपा० ३०४;

पडिचोइय. त्रि० (प्रतिचोदित) (१) प्रेरित. Instigated; impelled. उप० पृ०३१४; (२) प्रतिभणित; जिसको उत्तर दिया गया हो, One who is answered or replied. पउम० ४४, ४६;

पडिच्छंद. पुं० न० (प्रतिच्छन्द) (१) मूर्ति; प्रतिबिम्ब. A reflection; image. उप० ७२८ टी; स० १११; १०६; (२) तुल्य; समान. Similality; equality. से० ८, ४६;

पडिच्छंदीकय. त्रि० (प्रतिच्छन्दीकृत) समान किया हुआ. Equalized. कुमा०

पडिच्छग. त्रि० (प्रत्येषक) ग्रहण करने वाला. A receiver. निसी० चू० ११;

पडिच्छण. न० (प्रतीक्षण) प्रतीक्षा; बाट. Waiting for. उप० ३७८;

पडिच्छणा. स्त्री० (प्रत्येषणा) ग्रहण; आदान. Taking. निसी० चू० १६;

पडिच्छा. स्त्री० (प्रतीच्छा) ग्रहण; अंगीकार. Acceptance; receiving; taking. द्र० ३३; सण०

पडिछा. स्त्री० (प्रतीक्षा) प्रतीक्षण ; बाट. Waiting for. ओघ० १७५;

पडिच्छाया. स्त्री० (प्रतिच्छाया) प्रतिबिम्ब. Reflection. उप० ५१३ टी;

पडिच्छिर. त्रि० (प्रतीक्षितृ) प्रतीक्षा करने वाला. One who waits for. वज्जा० ३६;

पडिजागय. त्रि० (प्रतिजागरक) सेवा-शुश्रूषा करने वाला. One who serves. उप० ७६८ टी;

पडिजग्गिय. त्रि० (प्रतिजागृत) जिसकी सेवा शुश्रूषा की गई हो वह. One who is served. सुर० ११, २४;

पडिजागर. पुं० (प्रतिजागर) (१) सेवा शुश्रूषा. Service. (२) चिकित्सा. Medical treatment ; curing ; healing. 'पडिजागरट्ठाए' सुपा० ५७६;

पडिजायणा. स्त्री० (प्रतियातना) प्रतिबिम्ब; प्रतिमा. A reflection; image; picture. चेइय० ७५;

पडिजुवइ. स्त्री० (प्रतियुवति) (१) स्व-समान अन्य युवति. A young woman. (२) सपत्नी. Second wife. कुम० ४;

पडिजोग. पुं० (प्रतियोग) कार्मण आदि योग का प्रतिघातक योग; चूर्ण विशेष. Thing to counteract the effects of magic; A special powder prepared by magic. सुर० ८, २०४;

पडिट्ठ. त्रि० (पटिष्ठ) अत्यंत निपुण. Skilful; dexterous; proficient. सुर० १, १३५; १३, ६६;

पडिट्ठविश्र. त्रि० (परिस्थापित) संस्थापित. Established. से० ५, ५२;

पडिट्ठविश्र. त्रि० (प्रतिष्ठापित) जिसकी प्रतिष्ठा की गई हो वह. Installated; inaugurated. अजु० ६४;

पडिठाण. न० (प्रतिस्थान) हर जगह. In every place; every where. धर्मवि० ४;

पडिणव. त्रि० (प्रतिनव) नया; नूतन. New. विक्र० २६;

पडितंत. त्रि० (प्रतितन्त्र) स्वशास्त्र ही में प्रसिद्ध अर्थ. According to each scripture. 'सोउ पडितंतो' बृह० १;

पडितणु. स्त्री० (प्रतितनु) प्रतिमा; प्रतिबिम्ब. A reflection; image; picture. चेइय० ७५;

पडितप्पिय. त्रि० (प्रतितर्पित) भोजन आदि से तृप्त किया हुआ. Satisfied with food etc. बव० १;

पडितुल्ल. त्रि० (प्रतितुल्य) समान; सदृश. Similar; Like. पउम० ५, १४६;

पडित्थिर. त्रि० (परिस्थिर) स्थिर. Firm; Steady; Fixed. से० २, ४;

पडिदाण. न० (प्रतिदान) दान के बदले में दान. Restoration; Giving bacak; Restitution. उप० ५६७ टी;

पडिदासिया. स्त्री० (प्रतिदासिका) दासी. A maid servant. दस० ३, १ टी;

पडिदिसा-पडिदिसि. स्त्री० (प्रतिदिश्) विदिशा; विदिक्. An intermediate point of the compass. राज० पि० ४१३;

पडिनमुक्कार. पुं० (प्रतिनमस्कार) नमस्कार के बदले में नमस्कार-प्रणाम. Salutation in return. रंभा०

पडिनियत्ति. स्त्री० (प्रतिनिवृत्ति) वापिस लौटना; प्रत्यापतन. Returning. मोह० ६३;

पडिनिवेस. पुं० (प्रतिनिवेश) आग्रह; कदाग्रह. Foolish obstinacy; Pertinacity. पञ्च० ६;

पडिनिसिद्ध. त्रि० (प्रतिनिषिद्ध) निवारित. Prohibited. उप० पृ० ३३३;

पडिपडिय. त्रि० (प्रतिपतित) फिर से गिरा हुआ. Fallen again. सार्ध० ६४;

पडिपाहुड. न० (प्रतिप्राभृत) बदले की भेंट. A present in return. सुपा० १४५;

पडिपिल्लण. न० (प्रतिप्रेरण) (१) प्रेरणा. Instigation. सुर० १५, १४१; (२) ढक्कन; पिधान. A cover; A lid. (३) त्रि० प्रेरणा करने वाला. An instigater. कुम्म० १३१;

पडिपीलण. न० (प्रतिपीडन) विशेष पीडन; अधिक दबाव. Oppressing; Molesting. गउड०

पडिपुच्छिअ. त्रि० (प्रतिपृष्ट) जिससे प्रश्न किया गया हो. Asked. गा० २८६;

पडिपुत्त. पुं० (प्रतिपुत्र) प्रपुत्र; पुत्र का पुत्र. A grandson. सुपा० ६;

पडिपूयग-पडिपूयय. त्रि० (प्रतिपूजक) पूजा करने वाला. A worshiper. राज०

पडिपूरिय. त्रि० (प्रतिपूरित) पूर्ण किया हुआ. Filled. पउम० १००, ५०; ११५, ७;

पडिपेल्लिय. त्रि० (प्रतिप्रेरित) जिसको प्रेरणा की गई हो; प्रेरित. One who is instigated. सुर० १५, १८०; महा०

पडिपोत्तय. पुं० (प्रतिपुत्रक) नप्ता; कन्या का पुत्र; लड़की का लड़का. A son of a daughter. सुपा० ११२;

पडिप्फद्धि. त्रि० (प्रतिस्पर्धिन्) स्पर्धा करनेवाला. Rival; competitor. हे० १, ४४; २, ५३; प्राप्र०संक्षि० १६;

पडिप्फलणा. स्त्री० (प्रतिफलना) (१) स्खलना. Slipping. (२) संक्रमण. Passing from one point to another. सुपा० ८७;

पडिप्फलिअ-पडिफलिअ. त्रि० (प्रतिफलित) (१) प्रतिबिम्बित; संक्रान्त. Reflected. से० १५, ३१; हे० १, १७; (२) स्खलित. Slipped. पाअ०

पडिबंध. पुं० (प्रतिबन्ध) व्याप्ति; नियम. Invariable and inseparable connection. धर्मसं० ११११; (२) अत्यादर बहुमान. Honour; respect. उप०७७६; उवर० १४६;

पडिबंधअ-ग. त्रि० (प्रतिबन्धक) प्रतिबन्ध करने वाला; रोकने वाला. Impeding; obstructing; hindering. अभि० २५३; उप० ६४५;

पडिबंधण. न० (प्रतिबन्धन) प्रतिबन्ध; रुकावट. Obstruction; impediment; Obstacle. पि० २१८;

पडिबद्ध. त्रि० (प्रतिबद्ध) (१) उपजनित; उत्पादित. Produced. गउड० १८२; (२) व्यवस्थित. Managed. पंचा० १३; (३) वेष्टित. Wrapped. गउड०

पडिबिंब. न० (प्रतिबिम्ब) परछांई; प्रतिच्छाया. A shadow. सुपा० २३६; (२) प्रतिमा; प्रतिमूर्त्ति. Reflection; image. पाअ० प्रामा०

पडिबुज्झणया-पडिबुज्झणा. स्त्री० (प्रतिबोधना) (१) बोध; समझ. Preception; knowledge. (२) जागृति. Waking; waken. स० १५१;

पडिबुद्ध. त्रि० (प्रतिबुद्ध) (१) बोध-प्राप्त. Perceived. प्रासू० १३५; उव० (२) न० प्रतिबोध. Perception; knowledge.

पडिबोहग. त्रि० (प्रतिबोधक) (१) बोध देने वाला. An instructor. (२) जगाने वाला. Enlightened or one who has shaken off sleepishness or ignorance. विशे० २४७ टी;

पडिभंग. पुं० (प्रतिभङ्ग) भंग; विनाश. Destruction; ruin. से० ५, १६;

पडिभड. पुं० (प्रतिभट) प्रतिपक्षी योद्धा. A warrior on the opposite side. से० १३, ७२; आरा० ५१; भवि०

पडिभणिय. त्रि० (प्रतिभणित) प्रत्युत्तरित; जिसका उत्तर दिया गया हो वह. That which is answered. महा० सुपा०६०; (२) निराकृत. Refuted. धर्मसं० ६५०; (३) न०प्रत्युत्तर; निराकरण. An answer. धर्मसं० ६१;

पडिभमिय. त्रि०(प्रतिभ्रान्त-परिभ्रान्त) घूमा हुआ. Roamed. भवि०

पडिभय. न० (प्रतिभय) भय; डर. Fear; terror. पउम० ७३, १२;

पडिभाग. पुं० (प्रतिभाग) प्रतिबिम्ब. A reflection. राज०

पडिभिण्ण. त्रि० (प्रतिभिन्न) संबद्ध; संलग्न. Closely attached; united with; adhering to. से० ४, ५; (२) भेद-प्राप्त. Divided. प्रव० १६; चेइय० ६४२;

पडिभुअंग. पुं० (प्रतिभुजङ्ग) प्रतिपक्षी-भुजंग; वेश्या-लंपट. Whisk (made of cotton strings, and generally used by the monks of Jain Sect). कर्पूर०२७;

पडिभू. पुं० (प्रतिभू) जामिनदार; मनौतिया. A bail; guarantor. नाट-चैत० ७५;

पडिम. त्रि० (प्रतिम) समान; तुल्य. Similar; alike. मोह० ३५;

पडिमल्ल. पुं० (प्रतिमल्ल) प्रतिपक्षी मल्ल. An antagonist. भवि०

पडिमा. स्त्री० (प्रतिमा) मूर्ति; प्रतिबिम्ब. A reflection; image. दसनि० १; पाश्र० गा० १; ११४;

पडिमाण. न० (प्रतिमान) प्रतिमा; प्रतिबिम्ब. A reflection; idol. चेइय० ७५;

पडिमुंडणा. स्त्री० (प्रतिमुण्डना) निषेध; निवारण. Prohibition. वृह० १;

पडिमुक्क. त्रि० (प्रतिमुक्त) छोड़ा हुआ. Released. से० ३, १२;

पडिमोअणा. स्त्री० (प्रतिमोचना) छुटकारा. Liberation; release. से० १, ४६;

पडिमोक्खण. न० (प्रतिमोचन) छुटकारा. Liberation; release. स० ४१;

पडियक्क. न० (प्रतिचक्र) युद्ध कला-विशेष. A made of fighting. 'ईर.त्थे पडियक्के' महा०

पडियग्गण. न० (प्रतिजागरण) सम्हाल; खबर. Watchfulness; vigilance; attention. धर्मसं० १०१३;

पडियरण. न० (प्रतिकरण) प्रतीकार; इलाज. Counter-action; obviating; prevention. पिंड० ३६६;

पडियरिअ. त्रि० (प्रतिचरित) सेवित. Served. मोह० १०५;

पडियारणा. स्त्री० (प्रतिवारणा) निषेध. Prohibition. पंचा० १७, ३४;

पडिर. त्रि० (पतितृ) गिरने वाला. One who falls. कुमा०

पडिरक्खिय. त्रि० (प्रतिरक्षित) जिसकी रक्षा की गई हो वह. Protected. भवि०

पडिरव. पुं० (प्रतिरव) प्रतिध्वनि; प्रतिशब्द. An echo; reverberation. गउड० गा० ५५; सुर० १, २४४;

पडिराय. पुं० (प्रतिराग) लाली; रक्तपन. Redness; crimson hue. गउड०

पडिरुद्ध. त्रि० (प्रतिरुद्ध) रोका हुआ; अटकाया हुआ. सुपा० ८५; वज्जा० ५०;

पडिरोव. पुं० (प्रतिरोप) पुनरारोपण. Installing again. कुम० ५५;

पडिरोह. पुं० (प्रतिरोध) रुकावट. Impediment; Hinderance. गउड० गा० ७२४;

पडिरोहि. त्रि० (प्रतिरोधिन्) रोकने वाला. One who hinderes. गउड०

पडिलग्ग. त्रि० (प्रतिलग्न) लगा हुआ; संबद्ध. Adhered to; stuck. से० ६, ८६;

पडिलाहण. न० (प्रतिलाभन) दान; देना. Giving. रंभा०

पडिलिहिअ. त्रि० (प्रतिलिखित) लिखा हुआ. Written. ति० १४;

पडिलीण. त्रि० (प्रतिलीन) अत्यन्त-लीन. Completely absorbed in. धर्मवि० ५३;

पडिलेहणी. स्त्री० (प्रतिलेखनी) साधु का एक उपकरण. A mendicants act of favour or assistance; or a Jain saint requirements or his articles of utmost need. प्रव० ६१;

पडिलेहय. त्रि० (प्रतिलेखक) निरीक्षक; देखने वाला. An inspector. ओघ० ४;

पडिलोम. न० (प्रतिलोम) १) पश्चानुपूर्वी; उलटा क्रम. Inverted order. सुर० १६, ४८; निसीचू० १; (२) उदाहरण का एक दोष. A defect of illustration. (२) अपवाद. दसनि० १; Exception. राज०

पडिवइर. न० (प्रतिवैर) वैरका बदला. Retaliation of hostilities; revenge. भवि०

पडिवंचण. न० (प्रतिवञ्चन) बदला. Requital; recompense. पउम० २६, ७३;

पडिवक्ख. पुं० (प्रतिपक्ष) (१) छन्द विशेष. A kind of metre. पिंग० (२) विपर्यय;

वैपरीत्य. Contrariety; reverse; inversion. सम०

पडिवक्खिय. त्रि० (प्रतिपक्षिक) विरुद्ध पक्ष वाला; विरोधी. An opponent. सम०

पडिवज्जण. न० (प्रतिपत्ति) स्वीकार; अंगीकार. Acceptance. कुम० १४७;

पडिवज्जण. न० (प्रतिपादन) अंगीकारण; स्वीकार करवाना. Causing to accept. कुम० १४७; ३८६;

पडिवज्जय. त्रि० (प्रतिपादक) स्वीकार करने वाला. One who accepts. स० ५०५;

पडिवज्जावण. न० (प्रतिपादन) स्वीकारण; स्वीकार कराना. Causing to accept. कुम० ६६;

पडिवज्जाविय. त्रि०(प्रतिपादित)स्वीकार कराया हुआ. Caused to accept. महा०

पडिवट्टअ. न०(प्रतिपट्टक) एक प्रकार का रेशमी कपड़ा. A kind of silk. कप्पू०

पडिवड्ढावअ. त्रि०(प्रतिवर्धापक) (१) बधाई देने पर उसे स्वीकार कर धन्यवाद देने वाला. One who aknowledges greetings and congratulations. (२) बधाई के बदले में बधाई देने वाला. One who congratulates in exchange of greetings. कप्पू०

पडिवण्ण. त्रि०(प्रतिपन्न) स्वीकृत; अंगीकृत. Accepted. षड्०

पडिवत्त. पुं० (परिवर्त) परिवर्तन Change. नाट० मृच्छ० ३१८;

पडिवत्ति. स्त्री० (प्रतिपत्ति) (१) प्रवृत्ति; खबर. News. पउम० ४७, ३०-३१; (२) अभिग्रह-विशेष. A kind of vow for taking food. (३) परिपाटी; क्रम. Order; succession. आव० ४;

पडिवयण. न० (प्रतिवचन) (१) प्रत्युत्तर; जवाब. An answer. गा० ४१६; सुर० २, १२३; सुपा० १४३; भवि० (२) आदेश; आज्ञा. A command; An order. 'देहि मे पडिवयणं' आवम० (३) पुं० हरिवंश के एक राजा का नाम. A king of the Harivansa lineage. पउम० २२, ६७;

पडिवविय. त्रि० (प्रत्युप्त) फिर से बोया हुआ. Re-sown; re-planted. दे० ६, १३;

पडिवसभ. पुं० (प्रतिवृषभ) मूल स्थान से दो कोस की दूरी पर स्थित गाँव. Village situated four miles away from the centre. प्रव० ७०;

पडिवह. पुं० (प्रतिवध-परिवध) वध; हत्या Act of killing. पउम० ७३, २४;

पडिवाइ. त्रि० (प्रतिवादिन्) प्रतिवाद करने वाला; वादी का विपक्षी. Opponent defendant. भवि० ५१, ३;

पडिवाइ. त्रि० (प्रतिपादिन्) प्रतिपादन करने वाला. One who explains or expounds. भवि० ५१, ३;

पडिवाइअ. त्रि० (प्रतिपातित) (१) फिर से गिराया हुआ. Felled again; pulled down or fallen (२) नष्ट किया हुआ. Ruined; perished. भवि०

पडिवाइअ. त्रि० (प्रतिपादित) जिसका प्रतिपादन किया गया हो; निरूपित. Explained; expounded. अच्चु० ५; स० ४६; ५४३;

पडिवाइअ. त्रि० (प्रतिवाचित) (१) लिखने के बाद पढ़ा हुआ; फिर से बांचा हुआ. Revised. कुम० १६७;

पडिवादय. त्रि० (प्रतिपादक) प्रतिपादन करने वाला. One who explains. नाट-चैत० ३४;

पडिवाय. पुं० (प्रतिपात) (१) पुनः पतन; फिर से गिरना. To pull down again. नव० ३६; (२) नाश; ध्वंस. Ruin; destruction. विसे० ५७७;

पडिवाय. पुं॰ (प्रतिवाद) विरोध. Opposition; impediment. भवि॰

पडिवाय. पुं॰ (प्रतिवात) प्रतिकूल पवन. An opposite or unfavourable wind. आवम॰

पडिवायण. न॰ (प्रतिपादन) निरूपण. Demonstration. कुप्र॰ १२६;

पडिवालण. न॰ (प्रतिपालन) (१) रक्षण. Protection. (२) प्रतीक्षा; बाट. Await. बाट—महा॰ ११८; उप॰ ६६६;

पडिवालिअ. त्रि॰ (प्रतिपालित) (१) रक्षित. Protected. (२) प्रतीक्षित; जिसकी बाट देखी गई हो वह. Awaited, or expected. महा॰

पडिवास. पुं॰ (प्रतिवास) औषध आदि को विशेष उत्कट बनाने वाला चूर्ण आदि. A medicine which makes other medicines strong. उर॰८,५;सुपा॰६७;

पडिवासर. न॰ (प्रतिवासर) प्रतिदिन; हर रोज. Daily. गउड॰

पडिवित्थर. पुं॰ (प्रतिविस्तर) परिकर; विस्तर. Spreading; extension; expansion. सूय॰ २, २, ६२ टी; राज॰

पडिविद्धंसण. न॰ (प्रतिविध्वंसन) विनाश; ध्वंस. Destruction; ruin. राज॰

पडिविप्पिय. न॰ (प्रतिविप्रिय) अपकार का बदला; बदले के रूप में किया गया अनिष्ट. To requital or retaliate. महा॰

पडिविहाण. न॰ (प्रतिविधान) प्रतीकार. Counter-action; obviating. स॰ ५६७.

पडिवेसिअ. त्रि॰ (प्रातिवेश्मिक) पड़ोसी; पड़ोस में रहने वाला. Neighbour. सुपा॰ ५५२;

पडिसंका. स्त्री॰ (प्रतिशङ्का) भय; शंका. Fear; suspense. पउम॰ ६७, १५;

पडिसंत. त्रि॰ (प्रतिश्रान्त) विश्रान्त. Rest. बृह॰ १;

पडिसंमुह. न॰ (प्रतिसंमुख) संमुख; सामने. Face to face. महा॰

पडिसंलाव. पुं॰ (प्रतिसंलाप) प्रत्युत्तर; जवाब. Answer. से॰ १, २६; ११, ३४;

पडिसडण. न॰ (प्रतिशदन) (१) सड़ जाना. Decaying; withering. (२) विनाश. Destruction. काल॰

पडिसत्थ. पुं॰ (प्रतिसार्थ) प्रतिकूल यूथ. Unfavourable company. निसी॰ चू॰ ११;

पडिसद्द. पुं॰ (प्रतिशब्द) (१) प्रतिध्वनि. An echo; everberation. पउम॰ १६, ५३; भवि॰ (२) उत्तर; प्रत्युत्तर; जवाब. Answer. पउम॰ ६, ३५;

पडिसद्दिय. त्रि॰(प्रतिशब्दित) प्रतिध्वनि युक्त. Echoed, resounded. सम्मत्त॰ २१८;

पडिसय. पुं॰ (प्रतिश्रय) उपाश्रय; साधु-निवास-स्थान. A place of Jaina saints; seat of a Jain monk or saint. दस॰ २, १ टी;

पडिसर. पुं॰ (प्रतिसर) (१) सैन्य का पश्चाद् भाग. The rear of an army. प्राप्र॰ (२) हस्त-सूत्र; कंकण. Bracelet. धर्म॰२;

पडिसरण. न॰(प्रतिसरण) कंकण. Bracelet. पंचा॰ ८, १५;

पडिसरीर. न॰ (प्रतिशरीर) प्रतिमूर्ति. Reflection; image. 'पट्टविम्बो पडिसरीरं व' धर्मवि॰ ३;

पडिसलागा. स्त्री॰ (प्रतिशलाका) पल्य-विशेष. A particular duration of time. क॰ गं॰ ४, ७३;

पडिसवत्त. त्रि॰ (प्रतिसपत्न) विरोध Opponent; enemy. दसनि॰ ६, १८;

पडिसाडण. स्त्री॰ (परिशाटना) च्युत करना; भ्रष्ट करना. To pollute; defile. वव॰१;

पडिसाय. त्रि० (शान्त) शान्त; शम-प्राप्त. Calm and quiet,or peaceful. कुमा०

पडिसार. पुं० (प्रतिसार) (१) सजावट. Preparations. (२) अपसरण. (३) विनाश. Destruction. (४) पराङ्मुखता. Having the face turned away. हे० १, २०६;

पडिसार. पुं० (प्रतिसार) अपसारण. Removing to a distance. हे० १, २०६;

पडिसारण. न० (प्रतिस्मारण) याद दिलाना. To remind. वव० १;

पडिसारिअ. त्रि० (प्रतिसारित) (१) दूर किया हुआ, अपसारित. Driven, expelled. से० ११, १; (२) विनाशित. Ruined, destroyed. से० १४, ४८; (३) पराङ्मुख. Turning the face away. से० १३, ३२;

पडिसिद्धि. स्त्री० (प्रतिसिद्धि) (१) अनुरूप सिद्धि. A corresponding or suitable accomplishment. (२) प्रतिकूल सिद्धि. A contrary accomplishment. हे० १, ४४; षड्०

पडिसिलोग. पुं० (प्रतिश्लोक) श्लोक के उत्तर में कहा गया श्लोक. A verse recited as a reply to another verse. सम्मत्त० १४६;

पडिसिविणअ. पुं० (प्रतिस्वप्नक) स्वप्न का विरोधी स्वप्न, स्वप्न का प्रतिकूल स्वप्न. A contradictory dream. कप्पू०

पडिसीसअ. क. न० (प्रतिशीर्षक) कृत्रिम मुंह, मुंह का परदा. An artificial face, or veil. कप्पू०

पडिसुणणा. स्त्री० (प्रतिश्रवणा) (१) अंगीकार; स्वीकार. Acceptance. (२) मुनि भिक्षा का एक दोष; आधा कर्म दोष वाली भिक्षा लाने पर उसका स्वीकार और अनुमोदन. Faults or shortcomings of a muni's (Monk) teachings. धर्म० ३;

पडिसुण्ण. त्रि० (प्रतिशून्य) खाली, रिक्त, शून्य. Empty, vacant. 'नय निक्षया निक्षपडिसुण्णा' ठा० १टी;

पडिसुद्ध. त्रि० (परिशुद्ध) अत्यन्त शुद्ध. Absolutey pure. चेइय० ८०७;

पडिसुया. स्त्री०(प्रतिश्रुता) प्रव्रज्या-विशेष, एक प्रकार की दीक्षा. A kind of initiation. ठा० १० टी;

पडिसुहड. पुं० (प्रतिसुभट) प्रतिपक्षी योद्धा. A warrior on the opposite side. काल०

पडिसूयग. पुं० (प्रतिसूचक) गुप्त-चरों की एक श्रेणी; नगर द्वार पर रहने वाला जासूस. A class of detectives. वव० १;

पडिस्संति. स्त्री० (परिश्रान्ति) परिश्रम. Fatigue, weariness, exhaustion. नाट-मृच्छ० ३२१;

पडिस्सय. पुं० (प्रतिश्रय) जैन साधुओं का रहने का स्थान, उपाश्रय. An abode of Jain monks. ओघ० ८७ भा; उप० ४७१; स० ६८७;

पडिस्सावि. त्रि० (प्रतिश्राविन्) झरने वाला, टपकने वाला. One that oozes, leaking. राज०

पडिहट्टु. अ० (प्रतिहृत्य) अर्पण करके. Having offered. कस० बृह० ३;

पडिहड. पुं० (प्रतिभट) प्रतिपक्षी योद्धा. A warrior on the opposite side. से० ३, ५३;

पडिहत्थ. त्रि० (प्रतिहस्त) तिरस्कृत. Disregarded, despised. चंड०

पडिहा. स्त्री० (प्रतिभा) बुद्धि-विशेष, नूतन २ उल्लेख करने में समर्थ बुद्धि. Genius,

bright conception, vivid imagination. कुमा०

पडिहार. पुं० (प्रतिहार) इन्द्रनियुक्त देव. A god appointed by Indra. प्रव०३६;

पडिहारिय. त्रि० (प्रतिहारित) अवरुद्ध, रोका हुआ. Obstructed, impeded. स० ५४६;

पडिहास. पुं० (प्रतिभास) प्रतिभास, प्रतिभान. Readiness of wit, quick-witted. हे० १, २०६; षड्०

पडिहासिय. त्रि० (प्रतिभासित) जिसका प्रतिभास हुआ हो. Looked, appeared. उप० ६८६ टी;

पडिहुअ—पडिहू. पुं० (प्रतिभू) ज़ामिन, ज़मानत देने वाला, मनौतिया. Surety. पाअ० दे० ५, ३८;

पडी. स्त्री० (पटी) वस्त्र, कपड़ा. A garment. गउड० सुर० ३, ४१;

पडीव. त्रि० (प्रतीप) प्रतिकूल, प्रतिपक्षी, विरोधी. An opponent, an enemy. भवि०

पडुत्तिया. स्त्री० (प्रत्युक्तिका) प्रत्युत्तर, जवाब. An answer. भवि०

पडोयार. पुं० (प्रत्युपकार) उपकार का उपकार. Requite. राज०

पढ. पुं० (पढ) भारतीय देश विशेष. A particular region of India. इक०

पढग. त्रि० (पाठक) पढ़ने वाला. Student, scholar. कप्प०

पढम. त्रि० (प्रथम) (१) नूतन, नया. New. (२) प्रधान, मुख्य. Chief, principal, eminent. कप्प० —समोसरण. न० (समवसरण) वर्षाकाल. The rainy season, monsoon. 'पढमसमोसरणं भवणइ' निसी० चू० १;

पढावअ. त्रि० (पाठक) अध्यापक. Teacher. प्राकृ० ६०;

पढावण. न० (पाठन) पढाना. Teaching. कुप्र० ६०;

पढाविअ. त्रि० (पाठित) पढ़ाया हुआ. Taught. सुपा० ४४३; कुप्र० ६१;

पढाविअवंत. त्रि० (पाठितवत्) जिसने पढ़ाया हो वह. Teacher or tutor. प्राकृ० ६१;

पढाविउ—पढाविर. त्रि० (पाठयितृ) अध्यापक. Teacher. प्राकृ० ६०;

पढिर. त्रि० (पठितृ) पढ़ने वाला. Student. सण०

पढुक. त्रि० (प्रढौकित) भेंट के लिए उपस्थापित. Prestented for offering. भवि०

पण. पुं० (पण) (१) शर्त; होड. Stake, bet, wager. महा० (२) प्रतिज्ञा. To take an oath or determination. आक० (३) धन. Riches, wealth. (४) विक्रेय वस्तु, क्रयाणक. A commodity for sale. ती० ३;

पणइ. स्त्री० (प्रणति) प्रणाम, नमस्कार. Salutation. पउम० ६६; ६६; सुर० १२, १३३; कुमा०

पणइ. त्रि० (प्रणयिन्) (१) प्रणय वाला, स्नेही, प्रेमी. Loving, affectionate. (२) पुं० पति, स्वामी. Husband. पाअ० गउड०८३७; (३) याचक, प्रार्थी. Beggar. गउड० २४६; २५१; सुर०१,१०८; (४) भृत्य, दास. Servant. 'पणइलवो' गउड० ७६७;

पणंगणा. स्त्री० (पणाङ्गना) वेश्या, वारांगना. Prostitute, harlot. उप० १०३१ टी; सुपा० ४६०; कुप्र० ५;

पणग. न० (पञ्चक) तप-विशेष, नीवी तप. A kind of penance. संबोध० ५७;

पणच्चण. न० (प्रनर्तन) नृत्य, नाच. Dance. सुपा० १६४;

पणमण. न० (प्रणमन) प्रणाम, नमस्कार.

Salutation. उव० सुपा०२७; ५६१;

पणमिश्र. त्रि० (प्रणमित) नमाया हुआ. Bent. भवि०

पणमिर. त्रि० (प्रणन्तृ) प्रणाम करने वाला, नमने वाला. One who bows or salutes. कुमा० कुम० ३५०; सण०

पणय. त्रि० (प्रणत) (१) जिसको प्रणाम किया गया हो वह. Bowed, Saluted. सुपा० २४०; (२) जिसने नमस्कार किया हो वह. One who has saluted. सुर० १,११२; सुपा०३६१;

पणय. पुं० (प्रणय) प्रार्थना. Prayer, solicitation. गउड०

पणयवंत. त्रि० (प्रणयवत्) स्नेह वाला, प्रेमी. Loving, affectionate. उप० १३१;

पणव. पुं० (प्रणव) ओंकार; ओं अक्षर. The sacred syllable-"Om". सिरि० १६६;

पणवीसी. स्त्री० (पञ्चविंशतिका) पचीस का समूह. A collection of twenty five. संबोध० २५;

पणसुंदरी. स्त्री०(पणसुन्दरी) वेश्या. Prostitute, harlot. धर्मवि० १२७;

पणामिश्र. त्रि० (अर्पित) समर्पित; देने के लिए धरा हुआ. Given, handed over. पाअ० कुमा० हेका० ५०;

पणामिश्र. त्रि० (प्रणमित) नमाया हुआ. Bowed, saluted. से० ४,३१; गा० २२;

पणामिश्र. त्रि० (प्रणत) नत, नमा हुआ. Bowed, saluted. स० ३१६;

पणाल. पुं० (प्रणाल) मोरी, पानी आदि जाने का रास्ता. Drain, gutter, channel. से० १३, ५४; उर०१, ५; ६;

पणालिश्रा. स्त्री० (प्रणालिका) (१) परम्परा. Succession, coming of from ages, or ancestral. (२) पानी जाने का रास्ता. Channel. कुमा०

पणाली. स्त्री० (प्रणाली) मोरी, पानी जाने का रास्ता. Drain, channel. गउड०

पणास. पुं० (प्रणाश) विनाश, उच्छेदन. Destruction, ruin. आवम०

पणासण. त्रि० (प्रणाशन) विनाश करने वाला. Destructor. पडि० कप्प०

पणिश्र. त्रि० (प्रणीत) रचित. Made. सूयनि० ११२;

पणिश्र. न० (पणित) शर्त, होड़, एक तरह का जूआ. Bet, A sort of gambling or hazard. भास० ६२;

पणिहि. पुं० स्त्री० (प्रणिधि) (१) कामना, अभिलाष. Desire, ambition. स० ८७; (२) पुं० चर पुरुष; दूत. Spy; An emissary. सुर० ३, ४; सुपा० ४६२; पाअ० (३) व्यवस्थापन. Managment. राज०

पणिहिय. त्रि० (प्रणिहित) प्रयुक्त, व्यापृत. Appointed. दसनि० ८;

पण्ण. न० (पर्ण) पत्र, पत्ती. Leaf. कुमा०

पण्ण. त्रि० (पार्ण) पर्ण संबन्धी, पत्ती से संबन्ध रखने वाला. Relating to or made of leaves; Leafy. राज०

पण्णई. स्त्री० (पन्नगी) भगवान् धर्मनाथ की शासन देवी. A governing deity of Lord Dharamnatha. प्रव० २७;

पण्णगासन. पुं० (पन्नगाशन) गरुड पक्षी. An epithet of Ganesha. पिंग०

पण्णत्ति. स्त्री० (प्रज्ञप्ति) (१) विद्यादेवी विशेष. A goddess of science. (२) विद्या विशेष. A branch of science. आया० चू० १;

पण्णपरिणय. पुं० (पण्णपर्णि) व्यन्तर देवों की एक जाति. A class of Viyantar gods. इक०

पण्णवण. न० (प्रज्ञापन) शास्त्र, सिद्धान्त. Scripture. विशे० ८६४;

पएणाग. त्रि० (प्रज्ञ) विद्वान. Learned man. पंचा० १७, २७;

पएणावंत त्रि० (प्रज्ञावत्) ज्ञानवान्. Wise, intelligent. राज०

पएणाविसा. स्त्री० (पञ्चविंशति) पचीस. Twenty five. पह्॰

पएहवाहण. न० (प्रश्नवाहन) जैन मुनि-गण का एक कुल. A group of Jain saints. सी० ३८;

पएहुअ. त्रि० (प्रस्नुत) (१) चरित, झरा हुआ. Oozed, Dropped. (२) जिसने झरने का प्रारम्भ किया हो. One that began to ooze. पउम० ७६, २०; हे० २, ७५;

पएहुइर. त्रि०(प्रस्नोतृ) झरनेवाला. Trickling, leaking. गा० ४६२;

पएहोत्तर. न० (प्रश्नोत्तर) सवाल जवाब. Question with answer. सुर० १६,४१; कप्पू०

पतारग. त्रि०(प्रतारक) वञ्चक, ठग. Cheat, imposter. धर्मसं० १४७;

पत्त. न० (पात्र) (१) आधार; आश्रय; स्थान. Support. कुमा० (२) लगातार बत्तीस उपवास. Thirty two fasts at a stretch. संबोध० ५८;

पत्त. त्रि० (प्राप्त) प्रसारित. Spread. कप्प०

पत्तट्ठ. त्रि०(प्राप्तार्थ) (१) बहु शिक्षित, विद्वान्; अति कुशल. Learned, skilful. दे० ६, ६८; सुर० १, ८१; सुपा० १२६; (२) समर्थ. Powerful. जीवस० २८५;

पत्तण. स्त्री०(प्रपण) प्राप्ति. Acquisition. पंचू० ४;

पत्तल. न० (पत्र) पत्ती, पर्ण. Leaf. हे० २, १७३; ४, ३८७; प्रामा० सण०

पत्तलण. न० (पत्रल) पत्र-समृद्ध होना, पत्र-बहुल होना. Abounding in leaves. गा० ६२६;

पत्ति. स्त्री० (प्राप्ति) लाभ. Acquisition, or gain. दे० १,४२;उप०२२६; चेइय०८१४;

पत्ति. पुं० (.पत्ति) (१) सेना विशेष, जिसमें एक रथ, एक हाथी, तीन घोड़े और पांच पैदल हों, The smallest division of an army consisting of one chariot, one elephant, three horsemen and five foot-soldiers. (२) पैदल चलने वाली सेना. An army of footmen. उप० ७२८ टी;

पत्तिआ. स्त्री० (पत्रिका) पर्ण, पत्ती. Leaf. कुमा०

पत्तेअ-ग. न० (प्रत्येक) पृथक पृथक, अलग अलग. Each, every one. क० गं० १, ५०;

पत्तेय. त्रि० (प्रत्येक) बाह्य कारण. Each, single. नंदी० १३०; १३१ टी;

पत्थ. पुं० (पार्थ) (१) अर्जुन, मध्यम पाण्डव. Arjuna. स० ६१२; वेणी० १२६; कुमा० (२) पाञ्चाल देश के एक राजा का नाम. A king of the Panchala region. पउम० ३७, ८; (३) भद्दिलपुर नगर का एक राजा. A king of Bhaddilapur. सुपा० ६२६;

पत्थ. पुं० (प्रार्थ) (१) प्रार्थन, प्रार्थना. Prayer. (२) दो दिन का उपवास. Two fasts at a time. संबोध० ५८;

पत्थण. न० (प्रार्थन) प्रार्थना. Prayer, solicitation. महा० भवि०

पत्थरण. न०(प्रस्तरण) बिछौना. Bedding. धर्मवि० १४७;

पत्थरिअ. त्रि० (प्रस्तृत) बिछाया हुआ. Spread. पाअ०

पत्थार. पुं० (प्रस्तार) विस्तार. Area. उवर० ६६; (२) तृण-वन. A forest of grass. (३) पल्लवादि-निर्मित शय्या. A bed

of leaves and flowers. (४) पिंगल-प्रसिद्ध प्रक्रिया-विशेष. (In prosody) A tabular representation of the long and short vowels of a metre with all its varieties. प्राम०

पत्थिअ. त्रि० (प्रार्थिक) प्रार्थी; प्रार्थना करने वाला. Prayer, one who solicites blessings for others. उव०

पत्थिअ. त्रि० (प्रास्थित) विशेष आस्था वाला; प्रकृष्ट श्रद्धा वाला. Full of faith, believer. उव०

पत्थिव. त्रि० (पार्थिव) पृथ्वी का विकार. Earthen, earthly. रज०

पदक्खिण. त्रि० (प्रदक्षिण) (१) जिसने दक्षिण की तरफ से लेकर मण्डलाकार भ्रमण किया हो. One who circumambulated from left to right or who has travelled round about from the south to all directions. (२) न० दक्षिणावर्त्त भ्रमण. Circumambulation from left to right or walking round about. प्रयौ० ३४;

पदक्खिणा. स्त्री० (प्रदक्षिणा) दक्षिण की ओर से मण्डलाकार भ्रमण. Circumambulation from left to right, or walking round about. नाट-चैत० ३८;

पदहण. न० (प्रदहन) संताप, गरमी. Heat, warmth. कुमा०

पदाइ. त्रि० (प्रदायिन्) देने वाला. Donor. नाट-विक्र० ८;

पदायग. त्रि० (प्रदायक) देने वाला. Donor. विशे० ३२००;

पदीविआ. स्त्री० (प्रदीपिका) छोटा दिया. Small lamp. नाट-मृच्छ० ४१;

पदुब्भेइय. न० (पदोद्भेदक) पद विभाग और शब्दार्थ मात्र का पारायण. A lecture on the analysis of the formation of words and their meanings. राज०

पदूमिय. त्रि०(प्रदूमित) अत्यन्त पाडित. Extremly harassed or tortured. बृह० ३;

पदूसणया. स्त्री० (प्रद्वेषण) द्वेष, मात्सर्य. Jealousy, malice. उप० ४८६;

पदेस. पुं०(प्रद्वेष) द्वेष. Hatred, dislike; abhorrence. धर्म सं० ६७;

पद्द. न० (पद्य) श्लोक, वृत्त, काव्य. Stanza or verse. प्राकृ० २१;

पद्धइ. स्त्री० (पद्धति) (१) मार्ग, रस्ता. Road, way. सुपा० १८६; (२) परिपाटी, क्रम. Method, manner, course. आवम० (३) प्रक्रिया, प्रकरण. Chapter. वज्जा० २;

पधावण. न०(प्रधावन)(१) दौड़, वेग से गमन. Running fast. or gallopping. (२) कार्य की शीघ्र सिद्धि. Rapid accomplishment of an object. श्रा० १; (३) प्रक्षालन. Cleansing, washing off. धर्मसं० १०७८;

पधूवण. न० (प्रधूपन)(१) धूप देना. Fumigation; Perfuming. (२) एक प्रकार का आलेपन द्रव्य. A kind of smearing substance. कस०

पणंगणा. स्त्री० (पण्याङ्गना) वेश्या, वाराङ्गना. Harlot, prostitute. उप० १०३१ टी;

पन्नया. स्त्री० (पन्नगा) भगवान् धर्मनाथ जी की शासन देवी. A presiding deity of Lord Dharmanatha. संनि० १०;

पन्नाडिअ. त्रि० (मृदित) जिसका मर्दन किया गया हो. Crushed, pounded. पाअ० कुमा०

पपलीण. त्रि०(प्रपलायित) भागा हुआ. Fled, retreated, fugitive. पि० ३४६, ३६७,

नाट-मृच्छ० ५८.

पपिश्रामह. पुं० (प्रपितामह) (१) विधाता, ब्रह्मा. An epithet of Brahma. राज० (२) पितामह का पिता. Paternal great Grandfather. धर्मसं० १४६.

पप्पुअ. त्रि० (प्रप्लुत) (१) व्याप्त. Spread, covered with. 'वयपप्पुय' प्रव० ४ टी. (२) न० कूदना, लाँघना. Leaping, jumping. गउड० १२८.

पप्फंदरण. न० (प्रस्पन्दन) प्रचलन, फरकना. Palpitating, vibrating, trembling. राज०

पप्फुडिअ. पुं०(प्रस्फुटित) नरकावास विशेष. A particular hell. देवेन्द्र० २६.

पप्फुरिअ. त्रि०(प्रस्फुरित)फरका हुआ. Trembled, palpitated. दे० ६, १६.

पप्फुल्ल. त्रि० (प्रफुल्ल) विकसित, खिला हुआ. Blooming, blossomed, full blown. उप०पृ०११४, पउम०३, ६६, सुर० २,७६, षड्०गा०६३६, ६७०, काप्र०१६१.

पप्फुलिअ. त्रि० (प्रफुल्लित) देखो 'पप्फुल्ल' शब्द. Vide 'पप्फुल्ल' सम्मत्त०१८६, भवि०

पप्फोडिअ. त्रि० (प्रस्फोटित) (१) निर्झटित, झाड़ कर गिराया हुआ. Winnowed, whisked. पाअ० पडि० (२) फोड़ा हुआ, तोड़ा हुआ. Broken. संबोध० १७.

पबल. त्रि० (प्रबल) बलिष्ठ, प्रचण्ड, प्रखर. Very strong, powerful, mighty. कुमा०

पबुद्ध. त्रि० (प्रबुद्ध) (१) प्रवीण, निपुण. Wise, learned, clever. से० १२,३४, (२) जागा हुआ. Awakened. roused. सुर० ४, २२६; (३) जिसने अच्छी तरह जानकारी प्राप्त की हो. Knowing, conversant with.

पबोधरण. न०(प्रबोधन) प्रकृष्ट बोधन. Knowledge, wisdom. राज०

पबोह. पुं० (प्रबोध) (१) जागरण. Wakefulness, Sleeplessness. (२) ज्ञान, समझ. Knowledge, wisdom, understanding. चारु० ५४, पि० १६०.

पबोहिअ. त्रि० (प्रबोधित) (१) जगाया हुआ. Awakened, aroused. जिसको ज्ञान कराया गया हो. Instructed, informed. सुपा० ३१३.

पब्भ. त्रि०(प्रह्व) नम्र. Humble, modest. प्राकृ० २४.

पब्भट्ठ-पब्भसिअ. त्रि० (प्रभ्रष्ट) (१) विस्मृत. Forgotten. से० १४, ४२, (२) पुं० नरकावास विशेष. Hell. देवेन्द्र० २८.

पब्भार. पुं० (प्राग्भार) प्रकृष्ट भार. Heavy load. धम्म० ८ टी; (२) ऊपर का भाग. Top, upper part. से० ४, २०, (३) एक देश, एक भाग. Part, portion. से० १,५८, (४) उत्कर्ष, परभाग. Excellence, superiority. गउड०

पब्भूअ. त्रि० (प्रभूत) उत्पन्न. Produced, sprung from. धर्मवि० ३५.

पब्भोअ. पुं०(प्रभोग) भोग, विलास. Amorous pastime, diversion; pleasure, enjoyment. दे० ६, १०.

पभंकरावई. स्त्री० (प्रभङ्करावती) विदेह वर्ष की एक नगरी. A city of Videha region. आयाचू० १.

पभंजरण. पुं० (प्रभञ्जन) (१) वायु, पवन. Wind. से०१४, ६६, (२) मानुषोत्तर पर्वत के एक शिखर का अधिपति देव. A presiding god of the summit of the Manushottara mountain. राज० —तरणअ. पुं० (तनय) हनुमान. Name of a powerful monkey-chief. से० १४, ६६.

पभंसण. न० (प्रभ्रंशन) स्खलना. Stumbling, slipping, tripping. धर्मसं० १०७६.

पभणिय. त्रि०(प्रभणित) उक्त, कथित. Said. सया०

पभवा. स्त्री०(प्रभवा)तृतीय वासुदेव की पटरानी. A crowned queen of the third Vasudeo. पउम० २०, १८६.

पभविय. त्रि० (प्रभूत) जो समर्थ हुआ हो. Mighty, powerful. धर्मवि० १२३.

पभा. स्त्री०(प्रभा) प्रभाव. Dignity; Grandeur. देवेन्द्र० ३२०.

पभावई. स्त्री० (प्रभावती) (१) रावण की एक पत्नी का नाम. Name of a queen of Ravana. पउम० ७४, ११; (२) बलदेव के पुत्र निषध की भार्या. A wife of Nishadha, son of Baladeo. आयाचू० १.

पभावग. त्रि०(प्रभावक)(१) प्रभाव बढ़ानेवाला, शोभा की वृद्धि करने वाला. Dignifying. श्रा०६; द्र० २३; (२) उन्नति कारक. Prospering. (३) गौरव जनक. Creating honour. संबोध० ३१; कुप्र० १६८.

पभावाल. पुं० (प्रभापाल) वृक्ष विशेष. A kind of tree. राज०

पभास. पुं०(प्रभास)(१) एक जैनमुनि का नाम. Name of a Jaina saint. धर्म० ३, (२) एक चित्रकार का नाम. Name of a painter. धर्म० ३१ टी.

पभिइं-पभिई-पभीइ-पभीइं. अ०(प्रभृति)प्रारम्भ कर, शुरु कर, लेकर. From, eversince, beginning with. 'बालभावाओ पभिइं' सुर. ४,१६७, कप्प० महा०स०७३६,२७५ टि.

पभु. पुं० (प्रभु) (१) इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम. Name of a king of Ikshvaku lineage. पउम० ५, ७. (२) स्वामी, मालिक. Master, owner, proprietor. पउम० ६३, २६, बृह० २. (३) राजा, नृप. King, ruler. निसी० चू० २. (४) त्रि० योग्य, लायक. Fit, proper, suitable. 'पभुत्तिवा' निसी० चू०२०.

पभुत्त. त्रि०(प्रभुक्त) (१)जिसने खाने का प्रारम्भ किया हो. One who began to eat. सुर०१०, ५८; (२) जिसने भोजन किया हो. One who has eaten. स० १०४.

पमक्खण० न० (प्रम्रक्षण) (१) अभ्यञ्जन, बिलेपन. Smearing. (२) बिवाह के समय किया जाता एक तरह का उबटन. A smearing ceremoney observed at the time of marriage. स० ७४.

पमक्खिअ. त्रि० (प्रम्रक्षित) (१) विलिप्त. Smeared. बिवाह के समय जिस को उबटन किया गया हो. One who is annointed at the time of marriage. वसु०

पमज्जय. त्रि०(प्रमार्जक) प्रमार्जन करने वाला. Cleansing, Purifying. दे० ५, १८.

पमज्जिय. त्रि० (प्रमृष्ट-प्रमार्जित) साफ किया हुवा. Cleansed. महा०

पमद्द. पुं० (प्रमर्द) (१) ज्योतिष शास्त्र में प्रसिद्ध एक योग. A particular combination of stars in astrology. (२) मर्दन करने वाला. One who annoints. (३) विनाशक. Destructive, ruinous. 'भवदुहपमद्द' संबोध० ३७.

पमद्दण. न० (प्रमर्दन) (१) रूई की पूणी बनाना. Making a roll of cotton ready for spinning. पिंड० ६०३. (२) त्रि० बिनाश करने वाला. Destructive; ruinous. संबोध० ३७.

पमद्दय. त्रि० (प्रमर्दक) प्रमर्दन-कर्त्ता. Crushing, destroying. दसनि० १०, ३०.

पमय. पुं॰ (प्रमद) (१) आनन्द, हर्ष. Joy, pleasure; delight. काल॰ आ॰ २७; (२) न॰ धतूरे का फल. A Dhattura fruit. —च्छी. स्त्री॰ (अक्षी) स्त्री, महिला. Woman, lady. सुपा॰ २३०; —वण. न॰ (वन) राजा के अन्तःपुर स्थित वन. A pleasure-garden attached to the royal harem. से॰ ११, ३७.

पमा. स्त्री॰ (प्रमा) (१) प्रमाण, परिमाण. A measure. कुमा॰ (२) प्रमाण, न्याय. Accurate conception or notion, evidence, proof. 'अतिप्पसंगो पमा-सिद्धो' धर्मसं॰ ६८१.

पमाण. न॰ (प्रमाण)(१) संख्या. Number. जी॰ २६; (२) पुं॰ न॰ सत्य रूप से जिसका स्वीकार किया जाय. Authority, Warrant. (३) माननीय, आदरणीय. Worthy of honour. (४) सच्चा, सही, ठीक, यथार्थ. True, Real, Correct. 'पमाणो तेसिं' सुपा॰ ११०, आ॰ १४, प्रासू॰ ३३;—वाय. पुं॰ (वाद) न्याय शास्त्र, तर्क शास्त्र. Science of logic. समत्त॰ ११७.

पमाणिअ. त्रि॰ (प्रमाणित) प्रमाण रूप से स्वीकृत. Regarded as an authority. सुपा॰ ११०, आ॰ १२.

पमाणिआ-पमाणी. स्त्री॰ (प्रमाणिका-प्रमाणी) छन्द विशेष. A kind of metre. पिंग॰

पमाय. पुं॰ (प्रमाद) दुःख, कष्ट. Mishap, calamity. 'समुप्पाइयसुप्पमाया' सत्त॰३४,

पमारण. स्त्री॰ (प्रमारणा) बुरी तरह मारना. To slay mercilessly. वव॰३,

पमिय. त्रि॰ (प्रमित) परिमित, नापा हुआ. Measured. पंच॰ २, २०.

पमुक्क. त्रि॰ (प्रमुक्त) परित्यक्त. Abondon-ed, Gave up. हे॰ २, ९७, षड्॰

पमुच्छिअ. पुं॰ (प्रमूर्च्छित) नरकावास विशेष. A hell. देवेन्द्र॰ २७.

पमुद्ध. त्रि॰ (प्रमुग्ध) अत्यन्त मुग्ध. Very lovely or charming. नाट—मालती॰ ४४.

पमुह. त्रि॰ (प्रमुख) (१) तल्लीन दृष्टि वाला. Face, turning the face towards. 'एगप्पमुहे' आया॰ (२) न॰ प्रकृष्ट आरम्भ, आदि, आपात. Commencement. 'पमुहे हवंति' पउम॰ १०८, ३१, पाअ॰

पमेय. त्रि॰ (प्रमेय) प्रमाण-विषय, सत्य पदार्थ. Demonstrable. धर्मसं॰ ११९०.

पमेह. पुं॰ (प्रमेह) रोग-विशेष, मेह रोग, मूत्र-दोष, बहुमूत्रता. A general name for a urinary disease (such as gleet, diabetes &c.) निसी॰ चू॰ १,

पमोअ. पुं॰ (प्रमोद) राक्षस वंश के एक राजा का नाम, एक लंका-पति. A king of Demon race. पउम॰ ५, २६३.

पमोयणा. स्त्री॰ (प्रमोदना) प्रमोदन, प्रमोद, आह्लाद. Delight, pleasure, joy. चेइय॰ ६११.

पम्माअ-पम्माइअ. त्रि॰ (म्लान) (१) विशेष म्लान; अत्यन्त मुरझाया हुआ. Faded, withered. गा॰५६; (२) शुष्क. Dry. धर्मवि॰ ४३.

पम्मुह. त्रि॰ (प्राङ्मुख) पूर्व की ओर जिसका मुंह हो. Turned towards or facing the east. भवि॰ वज्जा॰ १६४.

पम्ह. पुं॰ न॰ (पक्ष्मन्) (१) अक्षि-लोम, आँख के बाल. An eyelash. पाअ॰; (२) पंख, पांख. Wing. हे॰ २, ७४, प्राप्र॰ (३) केश का अग्र भाग. The point of hair. से॰ ६, २०.

पम्हय. त्रि॰ (पक्ष्मज) (१) पक्ष्म से उत्पन्न. Produced by hair. (२) न॰ एक

प्रकार का सूना. A kind of thread. पंचभा०

पम्हलिय. त्रि० (पक्ष्मलित) धवलित, सफेद किया हुआ. Whitened, made white. स० ३६.

पम्हलाविय. त्रि० (विस्मारित) भुलाया हुआ, विस्मृत कराया हुआ. Caused to forget. सुख० २, ५.

पम्हुसिअ. त्रि० (विस्मृत) जिसका विस्मरण हुआ हो. Forgotton. कुमा० उप० ७६८ टी.

पम्हुहण. त्रि० (स्मर्तृ) स्मरण करने वाला. One that remembers. कुमा०

पय. पुं० न० (पद) (१) शब्द-समूह, वाक्य. Sentence. 'उवएमपया इहं' उप० १०३८, श्रा० २३, (२) पाद-चिन्ह, पदाङ्क. Foot-mark. सुर० २, २३२, सुपा० ३५४, श्रा० २३, प्रासू० ५०, (३) निमित्त, कारण. Cause. (४) पद्वी; अधिकार. Rank, position, office. 'जुवरायपए' सुर० २, १७५, महा० (५) त्राण, शरण. Protection, preservation, shelter, (६) प्रदेश. Region. (७) व्यवसाय. Exertion. श्रा० २३, —रक्ख. पुं० (रक्ष) पदाति, प्यादा. A foot soldier. भवि० हे० ४, ४१८; —विग्गह. पुं० (विग्रह) पद-विच्छेद. Separation of words. विशे० १००६; —विभाग. पुं० (विभाग) उत्सर्ग और उपवाद का यथा-स्थान निवेश; सामाचारी विशेष. Portion, Partition of inheritance, the numeration of a fraction; आव० १.

पयंग. पुं० (पतङ्ग) (१) सूर्य, रवि. Sun. 'दिट्ठउग्गयपयंगो' उप० ७२८ टी, पाश्र०; (२) रंग विशेष, रञ्जन द्रव्य-विशेष. A kind of colour. उर० ६, ४, सिरि० १०५७.

पयंपण. न० (प्रजल्पन) कथन, उक्ति. Speech, Expression. उप० पृ० २१७.

णिअल. न० नूपुर, स्त्री का पादाभरण विशेष. An anklet; An ornament for the feet. दे० ४,२८.

णिआणिआ. स्त्री० खराब तृणों का उन्मूलन. Removal of weeds. दे० ४,३५.

णिआरिअ. त्रि० (१) कानी नजर से देखा हुआ. Seen through a side-long glance. (२) न० आधी नजर से निरीक्षण. Seen with a half glance. कुमा०

णिउक्क. त्रि० तूष्णीक, मौन रहने वाला. One who keeps silence; दे० ४,२७; पाअ०

णिउक्कण. पुं० (१) वायस, काक. A crow. (२) त्रि० मूक, वाक्-शक्ति से हीन. Dumb. दे० ४,४१.

णिउर. त्रि० (१) छिन्न, काटा हुआ. Cut. (२) जीर्ण, पुराना. Old; Ancient. षड्०

णिउल. पुं० गाँठ, गठरी. A package; A bundle. महा०

णिंदिणी. स्त्री० कुत्सित तृणों का उन्मूलन. Removal of weeds. दे० ४,३५.

णिक्कज्ज. त्रि० अनवस्थित, चंचल. Active; Brisk; Frisky. दे० ४,३३; पाअ०

णिक्कड. त्रि० (१) कठिन. Hard; Difficult. दे० ४,२१; (२) पुं० निश्चय, निर्णय. Resolution; Determination. षड्०

णिक्कल. त्रि० पोलापन से रहित. Devoid of hollowness; Solid. सुपा० १; भग० १५.

णिंक्कुइल. स्त्री० जीता हुआ विनिर्जित. Joined; Connected. दे० १,४.

णिक्ख. पुं० (१) चोर. A thief. (२) सुवर्ण, काञ्चन. Gold. दे० २,४७.

णिक्खसरिअ. त्रि० मुषित, जो लूट लिया गया

हो, अपहृत-सार. Stolen; Looted. दे० ४,४१.

णिक्खाविअ. त्रि० शान्त, उपशम-प्राप्त. Calm; Serene. षड्०

णिक्खुत्त. न० निश्चित, नक्की, चोकस. Certain; Sure पउम० ४३,१३८.

णिक्खुरिअ. त्रि० अदृढ़, अस्थिर. Unsteady; Unsettled. दे० ४,४०.

णिगद. पुं० घर्म, घाम, गरमी. Heat; Warmth. दे० ४,२७.

णिगमिअ. त्रि० निवासित. Dwelt; Resided. षड्०

णिग्गा. स्त्री० हरिद्रा, हलदी. Turmeric. दे० ४,२५.

णिग्गिरिण. त्रि० (१) निर्गत. बाहर निकला हुआ. Come out; Issued. दे० ४,३६; पाअ० (२) वान्त, वमन किया हुआ. Vomited. से० ५,२१.

णिग्घट्ट. त्रि० कुशल, निपुण, चतुर. Skilful; Dexterous. दे० ४,३४.

णिग्घत्तिअ. त्रि० क्षिप्त, फैंका हुआ. Thrown; Discharged. पाअ०

णिग्घोर. त्रि० निर्दय, दया-हीन. Wicked; Cruel; Merciless. दे० ४,३७.

णिच्चुड्ड. त्रि (१) उद्धृत, बाहर निकला हुआ. Come out; Issued. षड्० (२) निर्दय, दया रहित. Cruel; Merciless. पाअ०

णिच्छक्क. त्रि० निर्लज्ज, बेशरम, धृष्ट. Shameless; Impudent बृह० १.; वव० ५.

णिच्छुंड. त्रि० निर्दय, करुणा-रहित. Cruel; Pitiless. दे० ४,३२.

णिच्छूट्ट. त्रि० निर्मुक्त, छूटा हुआ. Released; Liberated. सुर ६,७२.

णिज्ज. त्रि० सुप्त, सोया हुआ. Sleeping दे० ४,२५; षड्०

णिज्जाय. पुं० उपकार. Obligation. दे० ४,३४.

णिज्जोअ. पुं० (१) प्रकर, राशि. A pile. (२) पुष्पों का अवकर. A heap of flowers. दे० ४,३३.

णिज्जोमि. पुं० रस्सी. रज्जू. A string. दे० ४, ३१.

णिज्झर. त्रि० जीर्ण, पुराना. Old; Ancient. दे० ४,२६.

णिज्झाय. त्रि० निर्दय, दया-रहित. Cruel; Pitiless. दे० ४,३७.

णिज्झूर. त्रि० जीर्ण, पुराना. Old; Ancient. दे० ४,२६.

णिट्टंक. त्रि० विषम, असमान. Unequal दे० ४,५०.

णिट्ठुह. त्रि० स्तब्ध, निश्चेष्ट. Insensible; Steady. दे० ४,३३.

णिट्ठुहण. न० थूक, मुंह का पानी. Spittle; Saliva. महा०

णिट्ठुहिअ. न० थूक, खंखार. Saliva; Spittle. दे० ४,४१.

णिड. पुं० पिशाच, राक्षस. A demon; An evil-spirit. दे० ४, २५.

णिणाला. स्त्री० चञ्चु, चोंच. A bill; A beak. दे० ४,३६.

णित्तिरडि. त्रि० निरंतर, अव्यवहित. Continual; Uninterrupted; Constant. दे० ४,४०.

णित्तिरडिअ. त्रि० त्रुटित, टूटा हुआ. Broken. दे० ४,४१.

णितुप्प. त्रि० स्नेह-रहित, घृत आदि से वर्जित. Unsympathetic; Devoid of Ghee etc. बृह० १.

णिदोच्च. न० (१) भयका अभाव. Absence of danger. (२) स्वास्थ्य, तंदुरस्ती. Health. प्रव० २६८.

णिद्धंधस. त्रि० निर्दय, निष्ठुर. Cruel; Merciless. दे० ४,३७; ओघ० ४४५; पाअ०

पुप्फ० ४५४; सट्टि० २६; सुपा०२४५; श्रा० ३६; (२) निर्लज्ज, बेशरम. Shameless; Impudent. विवे० १२८.

णिड्डम. त्रि० अविभिन्न-गृह, एक ही घर में रहने वाला. One who resides in one and the same house; A house-fellow. दे० ४,३८.

णिड्डमाय. त्रि० अविभिन्न-गृह, एक ही घर में रहने वाला. One living in the same house; A house-fellow. दे० ४,३८.

णिड्डम्म. त्रि० एकमुख-यायी, एक तरफ जाने वाला. One going in the same direction. दे० ४,३५.

णिपट्ट. न० गाढ. Thick; Dense. प्राकृ० ३८.

णिप्पट्ठ. त्रि० अधिक. More. दे० ४,२१.

णिप्पणिअ. त्रि० जल-धौत, पानी से धोया हुआ. Washed by water; Water-washed. षड्०

णिप्पिच्छ. त्रि० (१) ऋजु, सरल. Easy; Not difficult. (२) दृढ़. मजबूत. Strong; Firm; Steady. दे० ४,४६.

णिप्फंस. त्रि० निर्दय, निस्त्रिंश. Cruel; Merciless. षड्०

णिप्फरिस. त्रि० निर्दय, दया-हीन. Cruel; Merciless. दे० ४,३७.

णिप्फेस. पुं० शब्द-निर्गम, आवाज निकालना. Emission of a sound. दे० ४,२६.

णिब्बुक. त्रि० (१) निर्मूल, मूल-रहित. Rootless. (२) क्रि० वि० मूल से. Originally. पण्ह० १,३.

णिब्भिट्ट. त्रि० आक्रान्त. Surrounded; Encompassed. भवि०

णिब्भुग्ग. त्रि० भग्न, खण्डित. Broken. दे० ४,३२.

णिभेलण. न० गृह, घर; स्थान. A house; A place. कप्प०

णिमिअ. त्रि० आघ्रात, सूंघा हुआ. Smelt. षड्०

णिमेण. न० स्थान, जगह. A place. दे० ४,३७.

णिमेल. स्त्री० न० दन्त-मांस. Gums. दे० ४,३०.

णिम्मंसा. स्त्री० देवी विशेष, चामुण्डा. The name of a goddess. दे० ४,३५.

णिम्मय. त्रि० गत, गया हुआ. Gone; Past. दे० ४,३४.

णिम्मीसुअ. त्रि० श्मश्रु-रहित, दाढ़ी मूंछ रहित. Without mustache, beard. षड्०

णिरंगी. स्त्री० सिर का अवगुण्ठन, घूंघट. A veil; A garment worn over the face and head by a woman. दे० ४,३१; २,२०.

णिरक्क. पुं० (१) चोर, स्तेन. A thief. (२) पृष्ठ, पीठ. The back. (३) स्थित, Stayed. दे० ४,४६.

णिरप्प. पुं० (१) पृष्ठ, पीठ. The back. (२) त्रि० उद्वेष्टित. Surrounded; Encompassed. दे० ४,४६.

णिराद. त्रि० नष्ट, विनाश-प्राप्त. Ruined; Destroyed दे० ४,३०.

णिराय. त्रि० (१) ऋजु. सरल Easy; Not difficult. दे० ४,५०; पाअ० (२) प्रकट, खुला. Opened; Clear. (३) पुं० रिपु, शत्रु. An enemy; A foe. दे० ४,५०; (४) लम्बा किया हुआ. Lengthened; Extended. से० २,४०; (५) अत्यंत, प्रचुर. Very much; In a great degree. सुख० २,७.

णिरास. त्रि० नृशंस, क्रूर. Cruel; Wicked. षड्०

णिराह. त्रि० निर्दय, निष्करुण. Pitiless; Cruel. दे० ४,३७.

णिरिक्ष. त्रि० अवशेषित, बाकी रखा हुआ. Remained. दे० ४,२८.

णिरिंक. त्रि० नत, नमा हुआ. Bent; Bowed. दे० ४,३०.

णिरुत्त. क्रि० वि० (१) चौकस, निश्चय. Surely; Certainly. दे० ४,३०; पउम० ३५,६२; कुमा० सण० (२) त्रि० निश्चिन्त, चिन्ता रहित. Careless. कुमा०

णिरुलि. पुं० स्त्री० कुम्भीर की आकृति वाला जन्तु. An insect having the form of a shark. दे० ४,२७.

णिरुवक्कय. त्रि० अकृत, नहीं किया हुआ. Not done. दे० ४,४१.

णिलंक. पुं० पतद्ग्रह, पिकदान, ष्ठीवनपात्र. A spittoon. दे० ४,३१.

णिल्लंक. पुं० देखो 'णिलंक' शब्द. Vide 'णिलंक' दे० ४,३१.

णिल्लसिअ. त्रि० निर्गत, निःसृत. Come out. दे० ४,३६.

णिवच्छण. न० अवतारण, उतारना. To bring down; To unload. दे० ४,४०.

णिवह. पुं० समृद्धि, वैभव. Grandeur; Magnificence. दे० ४,२६.

णिवाय. पुं० स्वेद, पसीना. Sweat; Perspiration. दे० ४,३४; सुर० १२,८.

णिविड्ढ. त्रि० (१) सोकर उठा हुआ. Roused; Awakened. (२) निराश, हताश. Despairing; Despondent; Hopeless. (३) उद्भट. Obstinate; Stubborn; (४) नृशंस, निर्दय. Cruel; Wicked. दे० ४,४८.

णिव्व. न० (१) ककुद, चिन्ह. A sign; A symbol. (२) व्याज, बहाना. An excuse. दे० ४,४८.

णिव्वक्कर. त्रि० परिहास रहित; सत्य. Truth; Veracity. कुमा० १६७.

णिव्वढ. त्रि० नग्न, नंगा. Naked; Nude. दे० ४,२८.

णिव्वमिअ. त्रि० परिभुक्त. Enjoyed. दे०४,३६.

णिव्वलिअ. त्रि० (१) जल-धौत, पानी से धोया हुआ. Washed by water. (२) प्रविगणित. Counted. (३) वियुक्त, विघटित. Separated; Disunited. दे० ४,४१.

णिव्वहण. न० विवाह, सादी. Marriage. दे० ४,३६.

णिव्वाण. न० दुःख-कथन. Tales of sorrow. दे० ४,३३.

णिव्विट्ठ. त्रि० उचित, योग्य. Proper; Worthy. दे० ४,३४.

णिव्वित्त. त्रि० सोकर उठा हुआ. Awakened; Roused from sleep. दे० ४,३२.

णिव्विर. त्रि० चपटा, दबा हुआ. Dumpy; Pressed. गा० ७२८ टि०

णिव्वूढ. त्रि० (१) स्तब्ध. Insensible; Steady. दे० ४,३३. (२) न० घर का पश्चिम आंगन. The western court of the house. दे० ४,२६.

णिव्वेढ. त्रि० नग्न, नंगा. Naked; Nude. दे० ४,२८.

णिव्वेरिस. त्रि० (१) निर्दय, निष्करुण. Cruel; Merciless. (२) अत्यन्त, अधिक. Excessive; Too much. दे० ३,३७.

णिव्वोलण. न० क्रोध से होठ को मलिन करना. To defile the lips with anger. कुमा०

णिसत्त. त्रि० संतुष्ट, संतोष-युक्त. Contented; Satisfied. दे० ४,३०.

णिसाय. त्रि० प्रसुप्त. Slept. दे० ४,३५.

णिसुअ. त्रि० श्रुत, आकर्णित. Heard; Listened. दे० ४,२७; सुर० १,१६६;२,२२६; महा० पाअ०

णिसुढ. त्रि० पातित, गिराया हुआ Caused to fall; Knocked down.. दे० ४,३६; पाअ० से० ५,६८.

णिस्संक. पुं॰ निर्भर. Plenty. दे॰ ४,३२.

णिस्सरिश्र. त्रि॰ स्रस्त, खिसका हुआ. Slipped; Slided. दे॰ ४,४०.

णिस्साण. पुं॰ न॰ वाद्य-विशेष, निशान. A kind of musical instrument. धर्मवि॰ ५६.

णिहण. न॰ कूल, तीर, किनारा. A bank: A shore. दे॰ ४,२७.

णिहव. त्रि॰ सुप्त, सोया हुआ. Slept. षड्॰

णिहस. पुं॰ वल्मीक, सर्प आदि का बिल. A hole. दे॰ ४,२५.

णिहाय. पुं॰ (१) स्वेद, पसीना. Sweat; Perspiration. दे॰ ४,४६; (२) समूह, जत्था. A mass; A collection. दे॰ ४,४६; से॰ ४३८; स॰ ४४६; भवि॰ पाअ॰ गउड॰ सुर॰ ३,२३१.

णिहुश्र. त्रि॰ (१) तूष्णीक, मौन. Silent; Quiet. दे॰ ४,५०; सुर॰ ११,८४; (२) सुरत, मैथुन. Copulation; Coition. दे॰ ४,५०; षड्॰

णिहुआ. स्त्री॰ कामिता, संभोग के लिए प्रार्थित स्त्री. A woman requested for sexual intercourse. दे॰ ४,२६.

णिहुत्त. त्रि॰ निमग्न, डूबा हुआ. Absorbed in; Immersed; Drowned. पउम॰ १०२,१६७.

णिहूश्र. न॰ सुरत, मैथुन. Coition: Sexual intercourse. दे॰ ४,२६.

णिहेलण. न॰ (१) गृह, घर, मकान. A house दे॰ ४,५१; हे॰ २,१७४; कुमा॰ उप॰ ७२८ टी; स॰ १८०; (२) जघन, स्त्री के कमर के नीचे का भाग. The thighs; The lower part of a woman's body from the loins downwards. दे॰ ४,४१.

णीअश्र. त्रि॰ समीचीन, सुन्दर. Beautiful; Handsome. पिंग॰

णीआरण. न॰ बलि-घटी, बली रखने का छोटा कलश. A small pot of oblation. दे॰ ४,४३.

णीरंगी. स्त्री॰ सिर का अवगुण्ठन, शिरोवस्त्र, घूंघट. A veil; A garment worn over the face and head by a woman; A hood. दे॰ ४,३१; पाअ॰

णीरण. न॰ घास, चारा. Grass; Provender. सुपा॰ ५०१.

णीलकंठी. स्त्री॰ वृक्ष-विशेष, बाण वृक्ष. A kind of tree. दे॰ ४,४२.

णीलुय. पुं॰ अश्व की एक उत्तम जाति. A horse of a noble kind. सम्मत्त॰ २१६.

णीसंक. पुं॰ वृष, बैल. An ox; A bullock. षड्॰

णीसंपाय. त्रि॰ जहां जनपद परिश्रान्त हुआ हो वह. Terminus of a country. दे॰ ४,४२.

णीसणिश्रा-णीसणी. स्त्री॰ निःश्रेणि, सीढी. A ladder; A stair-case. दे॰ ४,४३.

णीसार. पुं॰ मण्डप. A bower; An arbour. दे॰ ४,४१.

णीसीमिश्र. त्रि॰ निर्वासित, देश-बाहर किया हुआ. Exiled; Banished. दे॰ ४,४२

णीहरिश्र. न॰ शब्द, आवाज, ध्वनि. A sound. दे॰ ४,४२.

णीहूय. त्रि॰ अकिञ्चित्कर, कुछ भी नहीं कर सकने वाला. One unable to do anything. आवनि॰ ७८७.

णुज्जिय. त्रि॰ बन्द किया हुआ, मुद्रित. Shut; Closed. स॰ ५८६.

णुवरण. त्रि॰ सुप्त, सोया हुआ. Slept. दे॰ ४,२५.

णूमिश्र. त्रि॰ पोला किया हुआ. Hollowed. उप॰ पृ॰ ३६३.

णूला. स्त्री॰ शाखा, डाल. A branch ; A bough. दे॰ ४,४१.

णेउड्ड. पुं॰ सद्भाव, शिष्टता. Modesty ; A virtuous motive. दे॰ ४,४४.

णेडाली. स्त्री॰ सिर का भूषण विशेष. An ornament of the head. दे॰ ४,४३.

णेड्डिरिआ. स्त्री॰ भाद्रपद मावस की शुक्ल-दशमी का एक उत्सव. A festival of the tenth day of the bright lunar half of Bhadripada. दे॰ ४,४५.

णेम्म. त्रि॰ तुल्य, सदृश, समान. Similar ; Resembling. पण्ह॰ २,४.

णेलच्छ. पुं॰ (१) नपुंसक, षण्ढ. An impotent person. दे॰ ४,४४; पाअ॰ हे॰ २.१७४; (२) वृषभ, बैल. An ox ; A bullock. दे॰ ४,४४.

णेलय. पुं॰ रूपया. A rupee. प्रव॰ १११.

णेवच्छण. न॰ अवतारण, नीचे उतारना. To bring down ; To unload. दे॰ ४,४०.

णेवत्थण. न॰ निरुंछन, उत्तरीय वस्त्र का अञ्चल. The end of an upper garment. कुमा॰

णेसत्थि. पुं॰ वणिग्-मन्त्री, वणिक् प्रधान. A Bania minister. दे॰ ४,४४.

णेसर. पुं॰ रवि, सूर्य. The sun. दे॰ ४,४४.

णेसु. पुं॰ न॰ (१) ओष्ठ, होठ. A lip. (२) पाँव. A leg. उप॰ १२० टी॰

णो. अ॰ (१) खेद. An adverb denoting sorrow. (२) आमन्त्रण. An adverb indicating invitation. (३) विचित्रता. An adverb showing wonder or surprise. (४) वितर्क. An adverb signifying fancy. (५) प्रकोप. An adverb showing anger. प्राकृ॰ ८०.

णोक्खा. त्रि॰ अनोखा, अपूर्व. Extraordinary ; Remarkable. पिंग॰.

णोमि. पुं॰ रस्सी, रज्जु. A rope. दे॰ ४,११.

णोलइआ-णोलच्छा. स्त्री॰ चञ्चु, चोंच. A bill ; A beak. दे॰ ४,३६.

णोव्व. पुं॰ आयुक्त, सूबा, राज-प्रतिनिधि. A Governor ; A Viceroy. दे॰ ४,१७.

ण्हं. अ॰ वाक्यालंकार और पादपूर्ति में प्रयुक्त किया जाता अव्यय. An adverb used as a figure of speech in a sentence and in filling the gap of a line of a stanza. कप्प॰ कस॰

ण्हु. अ॰ निश्चय सूचक अव्यय. An adverb denoting determination. जीवस॰ १८०.

त

तंट. न॰ पृष्ठ, पीठ. The back. दे॰ ५,१.

तंड. न॰ (१) लगाम में लगी हुई लार. Saliva stuck in a rein. (२) त्रि॰ मस्तक रहित. Headless. (३) स्वर से अधिक. Having louder voice. दे॰ ५,१६.

तंतुक्खोडी. स्त्री॰ तन्तुवाय का एक उपकरण. A weaving implement. दे॰ ५,७.

तंबकिमि. पुं॰ कीट-विशेष, इन्द्र गोप. A kind of insect. दे॰ ५,६; षड्॰

तंबकुसुम. पुं॰ न॰ कुरबक, कटसरैया. A kind of tree. दे॰ ५,६; षड्॰

तंबक्क. न॰ वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. 'अणाहयतंबक्केसु' वजंतेसु' ती॰ १५.

तंबटकारी. स्त्री० शेफालिका, पुष्प प्रधान लता-विशेष. A kind of creeper. दे० ५, ४.

तंबरत्ती. स्त्री० तांबे का सा रंग. Copper-colour. दे० ५,५.

तंबा. स्त्री० गौ, धेनु, गैया. A cow. दे० ५,१; गा० ४६०; पाश्र० वज्जा० ३४.

तंबिर. त्रि० ताम्र वर्ण वाला. Reddish. हे० २,५६; गउड० भवि०

तंबिरा. स्त्री० देखो 'तंबरत्ती' शब्द. Vide 'तंबरत्ती' दे० ५,५.

तंबुक्क. न० वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. सुपा० ५०.

तंबेही. स्त्री० पुष्प प्रधान वृक्ष-विशेष, शेफालिका. A kind of tree. दे० ५,४.

तक्कणा. स्त्री० इच्छा, अभिलाष. Desire; Aspiration. दे० ५,४.

तक्कुय. पुं० स्वजन-वर्ग. A class of relatives. स० ५२०.

तग्ग. न० सूत्र-कंकण, धागे का कंकण. A string bracelet. दे० ५, १. गउड.

तच्छिलुंड. त्रि० कराल, भयंकर. Horrible; Terrible; Dreadful. दे० ५, ३.

तच्छिल. त्रि० तत्पर. Ready; Prepared. षड्०

तट्टवट्ट. न० आभरण, आभूषण. An ornament. सुपा० ३११.

तट्टिगा. स्त्री० दिगंबर जैन साधुओं का एक उपकरण. An implement or a vessel which a Digambar Jain saint keeps for his personal use. धर्मसं० १०४६; १०४८.

तडउडा. स्त्री० वृक्ष-विशेष, आउली का पेड़. A kind of tree. जीव० ३; जं० १.

तडकडिअ. त्रि० अनवस्थित. Unsteady; Unsettled. षड्०

तडफडिअ. त्रि० सब तरफ से चलित, तड़फड़ाया हुआ, व्याकुल. Confused; Bewildered. दे० ५,१; स० ५८६.

तडमड. त्रि० क्षुभित, क्षोभ-प्राप्त. Agitated; Disturbed. दे० ५,७.

तडयड. त्रि० क्रिया-शील, सदाचार युक्त. Having good conduct. सट्टि० १०७.

तडवडा. स्त्री० वृक्ष-विशेष, आउली का पेड़, A kind of tree. दे० ५,५.

तडिण. त्रि० विरल, अत्यल्प. Rare; Few. से० १३,५०.

तण. न० उत्पल, कमल. A lotus; A lilly. दे० ५,१.

तणय. त्रि० सम्बन्धी. Relating to; Pertaining to. 'मह तणए' सुर० ३,८७; हे० ४, ३६१.

तणयमुद्दिआ. स्त्री० अंगुलीयक, अंगूठी. A ring. दे० ५,६.

तणरासि-तणरासिअ. त्रि० प्रसारित, फैलाया हुआ. Spread; Diffused. दे० ५,६.

तणवरंडी. स्त्री० उडुप, डोंगी, छोटी नौका. A boat. दे० ५,७.

तणेसि. पुं० तृण-राशि. A pile of grass. दे० ५,३; षड्०

तण्णाय. त्रि० आर्द्र, गीला. Green; Wet. दे० ५,२; पाश्र० गउड० से० १,३१;११,१०६.

तत्ति. स्त्री० (१) आदेश, हुकुम. A command; An order. दे० ५,२०; सण० (२) तत्परता. Readiness. दे० ५,२०; (३) चिन्ता, विचार. Anxiety. गा० २,५१; २७३; अ० सुपा० २३७; २८०; (४) वार्ता, बात. A story; A tale. गा० २; वज्जा० २; (५) कार्य, प्रयोजन. A purpose An object. पण्ह० १,२; वव० १.

तत्तिल-तत्तिल्ल. त्रि० तत्पर; Ready; Prepared. षड्० दे० ५,३; गा० ५५७; प्रासू० ५१.

तत्तुडिल्ल. न० सुरत, संभोग. Sexual intercourse ; Coition. दे० ५,६.

तत्तुरिअ. त्रि० रञ्जित. Pleased ; Delighted. षड्०

तत्तोहुत्त. न० तदभिमुख, उसके सामने. Opposite to it. गउड०

तद्दिअचय. न० नृत्य, नाच. A dance. दे० ५,८.

तद्दिअस-तद्दिअसिअ-तद्दिअह. न० प्रतिदिन, अनुदिन, हररोज. Daily : Always. दे० ५,८; गउड० पाअ०

तप्पणग. न० जैन साधु का पात्र विशेष, तरपणी. The vessel of a Jain saint. कुलक० १०.

तमत्ति. अ० शीघ्र, जल्दी. Rapidly, Speedily. प्राकृ० ८१.

तम. पुं० शोक, अफसोस. Sorrow : Grief. दे० ५,१.

तमण. न० चुल्हा. A fire-place. दे० ५,२.

तमणि. पुं० स्त्री० (१) भुज, हाथ. An arm. (२) भूर्ज, वृक्ष-विशेष की छाल The bark of a particular tree. दे० २,२०.

तम्मि. न० वस्त्र, कपड़ा. A garment. गउड०

तरट्ट. त्रि० प्रगल्भ. Awe-inspiring. 'तरट्टा' प्राकृ० २८.

तरट्टा तरट्टी. स्त्री० प्रगल्भ स्त्री. An elderly woman. 'तरुणी तरट्टी' कप्पू० काप्र० ५६६; 'तरुणतरट्टा श्र' सुपा० ४२.

तरवट्ट. पुं० वृक्ष-विशेष, चकवड, पमाड, पवार. A kind of tree. दे० ५,५; पाअ०

तरस. न० मांस. Flesh ; Meat. दे० ५,४.

तरिअव्व. न० उडुप, एक तरह की छोटी नौका. A kind of small boat. दे० ५,७.

तरिया. स्त्री० दूध आदि का सार, मलाई. Cream of milk. प्रभा०

तरुणरहस. पुं० न० रोग, बिमारी. A disease. श्रोघ० १३६.

तल. न० (१) शय्या, बिछौना. A bed. दे० ५,१६; षड्० (२) पुं० ग्रामेश, गांव का मुखिया. The leader of a village ; A chief. दे० ५,१६.

तलआगत्ति. स्त्री० कूप, इनारा. A well. दे० ५,८.

तलप्फल. पुं० शालि, व्रीहि. Paddy. दे० ५,७.

तलवत्त. पुं० (१) कान का आभूषण-विशेष. An ornament of the ear. दे० ५,२१; पाअ० (२) वरांग, उत्तमांग. The head. दे० ५,२१.

तलसारिअ. त्रि० (१) गालित. Reduced. (२) मुग्ध, मूर्ख. Foolish. दे० ५,६.

तलहट्टिया. स्त्री० पर्वत का मूल, पहाड के नीचे की भूमि. The foot of a mount. सम्मत्त० १३७.

तलारक्ख. पुं० नगर-रक्षक, कोटवाल. A police magistrate. श्रा० १२.

तलिम. पुं० न० (१) कुट्टिम, फरस बन्द जमीन. A paved ground. दे० ५,२०; पाअ० (२) घर के ऊपर की भूमि. The roof of a house (३) वास भवन, शय्या-गृह. A bed-room. (४) भ्राष्ट्र, भुनने का भाजन. A frying pan. दे० ५,२०.

तलेर. पुं० नगर रक्षक, कोटवाल. A police magistrate. भवि०

तल्ल. न० (१) पल्वल, छोटा तालाब. A pond. दे० ५,१६; (२) तृण-विशेष, बरू. A kind of grass दे० ५,१६; पण्ह० २,३; (३) शय्या, बिछौना. A bed ; A bedding दे० ५,१६; षड्०

तल्लड. न० शय्या, बिछौना. A bed. दे० ५,२.

तल्लिच्छ. त्रि० तत्पर, तल्लीन. Ready ; Prepared. दे० ५,३; सुर० १,१३; पाअ०

तल्लोविल्लि. स्त्री॰ तड़फड़ाना, तड़फना, व्याकुल होना To toss about in torture. कुम॰ ८४.

तवणी. स्त्री॰ (१) भक्षण-योग्य कण आदि. Eatable ; Food. दे॰ ४,१; सुपा॰ ४४८; वज्जा॰ ६२; (२) धान्य को खेत्र से काट कर भक्षण योग्य बनाने की क्रिया. A process of making corn worth eating after its being reaped. सुपा॰ ४४६; (३) तवा, पूआ आदि पकाने का पात्र. A frying pan. दे॰ २,४६.

तवय. त्रि॰ व्यापृत, किसी काम में लगा हुआ. Engaged ; Employed ; Busy. दे॰ ५,२.

तव्वन्निग. त्रि॰ तृतीय आश्रम में स्थित. One who lives the third stage of life. उप॰ पृ॰ २६८.

तसिअ. त्रि॰ शुष्क, सूखा. Dry. दे॰ ४,२.

तहरी. स्त्री॰ पङ्क वाली सुरा. Muddy liquor. दे॰ ४,२.

तहल्लिआ. स्त्री॰ गो-वाट, गोओं का बाड़ा. A cow-enclosure. दे॰ ४,८.

ताडिअय. न॰ रोदन, रोना. Weeping ; Lamenting. दे॰ ४,१०.

तामर. त्रि॰ रम्य, सुन्दर. Beautiful ; Handsome ; Delightful. दे॰ ४,१०; पाअ॰

तारत्तर. पुं॰ मुहूर्त. An auspicious moment. दे॰ ४,१०.

तालप्फली. स्त्री॰ दासी, नौकरानी. A maid-servant. दे॰ ४,१.

तालहल. पुं॰ शालि, व्रीहि. Paddy. दे॰ ४,७.

ताला. स्त्री॰ लाजा, खोई, धान का लावा. Parched grain of juwaree. दे॰ ४,१०.

तालुर. पुं॰ (१) फेन, फीण. Foam. (२) कपित्थ वृक्ष. The wood-apple tree. दे॰ ४,२१; (३) पानी का आवर्त. A whirlpool. दे॰ ५,२१; गा॰ ३७; पाअ॰ (४) पुं॰ पुष्प का सत्व. The essence of flowers. विक्र॰ ३२.

तिउड पुं॰ कलाप, मोर पिच्छ. The quill of a peacock. पाअ॰

तिंगिआ. स्त्री॰ कमल-रज. Dust of a lilly. दे॰ ४,१२.

तिंतिणी. स्त्री॰ बड़बड़ाना. To prattle ; To mutter. वव॰ ३.

तिक्खालिअ. त्रि॰ तीक्ष्ण किया हुआ. Sharpened. दे॰ ४,१३; पाअ॰

तिणिस. न॰ मधु-पाल, मधुपुड़ा A honey-comb. दे॰ ४,११,३,१२.

तित्ति. स्त्री॰ तात्पर्य, सार. Moral ; Substance. दे॰ ४,११; षड्॰

तित्तिरिअ. त्रि॰ स्नान से आर्द्र. Wet by bath. दे॰ ४,१२.

तित्तिल्ल. पुं॰ द्वारपाल, प्रतीहार. A door-keeper. गा॰ ४४६.

तित्तुअ. त्रि॰ गुरु, भारी. Heavy ; Bulky. दे॰ ४,१२.

तिमिच्छय–तिमिच्छाह. पुं॰ पथिक, मुसाफिर. A traveller. दे॰ ४,१३.

तिमिण. न॰ गीला काष्ठ. Green wood. दे॰ ४,११.

तिमिरिच्छ. पुं॰ वृक्ष-विशेष, करंज का पेड़. A kind of tree दे॰ ४,१३.

तिमिरिस. पुं॰ वृक्ष-विशेष. A kind of tree. पण्ण॰ १.

तिमिल. स्त्री॰ वाद्य-विशेष A kind of musical instrument. पउम॰ ५७,२२.

तिरिड. पुं॰ एक जाति का पेड़, तिमिर वृक्ष. A kind of tree दे॰ ४,११.

तिरिडिअ. त्रि॰ (१) तिमिर-युक्त. Darkened. (२) विचित. Collected ; Gathered. दे॰ ५,११.

तिरिड्डि. पुं० उष्ण-वात, गरम पवन. The hot wind. दे० ५,१२.

तिरोवइ. त्रि० वृति मे अन्तर्हित, वाड से व्यवहित. Covered with a hedge. दे० ५,१३.

तिलितिलय. पुं० जल-जन्तु विशेष. An aquatic insect. कप्प०

तिविडा. स्त्री० सूची, सूई. A needle. दे० ५,१२.

तिविडी. स्त्री० पुटिका, छोटा पुड़वा. A small package. दे० ५,१२.

तीरिया. स्त्री० शर रखने का थैला, बाणधि. An arrow-case ; A sheath ; A quiver. स० २६७.

तुंगी. स्त्री० (१) रात्री, रात. Night. दे० ५,१४. (२) आयुध-विशेष. A kind of weapon. 'असिपरसुकुंततुंगीसंघट्ट'. काल०

तुंडीर. न० मधुरं बिम्बी फल. A kind of sweet fruit. दे० ५,१४.

तुंडूअ. पुं० जीर्ण घट, पुराना घड़ा. An old pot. दे० ५,१५.

तुंतुक्खुडिअ. त्रि० त्वरा-युक्त. Swift ; Speedy ; Rapid दे० ५,१६.

तुंबिल्ली. स्त्री० (१) मधु-पटल, मधपुड़ा. A honey-comb ; A bee-hive. (२) उदूखल, ऊखल, A large wooden or stone pestle. दे० ५,२३.

तुक्खार. पुं० एक जाति का अश्व. A kind of noble horse. सुर० ११,४६; भवि०

तुच्छइअ-तुच्छय. त्रि० रञ्जित, अनुराग प्राप्त. Pleased ; Delighted. दे० ५,१५.

तुणय. पुं० वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. दे० ५,१६.

तुप्प. पुं० (१) कौतुक. A wonder. (२) विवाह, शादी. Marriage. (३) सर्षप, सरसों धान्य-विशेष. The castor and mustard seed ; (४) कुतुप, घी आदि भरने का चर्म-पात्र. A large leather bottle. दे० ५,२२; (५) त्रि० वेष्टित. Covered. अणुजो० २६.

तुप्पइअ-तुप्पलिअ-तुप्पविअ. त्रि० घी से लिप्त. Besmeared with Ghee. गा० ५२० अ०

तुमंतुम. पुं० क्रोध-कृत मनो-विकार विशेष. Transformation of the mind due to anger. ठा० ८.

तुरक्क. पुं० (१) देश-विशेष, तुर्किस्तान. Turkistan ; The name of a country. (२) अनार्य जाति-विशेष, तुर्क. A Turk ; A non-Aryan. ती० १४.

तुरी. स्त्री० (१) पीन, पुष्ट. Fat ; Fleshy ; Robust. (२) शय्या का उपकरण. Materials of the bed. दे० ५,२२.

तुरु. न० वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. विक्र० ८७.

तुलग्ग. न० काकतालीय न्याय. A non-essential. दे० ५,१५; से० ४,२७.

तुलग्गा. स्त्री० यदृच्छा, स्वैरिता, स्वेच्छा. Wilfulness. विक्र० ३५.

तुसली. स्त्री० धन्य-विशेष. A kind of corn. 'तो तुसलिं वावइ' सुपा० ५४५.

तुसेअजंभ. न० दारु, लकड़ी, काष्ठ. Wood ; Fuel. दे० ५,१६.

तूअ. पुं० ईख का काम करने वाला. A worker in sugar-cane farm. दे० ५,१६.

तूरी. स्त्री० एक प्रकार की मिट्टी. A kind of earth. जी० ४.

तूलिणी. स्त्री० वृक्ष-विशेष, शाल्मली का पेड़. A kind of tree ; The silk-cotton tree. दे० ५,१७.

तूहण. पुं० पुरुष, आदमी. A man ; A male. दे० ५, १७.

तेंडुअ. न० वृक्ष-विशेष, टींबरू का पेड़. A kind of tree. दे० ५,१७.

तेड्ड. पुं० (१) अन्न-नाशक कीट, टिड्डा. A locust ; A grass-hopper. (२) राक्षस.

A demon ; An evil spirit. दे० ५,२३.

तोश्रय. पुं० चातक पक्षी. A kind of bird which is supposed to live only on rain drops. दे० ५,१८.

तोंतडि. स्त्री० करम्ब, दही-भात की बनी हुई एक खाद्य वस्तु. An eatable thing made of rice and curd. दे० ५,४.

तोकय. त्रि० बिना ही कारण तत्पर होने वाला. One who becomes ready without any cause. दे० ६,१८.

तोडण. त्रि० असहन, असहिष्णु. Intolerable ; Unbearable. दे० ५,१८.

तोडर. न० टोडर, माल्य-विशेष. A kind of garland सिरि० १०२३.

तोडहिश्रा. स्त्री० वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. आया० २,११.

तोमर. पुं० न० मधपुड़ा, मधुमक्खी का घर. A honey-comb ; A bee-hive. धर्मवि० १२४.

तोमरिश्र. पुं० (१) शस्त्र का प्रमार्जन करने वाला. A weapon-cleaner. दे० ५,१८; (२) शस्त्र-प्रमार्जन. The cleaning of weapons. षड्०

तोमरिगुंडी. स्त्री० वल्ली विशेष. A kind of creeper. पाश्र०

तोमरी. स्त्री० वल्ली, लता. A creeper. दे० ५,१७.

तोरविश्र. त्रि० उत्तेजित. Encouraged. पाश्र० कुप्र० १६२.

तोरामद्दा. स्त्री० नेत्र का रोग-विशेष. An eye-disease. महानि० ३.

तोलण. पुं० पुरुष, श्रादमी. A man ; A person. दे० ५,१७.

तोवट्ट. पुं (१) कान का श्राभूषण विशेष. An ornament of the ear. (२) कमल की कर्णिका. The pericarp of a lotus. दे० ५,२३.

तोस. न० धन, दौलत. Wealth ; Riches. दे० ५,१७.

थ

थइश्रा. स्त्री० थैली, कोथली. A small bag ; A purse, कुप्र० १२,८०.

थउड्ड. न० भल्लातक, वृक्ष-विशेष, भिलावा, A kind of tree ; The marking-nut plant. दे० ५,२६.

थंडिल्ल. न० मण्डल, वृत्त-प्रदेश. A round region. दे० ५,२५.

थंब. त्रि० विषम, अ-सम. Uneven ; Unequal. दे० ५,२४.

थक्क. पुं० थका हुआ, श्रान्त. Fatigued ; Tired. 'थक्कं सव्वसरीरं' सुर० ७,१८५; ४,१६५.

थग्गया. स्त्री० चंचु, चोंच. A bill ; A beak. दे० ५,२६.

थग्घ. पुं० थाह, तला, पानी के नीचे की भूमि, गहराई का अन्त. A bottom. दे० ५,२४.

थग्घा. स्त्री० देखो 'थग्घ' शब्द. Vide 'थग्घ'. पाश्र०

थट्ट. पुं० न० (१) ठठ, समूह, यूथ, जत्था. A crowd ; A multitude ; A throng. सुपा २८८ ; लहुश्र० ४; (२) ठाठ, सजधज, आडम्बर. Pomp. भवि०

थट्टि. स्त्री० पशु, जानवर. A beast ; A brute. दे० ५,२४.

थड. पुं० न० ठट्ट, यूथ, समूह. A crowd ; A multitude. भवि०

थत्तिअ. न० विश्राम. A resting place ; A place of repose. दे० ५,२६.

थरुभर. पुं० अयोध्या नगरी के समीप का एक ह्रद. The name given to a pit situated near the city of Ayodhya. ती० ११.

थमिअ. विस्मृत. Forgotten. दे० ५,२५.

थर. पुं० दही की तर, दही ऊपर की मलाई. Cream of curd. दे० ५,२४.

थलय. पुं० मंडप, तृणादि निर्मित गृह A bower ; An arbour. दे० ५,२५.

थलहिगा-या. स्त्री० मृतक-स्मारक, शव को गाड़ कर उस पर किया जाता एक प्रकार का चबूतरा. A memorial ; A monument. स० ७५६; ७५७.

थव. पुं० पशु, जानवर. A beast. दे० ५,२४.

थवइल्ल. त्रि० जाँघ फैलाकर बैठा हुआ. Sitting in a posture having thighs stretched ; Sat with stretched thighs. दे० ५,२६.

थवक्क. पुं० थोक, समूह, जत्था. A collection; A multitude. वज्जा० ६६.

थविअ. स्त्री० वीणा के अन्त में लगाया जाता छोटा काष्ठ विशेष. The little wooden key fixed at the end of a lute. दे० २,२५.

थस-थसल. त्रि० विस्तीर्ण. Vast ; Extensive : Expansive. दे० ५,२५.

थह. पुं० निलय, आश्रय, स्थान. A hermitage ; A place of shelter दे० ५.२५.

थागत्त. न० जहाज के भीतर घुसा हुआ पानी The inside-rushed water of the ship. सिरि० ४२५.

थाणय. न० (१) चौकी, पहरा. Watch ; Ward. स० ५३७, ५४६; (२) पुं० चौकीदार, चौकी करने वाला आदमी. A warder ; A watchman. स० ५३७.

थाणिज्ज. त्रि० गौरवित, सन्मानित. Dignified. दे० ४,५.

थाम. त्रि० (१) विस्तीर्ण. Extensive ; Vast. दे० ५,२५; (२) न० स्थान, जगह. A place : A locality. संथि० ४७; स० ४६; ७४३.

थार. पुं० घन, मेघ. A cloud. दे० ५,२७.

थाला. स्त्री० धारा. An edge. षड्०

थाह. पुं० (१) स्थान, जगह. A place. (२) त्रि० अस्ताघ, गंभीर जल वाला. Having deep water. (३) विस्तीर्ण. Vast ; Extensive. (४) दीर्घ, लम्बा. Long. दे० ५,३०.

थाहिअ. पुं० आलाप, स्वर विशेष. The seven notes in music. सुपा० ११.

थिंदिणी. स्त्री० छन्द-विशेष. A kind of verse. सम्मत्त० १४१.

थिन्न. त्रि० गर्वित, अभिमानी. Proud ; Haughty. पाअ०

थिरणाम. त्रि० चलचित्त, चंचल-मनस्क. Active-minded. दे० ५,२७.

थिरणेस. त्रि० अस्थिर, चंचल. Active ; Frisky. षड्०

थिरसीस. त्रि० अ० (१) निर्भीक, निडर. Undaunted ; Intrepid. (२) निर्भर. Full. (३) जिसने सिर पर कवच बांधा हो वह. A helmeted man. दे० ५,३१.

थीहु. पुं० स्त्री० कन्द विशेष. A kind of tuberous root. उत्त० ३६,११.

थु. अ० तिरस्कार सूचक अव्यय. An adverb denoting contempt. प्रति० ८१.

थुक्किअ. त्रि० उन्नत, ऊँचा. High ; Lofty. दे० ५,२८.

थुडंकिअय. न० रोष-युक्त वचन. A wrathful word. पाअ०

थुबुंकिअ. न० (१) अल्प कुपित मुँह का संकोच, थोड़ा गुस्सा होने से होता मुँह का संकोच. Contraction of the face due to a little anger. (२) मौन, चुपकी. Silence. दे० ५,३१.

थुबुहीर. न० चामर. A fly-driver. दे० ५,२८.

थुरण. त्रि० अभिमानी. Vain ; Self-conceited. दे० ५,२७.

थुरुगुल्लगय. न० शय्या, बिछौना. A bed दे० ५,२८.

थुलभ. पुं० पट-कुटी, तंबू, वस्त्र-गृह. A tent ; A pavilion. दे० ५,२८.

थुल्ल. त्रि० परिवर्तित, बदला हुआ. Changed ; Altered. दे० ५,२७.

थू. अ० निन्दा सूचक अव्यय. An Adverb showing censure दे० २,२००; कुमा०

थूण. पुं० अश्व, घोड़ा. A horse. दे० ५,२६.

थूथू. अ० घृणा सूचक अव्यय. An adverb denoting hatred चंड०

थूरी. स्त्री० तन्तुवाय का एक उपकरण. A weaver's implement. दे० ५,२८.

थूलघोण. पुं० सूकर, वराह. A boar ; A pig. दे० ५,२६.

थूह. पुं० (१) प्रासाद का शिखर. The palace top. दे० ५,३२; पाअ० (२) चातक पक्षी. A kind of bird which is supposed to live only on rain drops. (३) वल्मीक. An ant-hill. दे० ५,३२.

थेरिल्लिअ. त्रि० (१) हृत, छीना हुआ. Snatched or taken by force. (२) भीत, डरा हुआ. Feared ; Afraid. दे० ५,३२.

थेर. पुं० ब्रह्मा, विधाता. The God Brahma ; The Creator. दे० ५,२६; पाअ०

थेरासण. न० पद्म, कमल. A lotus flower. दे० ५,२६.

थेरोसण. न० अम्बुज, कमल, पद्म. A lotus flower. षड्०

थेव. पुं० बिन्दु. A drop. दे० ५,२६; पाअ० षड्०

थेवरिअ. न० जन्म समय में बजाया जाता वाद्य. A musical instrument played upon at the time of birth. दे० ५,२६.

थोअ. पुं० (१) रजक, धोबी. A washer-man. (२) मूलक, मूला, कन्द-विशेष. A radish दे० ५, ३२.

थोल. पुं० वस्त्र का एक देश. The end of a garment. दे० ५,३०.

थोह. न० बल, पराक्रम. Valour ; Prowess ; Strength. दे० ५,३०.

द

द. पुं० दन्त स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष. A dental consonant. प्राप० प्रामा०

दअच्छर. पुं० ग्राम का स्वामी, गांव का अधिपति. The leader of a village ; A chief. दे० ५,३६.

दअरी. स्त्री० सुरा, मदिरा, दारु. Wine ; Liquor. दे० ५,३४.

दइअ. त्रि० रक्षित. Protected ; Defended. दे० ५,३५.

दंडिआ. स्त्री० लेख पर लगाई जाती राज-मुद्रा. A state seal affixed on documents. बृह० १.

दंडिक्खिअ. त्रि० अपमानित. Insulted; Dishonoured उप० ६४८ टी.

दंडी. स्त्री० सूत्र-कनक. A necklace; A kind of ornament. (२) सांधा हुआ वस्त्र युग्म. Sewn two clothes. दे० ५,३३; (३) सांधा हुआ जीर्ण वस्त्र. A sewn old garment नाया० १,१६; पण्ह० १,३.

दंत. पुं० पर्वत का एक देश. The particular portion of a mountain. दे० ५,३३.

दंतवण्ण. पुं० दतवन. A tooth-brush; A tooth-stick. वव० ३,६.

दंताल. पुं० स्त्री० शस्त्र विशेष, घास काटने का हथियार. A scythe; A sickle. सुपा० ५२६.

दंतिअ. पुं० शशक, खरगोश, खरहा. A hare; A rabbit. दे० ५,३४.

दंतिक्क. न० चावल का आटा. A rice flour. बृह० १.

दंतिक्कग. न० मांस. Flesh; Meat. धर्मसं० ९९१.

दक्खवज्ज. पुं० गीध, पक्षि-विशेष. A vulture; A large bird of prey. दे० ५,३४.

दच्छ. त्रि० तीक्ष्ण, तेज. Sharp; Acute. दे० ५,३३.

दडवड. पुं० (१) धाटी, अवस्कन्द. A sudden attack. दे० ५,३५; हे० ४,४२२; भवि० (२) शीघ्र, जल्दी. Rapidity; Velocity; Haste. चंड०

दडि. स्त्री० वाद्य विशेष. A kind of musical instrument. भवि०

दड्डालि. स्त्री० दव-मार्ग. A way to the jungle षड्०

दढगालि. स्त्री० वस्त्र-विशेष, धोया हुआ सदश वस्त्र. A kind of garment. प्रश्न० ८४; वसनि० १,५६ टी०.

दत्थर. पुं० हस्त-शाटक, कर-शाटक A handkerchief. दे० ५,३४.

दप्प. पुं० (१) बल, पराक्रम, जोर. Valour; Prowess; Strength. से० ४,३. (२) अरुचि से काम का आसेवन. To copulate undesiredly. निसी० चू० १.

दय. न० शोक, अफसोस, दिलगीरी. Sorrow; Grief. दे० ५,३३.

दयाइअ. त्रि० रक्षित. Protected; Defended. दे० ५,३५.

दयावण्ण-दयावन्न. त्रि० दीन, गरीब, रंक. Poor: Needy. दे० ५,३५.

दरंदर. पुं० उल्लास. Delight; Pleasure; Joy. दे० ५,३७.

दरमत्ता. स्त्री० बलात्कार, जबरदस्ती. Force; Violence. दे० ५,३७.

दरवलिअ. त्रि० उपभुक्त. Enjoyed. कुमा०

दरवल्ल. पुं० ग्राम-स्वामी, गाँव का मुखिया. The leader of a village; A chief. दे० ५,३६.-**णिहेल्लण.** न० शून्य घर, खाली घर. An empty house. दे० ५,३७.

दरवल्ल-वल्लह. पुं० (१) दयित, प्रिय. A lover. दे० ५,३७; (२) कातर, डरपोक. A coward: A poltroon. षड्०

दरवल्ल-विंदर, त्रि० (१) दीर्घ, लम्बा. Long. (२) विरल. Scarce; Rare. दे० ५,५२.

दरुम्मिल्ल. त्रि० घन, निबिड. Thick; Dense. दे० ५,३७.

दलिअ. त्रि० (१) निकूणिताक्ष, जिससे टेढ़ी नजर की हो वह. One with a side-long look; A squint-eyed man. (२) उंगली. A finger. दे० ५,५२; (३) काष्ठ, लकड़ी. Wood; Fuel. दे० ५,५२; पाअ०

दवर. पुं० तन्तु, डोरा, धागा. A thread; A fibre. दे० ५,३५; आवम०

दवहुत्त. न० ग्रीष्म-मुख, ग्रीष्म काल का प्रारम्भ. The beginning of the summer. दे० ५,३६.

दसतीण. न० धान्य-विशेष. A kind of corn. पव० १.

दसु. पुं० शोक, दिलगीरी. Sorrow ; Grief. दे० ५,३४.

दसेर. पुं० सूत्र-कनक. A neck-lace ; A kind of ornament. दे० ५,३३.

दहवोल्ली. स्त्री० स्थाली. थलिया. A round vessel ; A platter. दे० ५,३६.

दहिउप्फ. न० नवनीत, मक्खन. Butter. दे० ५,३५.

दहिट्ठ. पुं० वृक्ष विशेष, कपित्थ. A wood-apple tree. दे० ५,३५.

दहित्थर-दहित्थार. पुं० दधिसर, खाद्य-विशेष. A kind of cake. दे० ५,३६.

दहिमुह. पुं० कपि, वानर. A monkey. दे० ५,४४.

दहिय. पुं० पक्षि-विशेष. A kind of bird. कुम० ४२७.

दाश्र. पुं० प्रतिभू, जामीनदार. One who stands as security ; A bail. दे० ५,३८.

दाणि. स्त्री० शुल्क, चुंगी. A task ; A duty सुपा० ३६०; ५४८.

दादलिश्रा. स्त्री० अंगुली, उंगली. A finger. दे० ५,३८.

दामणी. स्त्री० (१) प्रसव, प्रसूति. Delivery ; A bringing forth. (२) नयन, आँख. An eye. दे० ५,५२.

दार. पुं० कटी-सूत्र, काँची. A waist-band. दे० ५,३८.

दारद्धंता. स्त्री० पेटी, संदूक. A box ; दे० ५,३८.

दारिश्रा. स्त्री० वेश्या, वारांगना. A prostitute ; A harlot. दे० ५,३८.

दालि. स्त्री० रजि, रेखा. A line. ओघ० ३२३.

दालिश्र. न० नेत्र, आंख. An eye. दे० ५,३८.

दिश्र. पुं० न० दिवस, दिन. A day. दे० ५,३६.

दिश्रज्झ. पुं० सुवर्णकार, सोनार. A goldsmith दे० ५,३६.

दिश्रधुत्त. पुं० काक, कौआ. A crow. दे० ५,४१.

दिश्रलिश्र. त्रि० मूर्ख, अज्ञानी. Foolish ; Ignorant. दे० ५,३६.

दिश्रली. स्त्री० स्थूणा, खंभा, खूंटी. A peg. पाश्र०

दिश्रहुत्त. न० पूर्वार्द्ध का भोजन, दुपहर का भोजन. A dinner. दे० ५,४०.

दिश्राहम. पुं० भास पक्षी. A kind of bird. दे० ५,३६

दिट्ठिश्रा. अ० (१) मंगल. An adverb denoting welfare. (२) हर्ष, आनन्द. Pleasure ; Joy. (३) भाग्य से. By fate. हे० २,१०४; स्वप्न० १६; अभि० ६५; कुम० ६५.

दिट्ठेल्लय. त्रि० देखा हुआ, निरीक्षित. Seen. आवम०

दिप्पंत. पुं० अनर्थ. Calamity. दे० ५,३६.

दिलंदिलिश्र. पुं० बालक, शिशु, लड़का. A baby. गा० ७४१.

दिल्लिंदिलिश्र. पुं० बालक, शिशु, लड़का. A baby ; An infant. दे० ५,४०.

दिश्रसिश्र. न० (१) सदा भोजन. To eat daily. दे० ५,४०; (२) अनुदिन, प्रतिदिन. Always ; Daily. दे० ५,४०; पाश्र०

दीवड. पुं० जल-जन्तु-विशेष. An aquatic insect ; An insect of water. सुर० १०,१८८.

दीविश्रा. स्त्री० (१) उपदेहिका, क्षुद्र कीट-विशेष. An insect (२) व्याध की हरिणी, जो दूसरे हरिणों के आकर्षण करने के लिए रखी जाती है. A female deer of the hunter which is kept for attracting other deer.

दे० ५,५३; (३) व्याध-सम्बन्धी पिंजड़े में रखा हुआ तितिर पक्षी. A partridge kept in a cage for hunting. नाया० १,१७.

दीहजीह. पुं० शंख. The conch shell. दे० ५,४१.

दुअक्खर. पुं० षण्ढ, नपुंसक. An impotent person. दे० ५,४७.

दुंदुमिअ. न० गले की आवाज. The sound of the throat; A laryngeal sound. दे० ५,४५; षड्०

दुंदुमिणी. स्त्री० रूप वाली स्त्री. A beautiful woman. दे० ५,४५.

दुंबवती. स्त्री० सरित्, नदी. A river दे० ५,४८.

दुकर. न० माघ मास में रात्रि के चारों प्रहर में किया जाता स्नान. A bath taken in all the four Prahars (a period of three hours) during the night of the month of Magha. दे० ५,४०.

दुकह. त्रि० अरुचि वाला, अरोचकी. Distasteful. सुर० १,३६; जय० २७.

दुक्कणिआ. स्त्री० पीकदान, पीकदानी. A saliva dish. दे० ५,४८.

दुक्कुह. त्रि० (१) असहन, असहिष्णु. Intolerable; Unable to bear. (२) रुचि-रहित. Want of appetite; Distasteful. दे० ५,४४.

दुक्ख. न० जघन, स्त्री के कमर के पीछे का भाग. The thighs, the hind part of the loins of a woman; The hip; The loins; The buttocks. दे० ५,४२.

दुग्ग. न० (१) दुःख, कष्ट. Pain; Affliction. दे० ५,५३; षड्० पयह० १,३; (२) कटी, कमर. The waist; The loins. दे० ५,५३; (३) रण, संग्राम, युद्ध. A war; A battle स० ६३६.

दुग्घुट्ट-दुग्घोट्ट. पुं० हस्ती, हाथी, करी. An elephant. दे० ५,४४; षड्० भवि०

दुच्चंडिअ. त्रि० (१) दुर्ललित. Spoilt by fondling; Fondled too much (२) दुर्विदग्ध, दुःशिक्षित. Badly taught; Uuskilled. दे० ५,५५; पाअ०

दुच्चंबाल. त्रि० (१) कलह-निरत, झगड़ाखोर. Quarrelsome. (२) दुश्चरित, दुष्ट आचरण वाला. One having bad conduct. (३) परुष-भाषी. A harsh speaker. दे० ५,५४.

दुज्जाय. न० व्यसन, कष्ट, दुःख, उपद्रव. Trouble; Pain; Affliction. दे० ५,४४; से० १२,६३, पाअ०

दुट्ठ. त्रि० द्वेष-युक्त. Envious. 'अरत्तदुट्ठस्स' कुप्र० ३७१; ओघ० ७५०; कस०

दुण्णिअत्थ. न० (१) जघन पर स्थित वस्त्र. A garment on the buttocks. (२) जघन, स्त्री के कमर के नीचे का भाग. The part of a woman's body which lies below her loins; The hip and the loins; The buttocks. दे० ५,५३.

दुण्णिक्क. त्रि० दुश्चरित, दुराचारी. Vicious; Licentious. दे० ५,४५.

दुण्णिक्खित्त. त्रि० (१) दुराचारी. Vicious; Licentious. (२) कष्ट से जो देखा जा सके. One which can be seen easily. दे० ५,४५.

दुत्ति. अ० शीघ्र, जल्दी. Swiftly; Rapidly; Soon. दे० ५,४१; पाअ०

दुत्थ. न० जघन, स्त्री की कमर के नीचे का भाग. The lower part of a woman's body below the loins; The hip and the loins; The buttocks. दे० ५,४२.

दुत्थुरुहुंड. पुं० स्त्री० झगड़ाखोर, कलह-शील. Quarrelsome. दे० ५,४७.

दुत्थोअ. पुं० दुर्भग, अभागा. An unfortu-

nate man. दे० ४,४३.

दुद्दोलना. स्त्री० गौ, गैया. A cow. षड्०

दुद्दोली. स्त्री० वृक्ष-पंक्ति. A line of trees. दे० ४,४३; पाश्र०

दुद्धगंधिश्रमुही. स्त्री० छोटी लड़की. A female infant. पाश्र०

दुद्धगधिश्रमुह. पुं० बाल, शिशु, छोटा लड़का. A male infant. दे० ४,४०.

दुद्धिश्र. न० कद्दू, लौका. A white pumpkin. पाश्र०

दुद्धिणिश्रा-दुद्धिणी. स्त्री० (१) तेल आदि रखने का भाजन. An oil pot (२) तुम्बी. A gourd; A kind of fruit. दे० ४,२४.

दुद्धोलणी. स्त्री० गो-विशेष, जिसको एक बार दोहने पर फिर भी दोहन किया जा सके ऐसी गाय. A cow which can be milked more than once. दे० ५,४६.

दुन्नियत्थ. त्रि० विट का भेष वाला, निन्दनीय वेष को धारण करने वाला, केवल जघन पर ही वस्त्र पहिना हुआ. One who puts on a bad dress; One whose only private part is covered and the rest is bare. 'दुन्नियत्थमइवसणं' उव०

दुप्परिश्रल्ल. त्रि० (१) अशक्य. Impossible. दे० ५,५४; पाश्र० से० ४,२६; ६,१८; गा० १२२; (२) द्विगुण, दुगुना. Double. (३) अनभ्यस्त, अभ्यास रहित. Practiceless. दे० ४,५४.

दुप्परिल्ल. त्रि० दुराकर्ष. Pulled with difficulty. 'दुप्परिल्लंपि वोढुं' गा० १२२.

दुब्बोल्ल. पुं० उपालम्भ, उलहना. A reproach; A rebuke. दे० ५,४२.

दुमंताय. पुं० केश-बन्ध, धम्मिल्ल. A knot of hair. The braided and ornamented hair of a woman. दे० ४,४७.

दुमणी. स्त्री० सुधा, मकान आदि पोतने का श्वेत द्रव्य विशेष. A white substance to white-wash houses etc. दे० ५,४४.

दुम्मइणी स्त्री० झगड़ाखोर स्त्री. A quarrelsome woman. दे० ५,४७; षड्०

दुम्मुह. पुं० मर्कट, वानर, बन्दर. A monkey. दे० ५,४४.

दुरंदुर. त्रि० दुःखसे उत्तीर्ण. Released from difficulty; Relieved from pain. दे० ५,४६.

दुरालोश्र. पुं० तिमिर, अन्धकार. Darkness. दे० ४,४६.

दुरिश्र. न० द्रुत, शीघ्र, जल्दी. Rapidity; Swiftness; Haste. षड्०

दुलि. पुं० स्त्री० कच्छप, कछुआ. A tortoise. दे० ५,४२; उप० पृ० १३५.

दुल्ल. न० वस्त्र, कपड़ा. A cloth; A garment दे० ५,४१.

दुल्लग्ग. त्रि० अघटमान, अयुक्त. Unfit; Improper. दे० ५,४३.

दुल्लसिश्रा. स्त्री० दासी, नौकरानी. A maid-servant दे० ४,४६.

दुव्वाली. स्त्री० वृक्ष-पंक्ति. A line of trees. पाश्र०

दुसुरुल्लय. न० गले का आभूषण-विशेष. An ornament of the neck; A necklace. स० ७६.

दुहश्र. त्रि० चूर्णित, चूर चूर किया हुआ. Cut into pieces. दे० ४, ४५.

दूण. पुं० हस्ती, हाथी. An elephant. दे० ५,४४; षड्०

दूणावेढ. त्रि० (१) अशक्य. Impossible. (२) पुं० तड़ाग, तालाब. A pond. दे० ५,४६.

दूयाकार. न० कला विशेष. A kind of art. स० ६०३.

दूसल. त्रि० दुर्भग, अभागा. Unfortunate; Unlucky. दे० ४,४१; षड्०

दूहट्ट. त्रि० लज्जा से उद्विग्न. Embarrassed with shame. दे० ४,४८.

दूहल. त्रि० दुर्भग, मन्द-भाग्य. Unfortunate; Unlucky. दे० ४,४३.

दे. अ० (१) संमुख-करण. An adverb denoting--To bring forward. (२) सखी को आमन्त्रण. An invitation to a female friend. हे० २,१९२.

देवउप्फ. न० पक्व फूल, पका हुआ फूल. A ripened flower. दे० ४,४६.

देहणी. स्त्री० पंक, कर्दम, कादा. Mud; Mire. दे० ४,४८.

दोआल. पुं० वृषभ, बैल. An ox; A bullock. दे० ४,४१.

दोंबुर. पुं० स्वर्ग-गायक. A songster of heaven; A celestial chorister. षड्०

दोग्ग. न० युग्म, युगल. A couple; A pair. दे० ५,४१; षड्०

दोग्घट्ट-दोग्घोट्ट-दोघट्ट. पुं० हाथी, हस्ती. An elephant. पि० ४३६; षड्० पाअ० महा० लहुअ० ४; स० १६१.

दोणअ. पुं० (१) आयुक्त, गांव का मुखिया. The leader of a village; A chief. (२) हालिक, हलवाल, हल जोतने वाला. A husbandman; An agriculturist; A ploughman. दे० ५,४१.

दोणका, स्त्री० सरघा, मधुमक्खी. A bee. दे० ५,५१.

दोहिअ. पुं० चर्म-कूप, चमड़े का बना हुआ भाजन विशेष. A vessel made of leather or skin; A leathern vessel. दे० ५,४६.

दोंबुर. पुं० स्वर्ग-गायक. A celestial chorister. षड्०

दोर. पुं० (१) छोटी रस्सी. A small string. ओघ० २३२; १४ भा० (२) कटी-सूत्र. A waist-band. दे०४,३८.

दोरी. स्त्री० छोटी रस्सी. A small string. आ० १६.

दोवेली. स्त्री० सायंकाल का भोजन. A supper. दे० ४,५०.

दोस. पुं० अर्ध, आधा. A half. दे० ४,५६.

दोसणिज्जंत. पुं० चन्द्र, चन्द्रमा. The moon दे० ४,४१.

दोसाकरण. न० कोप, क्रोध. Anger; Wrath. दे० ५,५१.

दोसाणिअ. त्रि० निर्मल किया हुआ. Purified; Cleansed. दे० ५,५१.

दोसिणा. स्त्री० ज्योत्स्ना, चन्द्र-प्रकाश. The moonlight. ठा० २,४.

दोसिणाभा. स्त्री० चन्द्र की पटराणी. A queen of the moon. ठा० ४,१; इक; नाया० २.

दोसिणी. स्त्री० ज्योत्स्ना, चन्द्र-प्रकाश. The moon-light दे० ५.५०; कुप्र० ४३८.

दोसिल्ल. त्रि० द्वेष-युक्त, दोषी. Envious; Jealous विश० ११९०.

दोहणहारी. स्त्री० (१) दोहने वाली स्त्री. A female who milks a cow: A milkmaid. दे० १,१०८; ४५,६; (२) पनिहारी, पानी भरने वाली स्त्री. A woman who fetches water. A water-woman. दे० ५,४६.

दोहणी. स्त्री० पंक, कादा, कर्दम. Mud; Mire. दे० ४,४८.

दोहासल. न० कटी-तट, कमर. The waist. दे० ५,४०.

दोहूअ. पुं० शव, मृतक, मुरदा. A corpse; A dead body. दे० ५,४१.

ध

धंग. पुं० भमर, भमरा. A wasp. दे० ५,५७.

धंत. न० अति, अतिशय, अत्यन्त. Extremely; Too much. पच० २६; विशे० ३०१६;बृह०१.

धंधा. स्त्री० लजा, शरम. Shame. दे० ५,५७.

धंसाडिअ. त्रि० व्यपगत, नष्ट. Ruined. दे० ५,५९.

धगगीकय. त्रि० जलाया हुआ, अत्यन्त प्रदीपित. Kindled ; Inflamed. 'अग्गी धगगीकओ' आ० १४.

धड. न० धड, गले से नीचे का शरीर. A headless trunk. सुपा० २४१.

धणिआ. स्त्री० (१) प्रिया, भार्या, पत्नी. A wife ; A beloved. दे० ५,५८; गा० ५८२; भवि० (२) धन्या, स्तुति-पात्र-स्त्री. A praise-worthy woman. षड्०

धणी. स्त्री० (१) भार्या, पत्नी. A wife. (२) पर्याप्ति. Fullness. (३) जो बंधा हुआ होने पर भी भय-रहित हो वह. Fearless though under bondage. दे० ५,६२; कुप्र० १८५.

धणाउस. त्रि० (१) जिसको आशीर्वाद दिया जाता हो वह. One who is blessed. (२) पुं० आशीर्वाद. A blessing ; A benediction. दे० ५,५८.

धत्त. त्रि० (१) निहित, स्थापित. Established. आवम० (२) पुं० वनस्पति-विशेष. A kind of vegetable. जीव० १.

धम्ममण. पुं० वृक्ष-विशेष. A kind of tree. उप० १०३१ टी; पउम० ४२,६.

धम्मय. पुं० (१) चार अंगुल का हस्त-व्रण. A four-inch wound in the hand. (२) चण्डी देवी का नर-बलि. The oblation of a human-being to Goddess Chandi. दे० ५,६३.

धय. पुं० नर, पुरुष. A man ; A male. दे० ५,५७.

धयण. न० गृह, घर. A house. दे० ५,५७.

धर. न० रूई. Cotton. दे० ५,५७.

धरग. पुं० कपास. Raw-cotton. दे० ५,५८.

धवक्किय. त्रि० धड़का हुआ, भय से व्याकुल बना हुआ. Throbbed ; Confused with fear. सण०

धवल. पुं० स्व-जाति में उत्तम. The best among one's own caste. दे० ५,५०.

धवलसउण. पुं० हंस. A swan ; A goose. दे० ५,५६; पाअ०

धव्व. पुं० वेग. Speed. दे० ५,५७.

धसक. पुं० हृदय की घबराहट की आवाज. The beat of a palpitating heart. आ० १४; कुप्र० ४३५.

धसक्किअ. त्रि० घबड़ाया हुआ. Very much confused. आ० १४.

धसल. त्रि० विस्तीर्ण. Spread. दे० ५,५८.

धाडय. त्रि० डाका डालने वाला. A plunderer ; A robber. सिरि० ११४६.

धाडि. त्रि० निरस्त, निराकृत. Abandoned ; Given up. दे० ५,५९.

धाडिअ. पुं० आराम, बगीचा. A garden. दे० ५,५६.

धाणूरिअ. न० फल-भेद. A kind of fruit दे० ५,६०.

धार. त्रि० लघु, छोटा. Small ; Diminutive. दे० ५,५६.

धारा. स्त्री० रण-मुख, रण-भूमि का अग्र भाग. The front part of the battlefield. दे० ५,५६; (२) वर्षा, वृष्टि. Rain, (३) एक

राज पत्नी. A queen. आवम ०

धारावास. पुं० (१) मेक, मेंढ़क. A frog दे० ५,६३; बहु० (२) मेघ. A cloud. दे० ५,६३.

धाहिय. त्रि० पलायित, भागा हुआ. A runaway; A fugitive. धम्म० ११ टी.

धिउल्लिया. स्त्री० पुतली. A doll स० ७३७.

धुअगाय. पुं० भ्रमर, भमरा. A wasp. दे० ५,५७; पाअ०

धुअराय. पुं० भ्रमरा, भमर. A wasp. बहु०

धुंधुमारा. स्त्री० इन्द्राणी, शची. The queen of God Indra. दे० ५,६०.

धुक्कुद्धुअ-धुक्कुद्धुगिअ. त्रि० उल्लसित, उल्लास-युक्त. Delighted. दे० ५,६०.

धुक्कोडिअ. न० संशय, संदेह. A doubt; A suspicion. वज्जा० ६०.

धुत्त. त्रि० (१) विस्तीर्ण. Spread दे० ५,५८; (२) आक्रान्त. Overpowered; Overcome. बहु०

धुहअ. त्रि० पुरस्कृत, आगे किया हुआ. Brought forward बहु०

धूण. पुं० गज, हाथी. An elephant. दे० ५,६०.

धूमंग. पुं० भ्रमर, भमरा. A wasp दे० ५, ५७.

धूमद्दार. न० गवाक्ष, वातायन. A window दे० ५,६१.

धूमद्धय. पुं० (१) तड़ाग, तलाव. A pond. (२) महिष, भैंसा. A he-buffalo. दे० ५, ६३.

धूमद्धयमहिसी. स्त्री० ब० कृत्तिका नक्षत्र. The Kritika constellation. दे० ५,६२.

धूमपलियाम. त्रि० गर्त में डाल कर आग लगाने पर भी जो कच्चा रह जाय वह A thing that remains uncooked on being exposed to fire in a pit. निसी० चू० १५.

धूममहिसी. स्त्री० नीहार, कुहरा, कुहासा. Dew; Frost. दे० ५,६१; पाअ०

धूमरी. स्त्री० नीहार, कुहासा. Dew; Frost. दे० ५,६१; (२) तुहिन, हिम. Snow; Ice. बहु०

धूमसिहा-धूमा. स्त्री० नीहार, कुहासा. Dew; Frost. दे० ५,६१; ठा० १०.

धूरिअ. त्रि० दीर्घ, लम्बा. Long. दे० ५,६१.

धूरिअवट्ट. पुं० अश्व, घोड़ा. A horse. दे० ५,६१.

धूलिहड़ी. स्त्री० पर्व विशेष, होली. The Holi festival. कुलक० ५.

धूलीवट्ट. पुं० अश्व, घोड़ा. A horse. दे० ५,६१.

प

पइअ. त्रि० (१) भर्त्सित, तिरस्कृत. Censured; Scorned; Looked down on (२) न० पहिया, रथ चक्र. The wheel of a chariot. दे० ६,६४.

पइइ. त्रि० (१) जिसने रस को जाना हो वह. One who knows the tastes of. (२) विरल. Rare; Scarce. (३) पुं० मार्ग, रास्ता. A road; A way. दे० ६,६६; (४) प्रेषित, भेजा हुआ. Sent; Despatched. 'अभयपइइं' संबोध० ३.

पइट्ठाण. न० नगर, शहर. A city; A town. दे० ६,२६.

पइइंत. पुं० जयन्त, इन्द्र का एक पुत्र. Jayanta; The son of God Indra दे० ६,१६.

पउम. पुं० दिवस, दिन. A day. दे० ६,५.

पउह. न० (१) घर. A house. (२) पुं० घर का पिछला प्रदेश. The hind portion of a house. दे० ६,४.

पउण. पुं० (१) व्रण-प्ररोह. Germination of a wound. (२) नियम-विशेष. A kind of rule. दे० ६,६५.

पउत्थ. न० गृह, घर. A house. दे० ६,६६.

पउमाड. पुं० वृक्ष-विशेष, पमाड़ का पेड़, चकवड़. A kind of tree दे० ५,५.

पउमार. पुं० देखो 'पउमाड' शब्द. Vide. 'पउमाड' दे० ५,५ टी.

पऊढ. न० गृह, घर. A house. दे० ६,४.

पएर. पुं० (१) वृति-विवर, बाड़ का छिद्र. An opening in a hedge (२) मार्ग, रास्ता. A way; A road. (३) कंठदीनार नामक भूषण विशेष. A kind of ornament. (४) गले का छिद्र. The gullet; The windpipe (५) दीन नाद, आर्त-स्वर. Piteous lamentation. (६) त्रि० दुःशील, दुराचारी. Licentious; Vicious. दे० ६,६७.

पएस. पुं० प्रातिवेश्मिक, पड़ौसी. A neighbour. दे० ६,३.

पएसिणी. स्त्री० पड़ौस में रहने वाली स्त्री. A neighbouring woman. दे० ६,३ टी.

पंखुडिआ-पंखुडी. स्त्री० पंख, पत्र. A wing. कुप्र० २६; दे० ६,८.

पंचंगुलि. पुं० एरण्ड वृक्ष, रेंडी का गाछ. The castor-oil seed-plant; A tropical plant *Ricinus Communis*. दे० ६,१७.

पंचावण्ण-न्न. स्त्री० न० (१) संख्या-विशेष, पचपन, ५५. Fifty-five (२) जिनकी संख्या पचपन होवे. One whose number is fifty-five. दे० २,१७४; दे० २,२७.

पंचेडिय. त्रि० विनाशित. Destroyed. भवि०

पंजरिअ. पुं० जहाज का कर्मचारि-विशेष. An officer of a ship. सिरि० ४२७.

पंजिअ. न० यथेच्छ दान, मुँह-माँगा दान. To give what is asked for; An asked for gift 'भमंतो पंजिअदाणं' सिरि० ११८.

पंडरंग. पुं० रुद्र, महादेव, शिव. Mahadeva; The God Shiva. दे० ६,२१.

पंडरंगु. पुं० ग्रामेश, गाँव का अधिपति. The leader of a village; The chief. षड्०

पंडव. पुं० अश्व-रक्षक. A groom 'सामिय-पंडववयणेहिं' सम्मत्त० २१६.

पंडिविअ. त्रि० जलार्द्र, पानी से भीजा हुआ. Wet with water. दे० ६,२०.

पंति. स्त्री० वेणी, केश रचना. A braid of hair. दे० ६,२.

पंथुच्छुहणी. स्त्री० श्वसुर गृह से पहली बार आनीत स्त्री. A woman brought from her father-in-law's house the first time. दे० ६,३५.

पंपुअ. त्रि० दीर्घ, लम्बा. Long. दे० ६,१२.

पंफुल्लिअ. त्रि० गवेषित, जिसकी खोज की गई हो वह. Researched; Inquired; One who has been searched. दे० ६,१७.

पंसुल. पुं० (१) कोकिल, कोयल. A cuckoo. (२) जार, उपपति. A paramour. दे०६,६६; (३) त्रि० रुद्ध, रोका हुआ. Detained; Stopped. षड्०

पक्क. त्रि० (१) दृप्त, गर्वित. Proud; Arrogant. (२) समर्थ, पक्का, पहुँचा. हुआ. Able; Powerful; Mature. दे० ६,६४; पाअ०

पक्कग्गाह. पुं० (१) मकर, मगरमच्छ. An alligator. दे० ६,२३; (२) पानी में बसने वाला, सिंहाकार जल-जन्तु. An aquatic animal having the form of a lion. से० ५,४७.

पक्कण. त्रि० (१) असहन, असहिष्णु. Intolerable; Unable to bear. (२) समर्थ, शक्त.

Able ; Powerful. दे० ६,६६; (३) पुं०. चाण्डाल. A butcher. सं० ६३; (४) एक नीच जाति का घर; शबर गृह. The house of a lower caste. पंरा० ४२.

पक्कणउल. न० (१) चाण्डाल का घर. The house of a butcher. बृह० ३; (२) एक गर्हित कुल. A censured family. आव० ३.

पक्कणि. त्रि० (१) अतिशय शोभमान, खूब शोभता हुआ. Very good looking (२) भग्न, भांगा हुआ. Broken. (३) प्रियंवद, प्रिय-भाषी. Sweet-speaking. दे० ६,६५.

पक्कल. त्रि० (१) समर्थ, शक्त. Able. सुर० ११, १०४; हे० २, १७४; पाअ० वजा० ३४; (२) दर्प-युक्त, गर्वित. Proud ; Arrogant. सुर० ११,१०४; गा० ११८; (३) प्रौढ़. Full grown. गा० ८१२; पि० ४३१.

पक्कसावअ. पुं० (१) शरभ. A fabulous animal said to be stronger than a lion. (२) व्याघ्र. A tiger. दे० ६,७५.

पक्खडिअ. त्रि० प्रस्फुरित, विजृम्भित, समुत्पन्न. Quivering ; Trembling ; Tremulous दे० ६, २०.

पक्खर. न० (१) पाखर, अश्व-संनाह, घोड़े का कवच. An armour of a horse. कुम० ४४६; पिंग० (२) पुं० जहाज की रक्षा का एक उपकरण. An implement to protect a vessel. सिरि० ३८७.

पक्खरा. स्त्री० पाखर, अश्व संनाह. An armour of a horse. दे० ६,१०; विवा० १,२.

पगय. न० पग, पाँव, पर. A leg. महा०

पग्गल. त्रि० पागल, उन्मत्त. Mad ; Intoxicated प्राकृ० १०६.

पग्गेज्ज. पुं० निकर, समूह. A collection ; A multitude. दे० ६,१५.

पच्चचड्डिया. स्त्री० मल्लों का एक प्रकार का करण. A kind of action or sleight of wrestlers. विशे० ३३५७.

पच्चत्तर. न० चाटु, खुशामद. Flattery ; False praise. दे० ६,२१.

पच्चवलोक. त्रि० आसक्त चित्त वाला, तल्लीन मनस्क. Having the mind fixed on some object. दे० ६,३४.

पच्चल. त्रि० (१) पक्का, समर्थ, पहुँचा हुआ. Able ; Acute. दे० ६.६६; सुपा० ३४; सुर० १,१४; कुम० ६६; पाअ० (२) असहन, असहिष्णु; Intolerable : Unable to bear. दे० ६,६६.

पच्चवर. न० मुसल. A wooden pestle. दे० ६,१५.

पच्चालिय. त्रि० आर्द्र किया हुआ, गीला किया हुआ. Wetted ; Moistened. स० ३०८.

पच्चुच्छुहणी. स्त्री० नूतन सुरा, ताजा दारू. Fresh liquor. दे० २,३५.

पच्चुत्थ. त्रि० प्रत्युप्त, फिर से बोया हुआ. Sowed again. दे० ६,१३.

पच्चुद्धरिअ. त्रि० संमुखागत, सामने आया हुआ. Come in front. दे० ६,२४.

पच्चुद्धार. पुं० संमुख आगमन. To come in front. दे० ६,२४.

पच्चुहिअ. त्रि० प्रस्नुत, प्रक्षरित. Milked. दे० ६,२५.

पच्चूढ. न० भोजन करने का पात्र. A dining dish. दे० ६,१२.

पच्चूह. पुं० सूर्य, रवि. The sun. दे० ६,५; गा० ६०४; पाअ०

पच्चेड. न० मुसल. A wooden pestle. दे० ६,१५.

पच्चोणी. स्त्री० संमुख आगमन. To come in front. स० २१५, ३०२; सुपा० ११, २२४; २७६.

पच्चोयड. (१) न० तट के समीप का ऊंचा प्रदेश. The raised place near a bank. जीव० १; (२) आच्छादित. Covered. राय०

पच्चोवणिअ. त्रि० संमुख आया हुआ. Come in front. दे० ६,२४.

पच्चोवणी. स्त्री० संमुख आगमन. To come in front. दे० ६,२४.

पच्छंदि. त्रि० गमन करने वाला. A goer. कुमा०

पच्छाहुत्त. त्रि० पीछे की तरफ का. Of the back. सुपा० २८१.

पच्छि. स्त्री० पिटिका, पिटारी. A large box; A basket. दे० ६,१.

पच्छेणय. न० पोथय, रास्ते में निर्वाह करने की भोजन सामग्री. Provisions for a journey; Viaticum. दे० ६,२४.

पजणण. न० पान, पीना. To drink. दे० ६,११.

पजतर. त्रि० दलित, विदारित. Destroyed; Ruined. षड्०

पज्जा. स्त्री० निःश्रेणि, सीढ़ी. A stair-case; A ladder. दे० ६,१.

पज्जुणसर. न० ऊख के तुल्य एक प्रकार का तृण. A kind of grass assimilating a sugar-cane. दे० ६,३२.

पज्भुत्त. त्रि० खचित, जड़ित, जड़ा हुआ. Set; Fixed. पाअ०

पट्टइल-ल्ल. पुं० पटेल, गाँव का मुखिया. The leader of a village; A chief. सुपा० २७३; ३६१.

पट्टाढा. स्त्री० पट्टा, घोड़े की पेटी, कसन. A horse-girth; A strap for a saddle. महा० सुख० १८,३७.

पट्टुया. स्त्री० पाद-प्रहार, लात. A kick. सुपा० २३७.

पट्टुहिअ. न० कलुषित जल. Dirty water. पाअ०

पट्टिअ. त्रि० अलंकृत, विभूषित. Decorated; Adorned. षड्०

पट्टिसंग. न० ककुद, बैल के कंधे का कुब्बड़. A humpback. दे० ६,२३.

पडंचा. स्त्री० ज्या, धनुष की डोर. The string of a bow. दे० ६,१४.

पडच्चर. पुं० साला जैसा विदूषक आदि. A clown like a brother-in-law. दे० ६,२५.

पडल. न० नीव्र, नरिया, मिट्टी का बना हुआ एक प्रकार का खपड़ा जिससे मकान छाये जाते हैं. An earthen tile used for roofing. दे० ६,५; पाअ०

पडवा. स्त्री० पट-कुटी, पट-मण्डप, वस्त्र-गृह. A tent; A pavilion. दे० ६,६.

पडहत्थ. त्रि० पूर्ण, भरा हुआ. Filled; Full. स० १८०.

पडाली. स्त्री० (१) पङ्क्ति, श्रेणी. A line; A row. दे० ६,६; (२) घर के ऊपर की चटाई आदि की कच्ची छत. A roof made of mats etc; The thatched roof of a house. वव० ७.

पडिअ. त्रि० विघटित, वियुक्त. Separated; Parted. दे० ६,१२.

पडिअंतअ. पुं० कर्मकर, नौकर. A servant. दे० ६,३२.

पडिअग्गिअ. त्रि० (१) परिभुक्त, जिसका परिभोग किया गया हो वह. One enjoyed; One worshipped or satisfied. (२) जिसको बधाई दी गई हो वह. One who is congratulated. (३) पालित, रक्षित. Protected. दे० ६,७४.

पडिअज्झअ. पुं० उपाध्याय, विद्या-दाता गुरु. A preceptor. दे० ६,३१.

पडिअट्टलिअ. त्रि० घृष्ट, घिसा हुआ. Rubbed; Worn out. से० ६,३१.

पडिअर. पुं० परिकर, परिवार. Retinue; Family. कुम० ४७.

